एक नजर में



### नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस मनाया

**सागर.** 79वें होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस का आयोजन होमगार्ड लाइन में किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ विवेक के.वी., विशिष्ट अतिथि एडिशनल एसपी लोकेश सिन्हा उपस्थित रहे. अतिथियों द्वारा परेड का निरीक्षण करने के उपरांत परेड के मार्च पास्ट का अवलोकन किया गया. इसके बाद आपदा प्रबंधन के अंतर्गत उपलब्ध सामग्रियों का मुख्य अतिथि द्वारा अवलोकन किया गया. द्वितीय सत्र में विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों हुई जिसमें रस्साकसी, कुर्सी दौड़ जैसे रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. साथ ही विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं.



### महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित

**राहतगढ़.** नगर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि 70 वी महापरिनिर्वाण दिवस रूप में मनाई. बाबा साहेब को संविधान निर्माता और समता, स्वतंत्रता, बन्धुता के प्रबल पक्षधर के रूप में याद किया. बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की. इस मौके पर भाजपा नगर उपाध्यक्ष रोहित अहिरवार, पार्षद राहुल तिवारी, टिंकू तिवारी, वृंदावन अहिरवार, चुन्नीलाल अहिरवार, गनेश साहू, महेंद्र सेन, कामेश साहू, नरोत्तम रजक, हरभजन अहिरवार, महेश अहिरवार, बबलू अहिरवार मौजूद थे.




### समय से पूर्व स्कूल बंद मिले, नोटिस जारी

**बंडा.** विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती सृष्टि जैन ने भेडाखास हाई स्कूल पहुंचकर निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान शाला में साफ-सफाई एवं स्वच्छता का अभाव देखा गया एवं कुछ बच्चे बिना गणवेश के पाए गए, जिस पर तुरंत नाराजगी जाहिर करते हुए बीईओ ने प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ को फटकार लगाई एवं शाला में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए. बीईओ शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला हिनौती का निरीक्षण करने पहुंची जहां शाला बंद पाई गई, इस पर बीईओ श्रीमती जैन ने प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को एक दिन का वेतन काटे जाने का कारण बताओ नोटिस जारी किया गया.




### आईएमए का मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**सागर.** विश्व हाथ धुलाई पर आईएमए तथा स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राहतगढ़ में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. जितेंद्र सराफ ने बताया कि साबुन और पानी से हाथ धोना रोगों से बचाव का शक्तिशाली उपाय है. अध्यक्ष डॉ. तलहा साद ने कहा कि साबुन से हाथ धोने से दस्त के मामलों में 40 प्रतिशत तक और निमोनिया में 20 प्रतिशत से अधिक की कमी आ सकती है, इससे विश्व भर में हर साल लाखों लोगों की जान बचाई जा सकती है. जेडी हेल्थ डॉ नीना गिडियन ने बताया कि अनावश्यक एंटीबायोटिक्स का प्रयोग प्रतिरोधकता पैदा करता है. बीएमओ डॉ विकेश फुसकेले मौजूद थे.

### नेशनल स्कूल हॉकी टीम में हसनैन का चयन

**सागर.** हॉकी फीडर सेंटर और जिला हॉकी संघ के सब जूनियर खिलाड़ी हसनैन खान का नेशनल स्कूल हॉकी टीम में चयन हुआ. हसनैन ने टीकमगढ़ में सब जूनियर स्कूल स्टेट हॉकी प्रतियोगिता में सागर संभाग की टीम की ओर से सर्वाधिक 12 गोल कर प्रदर्शन के आधार पर मध्य प्रदेश की टीम में सेंटर फारवर्ड के स्थान पर जगह बनाई. सागर संभाग की ओर से हसनैन ने सभी मैचों गोल किए. जिला हॉकी संघ सचिव मकसूद खान ने बताया कि हसनैन के पापा फुरकान खान रोज हॉकी क्लब के अपने समय के अच्छे खिलाड़ी रहे हैं.

# 100 क्विंटल अमानक पॉलीथिन जब्त

## नया बाजार स्थित निगम के अमले की छापामार कार्रवाई, प्रतिबंध के बावजूद बड़ी मात्रा में स्टॉक

नवभारत न्यूज

**सागर 6 दिसंबर. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर नगर के कटरा बाजार स्थित सिंधी मार्केट में छापेमार कार्यवाही के दौरान नगर निगम के अमले ने 100 क्विंटल अमानक पॉलीथिन जप्त की है.**

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने नया बाजार में हीरा नामक थोक व्यापारी की दुकान एवं गोदामों पर छापे मार कर लगभग 100 क्विंटल सिंगल यूज प्लास्टिक एवं अमानक पॉलीथिन जब्त करायी. निगमायुक्त ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध के बाद भी शहर में इसके धड़ल्ले से हो रहे इस्तेमाल को रोकने के लिए लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, सिंगल यूज



प्लास्टिक जीवन के लिए घातक है, सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल आदि सामग्री, माईक्रो प्लास्टिक शरीर में पहुंचकर गंभीर बीमारी उत्पन्न करते हैं. नया बाजार स्थित थोक व्यापारियों ने निगमायुक्त श्री खत्री से चर्चा करते हुए आगे से सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथिन का व्यापार न करने की सहमती दी. निगमायुक्त ने व्यापारियों को समझाईस देते हुए कहा की आप सभी शहर हित में सहयोग करें. कपड़े के थैले व कागज पेकिट आदि सुरक्षित सामग्री का उपयोग व व्यापार को बढ़ावा दें. आवश्यकता पड़ने पर सेल्फ हेल्प ग्रुप व अन्य गृह उद्योगों के माध्यम से थैले व कागज के पेकिट आदि उपलब्ध कराये जा सकते हैं.

निगमायुक्त श्री खत्री ने कहा कि पॉलीथिन की थोक उपलब्धता समाप्त होगी तो घरों तक पॉलीथिन नहीं पहुंचेगी व नागरिकों के स्वच्छता व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन होगा.

### बकाया राशि की वसूली

**सागर.** नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली माह के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में सघन वसूली अभियान चलाया जा रहा है. निगमायुक्त राजकुमार खत्री, राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी एवं वसूली टीम के साथ कटरा बाजार पहुंचे. इस दौरान लंबे समय से करों की बकाया राशि 5 लाख 393 रुपए जमा कराए गए तथा एक दुकान पर सख्त कार्रवाई करते हुए मुन्नी वी पत्नी शेख सिकंदर की दुकान में तालाबंदी की गई. निगमायुक्त ने विश्वनाथ साहू कटरा बाजार से 3 लाख 7 हजार 517, शिवराम केसरवानी से 4 हजार 178 एवं प्रदीप किशनचंद चौरसिया से 1 लाख 41 हजार 768 कुल राशि 5 लाख 393/- रुपए जमा कराए.

# भाजपा मंडल अध्यक्ष के चचेरे भाई की चाकू मारकर हत्या

नवभारत न्यूज

**बीना 6 दिसंबर. खिमलासा भाजपा मंडल अध्यक्ष चित्तर सिंह राजपूत के चचेरे भाई प्रमोद सिंह राजपूत (27 वर्ष) की चार अज्ञात बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी. वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. घटना बसारी टोल नाके से पहले हुई.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रमोद राजपूत पिता जगत सिंह राजपूत अपने दोस्त राहुल कुर्मी के साथ क्रेशर की ओर से लौट रहे थे. इसी दौरान रास्ते में उन्हें चार अज्ञात लोग मिले. इस दौरान प्रमोद और राहुल जब वहां से निकलकर मेन रोड पर आगे पहुंचे तो वही चारों लोग दोबारा उनके सामने आ गए.

प्रत्यक्षदर्शी दोस्त राहुल ने बताया कि प्रमोद ने उन्हें समझाने का प्रयास किया. इसी दौरान एक व्यक्ति ने अचानक चाकू निकालकर प्रमोद के सीने पर तीन से चार बार वार कर दिए. प्रमोद मौके पर ही गिर पड़े. सभी आरोपी बाइक से फरार हो गया जब तक राहुल कुछ समझ पाते, सभी आरोपी बाइक से फरार हो चुके थे, राहुल ने तुरंत परिजनों और पुलिस को घटना की सूचना दी. खिमलासा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल प्रमोद को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. अस्पताल में मृतक का पोस्टमॉर्टम कराया गया. थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है. पुलिस टोल नाके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संभावित आरोपियों की तलाश जारी है.

# विश्व का अर्थशास्त्र जैन मुनियों के कमंडल में देखें : पट्टाचार्य

नवभारत न्यूज

**सागर 6 दिसंबर. पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने कहा कि विश्व का अर्थशास्त्र अगर देखना है तो जैन मुनियों के कमंडल में देखें.**

आचार्य श्री ने कहा कि जैन साधुओं के कमंडल में पानी भरने के लिए स्थान बड़ा होता है और पानी के उपयोग के लिए स्थान छोटा होता है. अर्थात् आय का मुख बड़ा होता है और व्यय का मुख छोटा होता है. इसी प्रकार देश की अर्थ व्यवस्था भी आय और व्यय पर ही निर्भर होती है. आचार्य श्री ने कहा कि वाणी में नीरस्ता नहीं होनी चाहिए. उन्होने कहा कि नरियल के पेड़ से प्रत्येक वस्तु का प्रयोग होता है उसी प्रकार गन्ने की प्रत्येक वस्तु का भी प्रयोग हो जाता है. आचार्य श्री ने कहा कि जैन मुनि बनकर ही मोक्ष मिल सकता है. मानव मस्तिष्क में कम्प्यूटर है. मंगलगिरी पंचकल्याणक गजरथ फेरी के बाद आचार्य संघ का विहार राजमार्ग तेंदूखेड़ा की ओर हुआ. आज शनिवार की सायंकाल हिन्नौद गांव में अगवानी हुई.

# ईओडब्ल्यू द्वारा बीईओ के कार्यकाल की जांच

नवभारत न्यूज

**रहली 6 दिसंबर. आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई द्वारा पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी इंदुनाथ तिवारी के कार्यकाल की जांच प्रारंभ कर दी है.**

जानकारी के अनुसार एड. बीडी पटेल द्वारा श्री तिवारी की बिना निविदाएं आमंत्रित किए वर्ष 2022-23 में भवन मरम्मत के अनुरक्षण मद में 54 लाख रुपए के फर्जी बिल लगाकर गबन संबंधी शिकायत की जांच आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ सागर में दर्ज प्रकरण की जांच-प्रारंभ कर दी गई है. जिसमें संबंधित स्कूलों में फर्जी बिल लगाकर-किए गए भुगतान की जांच की जा रही है, जिसमें अनेक प्राचार्य/प्रभारियो की संलिप्तता सामने आयेगी.

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई द्वारा श्री तिवारी की जांच प्रारंभ हो गई. एड. पटेल ने श्री तिवारी की बिना निविदाएं आमंत्रित किए वर्ष 2022-23 में भवन मरम्मत के अनुरक्षण मद में 54 लाख रुपए के फर्जी बिल लगाकर गबन संबंधी शिकायत की थी. जिसकी जांच आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में दर्ज की. अब जांच श्री तिवारी के सेवानिवृति के बाद प्रारंभ की गई है. जिसमें संबंधित स्कूलों में फर्जी बिल लगाकर-किए गए भुगतान की जांच की जा रही है, जिसमें अनेक प्राचार्य /प्रभारियो की संलिप्तता स्पष्ट हो सकेगी. तत्कालीन शिक्षा अधिकारी के समय की गई अपात्र अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति एवं नियुक्त अतिथी शिक्षकों के वेतन भुगतान मे अनियमित्ता कम भुगतान उक्त मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर वेतन देकर बिना जांच के पूरा मामला दबाया. गृह क्षेत्र में दो-दो पूर्ण कालिक पदों पर वर्षों तक नियम विरुद्ध नियुक्त लेकर किये फर्जीबाड़े इन मामलों की जाँच भी शीघ्र होना चाहिए.

### वर्चुअल कॉन्फ्रेंस संपन्न

**सागर.** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की वर्चुअल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई. इस वीसी में जिले से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश रावत सहित सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे. सम्मेलन में मतदाता सूची के अद्यतन, त्रुटियों के निराकरण, नए मतदाताओं के पंजीयन तथा पुनरीक्षण प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की गई.

# केवी-1 में वार्षिक खेलकूद दिवस मनाया

नवभारत न्यूज

**सागर 6 दिसंबर. पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 में वार्षिक खेलकूद दिवस मनाया गया. मुख्य अतिथि कूडो खिलाड़ी सोहेल खान उपस्थित रहे. कूडो एसोसिएशन मध्यप्रदेश के अध्यक्ष डॉ. ऐजाज खान और रामसिंह रघुवंशी विशिष्ट अतिथि रहे.**

प्राचार्य मनीष गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है. विद्यालय कप्तान समीर सिंह, गार्गी मिश्रा, खेल कप्तान कृष्णा पटेल और



आकांक्षा कुमारी के नेतृत्व में सभी विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया. एसजीएफआई में कांस्य पदक जीतने वाली विद्यालय की पूर्व छात्रा स्व. फातिमा अंजुम खान की स्मृति में कूडो एसोसियन मध्यप्रदेश की ओर से एक रनिंग ट्रॉफी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. खान ने प्राचार्य को भेंट की. विद्यालय के पूर्व छात्र स्व. हर्षवर्धन सिंह चौहान की स्मृति में उनके पिता राम सिंह चौहान ने 24 खिलाड़ियों को सम्मानित किया. विद्यालय के खेल शिक्षक डॉ. नईम अहमद खान ने वर्ष भर होने वाली खेल गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की, आगामी वर्ष की योजना पर भी प्रकाश डाला.

### स्थापना दिवस आज से

**सागर.** योग निकेतन योग प्रशिक्षण संस्थान योग धाम मोतीनगर चौराहे के पास के 55 वां स्थापना पर्व पर 7 और 8 दिसंबर को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए है. संस्थान के संस्थापक योगाचार्य विष्णु आर्य ने बताया कि संस्थान 55 साल पूरे कर रहा है. उन्होंने बताया कि योग धाम में नियमित प्रात: 7 बजे से 8 बजे तक कराया जाता है. योग निकेतन योग संस्थान के अध्यक्ष रामनारायण यादव ने बताया कि स्थापना दिवस पर योग निकेतन में 7 दिसंबर को प्रात: 8.30 बजे से 10 बजे तक सर्व भौतिक उन्नति के लिए राजराजेश्वरी त्रिपुरा सुंदरी देवी यंत्र का अभिषेक एवं कुमकुम से सहस्त्र अर्चन कार्यक्रम होगा. दूसरे दिन लक्ष्मी नारायण का अभिषेक होगा.

# अमृततुल्य सुख देती रामकथा

नवभारत न्यूज

**सागर 6 दिसंबर. रामकथा हनुमानगाथा का आयोजन सिविल लाईन स्थित पीपलेश्वर हनुमान मंदिर में हुआ.**

अरुण कुमार ने कहा कि व्यक्ति पाप मोह-स्वार्थ व अभिमान के वशीभूत पाय करता है उससे मुक्त होने के लिये प्रभु के प्रति अनुराग हो तो पुण्य से मुक्ति मिलती है. व्यक्ति को नियति में सत्संग साथ देता है. उन्होने कहा कि राम कथा सिर्फ कहानी नहीं यह ईश्वर से जुड़ने और अपने जीवन को सार्थक करने का माध्यम है. हम किसी में दोष न देखें तभी मुक्ति मिलेगा. आपने कहा कि भजन




और सत्संग से विपत्ति दूर होती है. आज समाज में आत्महत्यायें और अपराध ज्यादा हो रहे हैं इसके लिये हमें परमात्मा पर आस्था और विश्ववास रामकथा के पात्रों की तरह रखना चाहिये ताकि आत्मबल बढ़े और विपत्ति से हम सामना कर सकें. कथा यजमान रतेन्द्र, विजय सबलोक है. संयोजक अंकलेश्वर अन्नी दुबे ने धर्मप्रेमियों का स्वागत किया.



# सहकार भारती की चितंन बैठक

नवभारत न्यूज

**सागर 6 दिसंबर.सहकार भारती की जिला इकाई सागर एवं दमोह जिला की चिंतन चर्चा बैठक संपन्न हुई. जिसमें तेलंगाना से प्रवास पर आए राष्ट्रीय संगठन सह प्रमुख यादागिरी की अध्यक्षता की.**

संभागीय प्रमुख राजकुमार दुबे ने कहा हमें प्रत्येक जिला व तहसील में सहकारी बैंक से सहयोग लेना चाहिए एवं समितियां का गठन कर रोजगार सृजन एवं आर्थिक मदद करना चाहिए. दमोह जिला महामंत्री सुरेंद्र जैन ने कहा गृह निर्माण समिति बनाकर भूमि आवंटित करा कर गृह निर्माण कर बेघरों को आशियाना उपलब्ध कराएंगे. संगठन प्रमुख राकेश बड़े राय ने कहा कि कृषि एवं कृषि उत्पादन को बढ़ावा देंगे. भुवन साहू प्रचार प्रमुख ने कहा सहकार भारती से जन-जन को परिचित करा कर उनकी रुचिकर समितियां निर्माण कर राष्ट्र निर्माण व स्वावलंबी भारत की रचना की जा सकती है. जिला अध्यक्ष आलोक जैन ने कहा सहकार भारती के पचपन प्रकल्प हैं.

बैठक में जिला महिला प्रमुख की घोषणा करते हुए सीए शिल्पा जैन को शपथ दिलाई गई. इस दौरान उनके साथ डॉ. संजीव जैन को सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया.

### विचार गोष्ठी आयोजित

**ललितपुर.** डा.भीमराव अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर न्यायालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया. अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी ने की. इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश घोष एड. ने कहा कि उन्होंने समाज के कमजोर और वंचित वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया. कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी, जगदीश सिंह लोधी, हरदयाल सिंह लोधी, अंकित जैन, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, शशिकांत सिंह लोधी, जानकी प्रसाद बौद्ध, महेंद्र कुमार पाराशर, रवि श्रीवास्तव, मुकेश कटारे, अवतार लोधी, शेरसिंह यादव, विकास झा, आकाश झा, अशोक वर्मा आदि मौजूद थे.


**न्यायालय तहसीलदार सागर नगर तहसील व जिला सागर**

आम सूचना

रा.प्र.क्र.0192 बी-121/2025-26

मौजा सागर खास

आवेदिका पूजा केशरवानी पति स्व.अनिल बाल्मीकि निवासी वल्लभनगर वार्ड सागर तहसील व जिला सागर म.प्र. ....आवेदिका

बनाम

मध्यप्रदेश शासन

जरिये सूचना पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका पूजा केशरवानी स्व.अनिल बाल्मीकि निवासी वल्लभनगर वार्ड सागर तहसील व जिला सागर द्वारा कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष पति स्व.अनिल बाल्मीकि जो नगर पालिक निगम सागर में स्थाई सफाई मित्र के पद पर पदस्थ थे, की सेवाकाल में मृत्यु हो जाने से शासन द्वारा देय अनुकंपा नियुक्ति हेतु उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने बावत् आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसकी जांच कर पालन प्रतिवेदन प्रेषित किए जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में आपको कोई आपत्ति हो तो आप पेशी दिनांक 15.12.2025 को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत करें। बाद सूचना उपस्थित न होने पर आप अनावेदकगण के विरुद्ध एक पक्षीय कार्रवाई की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। आज दिनांक 05.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

पेशी दिनांक: 15.12.2025

जारी दिनांक: 05.12.2025

तहसीलदार सागर नगर


# 4 वर्ष से अधूरी सड़क निर्माण को लेकर ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 6 दिसंबर. नवजीवन कॉलोनी फेस-2, मोहल्ला हरदीला वार्ड नंबर-13 के जागरूक नागरिकों ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया.**

ज्ञापन में बताया गया कि मोहल्ले में लगभग 300 मीटर लंबी सड़क का निर्माण किया गया था, लेकिन करीब 70 मीटर का हिस्सा कच्चा छोड़ दिया गया, जो पिछले चार वर्षों से अधूरा पड़ा है. स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस अधूरे मार्ग के कारण लोगों को रोजाना भारी परेशानी झेलनी पड़ती है. बरसात के दिनों में यह हिस्सा दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे आवागमन बाधित हो जाता है. गड्ढों में पानी भरने से दुर्गंध फैलती है और मच्छरों का



प्रकोप बढ़ जाता है, फिसलन के कारण कई बार बुजुर्ग चोटिल भी हो जाते हैं. निवासियों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं कराया गया है, मोहल्लेवासियों ने जनहित में शेष मार्ग को तत्काल पक्का कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके. ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वालों में श्रीमती पूनम शर्मा (सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी), वरिष्ठ नागरिक महेंद्र कुमार, पुरोहित उपेंद्र राय, प्रियंका सोनी, आसाराम, मलखान सिंह, आनंद, रविंद्र यादव, आयुष यादव, शैलेंद्र, नीरज, देवेंद्र, मगन, भजनलाल, हरचरण, राकेश, आर. पी. सिंह, बेद, राहुल, सुनील शर्मा सहित अनेक लोग शामिल रहे. नागरिकों ने कहा यदि शीघ्र सड़क निर्माण पूरा नहीं हुआ, तो आंदोलन करने बाध्य होंगे.

### चुनाव को लेकर बैठक


**ललितपुर.** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ क्रांति अध्यक्ष के चुनाव हेतु 7 दिसंबर को लखनऊ जाने के लिए समीक्षा बैठक का आयोजन वन विभाग के प्रांगण में होगी. बैठक में संघ की प्रांतीय संघ का अधिवेशन चुनाव पंचवटी परीक्षा ग्रह वन विभाग मुख्यालय में आयोजित किया जा रहा है, ललितपुर वन विभाग से समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की प्रतिबिंब की पंचबटी में 7 दिसंबर को 12 बजे व विश्राम गृह नीम कुटीर में होगी.

# महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन को लेकर संगोष्ठी

नवभारत न्यूज

**सागर 6 दिसंबर. एफपीएआई व फॉगसी एवं नवाकुर संस्था अभिनय तोष महिला बाल विकास समिति के तत्वावधान में नर्सिंग कॉलेज बीएमसी में लिंग आधारित हिंसा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ.**

एफपीएआई परियोजना प्रबंधक नीलरतन पात्र ने कहा कि वर्ष 2000 से 25 नवम्बर से 10 दिसंबर तक 16 दिन के लिए लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया जाता है. डॉ जागृति नागर ने कहा कि वर्तमान में घरों एवं समाज में महिलाओं के



लिंग आधारित हिंसा के विभिन्न प्रकार को विस्तार से समझाया. डॉ स्मिता दुबे ने महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ किए जा रहे डिजिटल हिंसा के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए उनसे बचने के उपाय के बारे में बताया. इस दौरान डॉ स्वाति पटेल ने भी संबोधित किया. फॉक्सी अध्यक्ष डॉ ज्योति चौहान ने बताया कि एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता होने के नाते लिंग आधारित हिंसा को रोकने के लिए हमारी जिम्मेदारी अधिक होती हैं.

श्रीमती सुप्रिया नवाथे ने कहा कि लिंग आधारित हिंसा रोकने के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजना संचालित की जा रही है. किशोर न्याय बोर्ड सदस्य चंद्रप्रकाश शुक्ला ने महिला बाल विकास द्वारा संचालित आश्रयगृह की जानकारी दी. आभार साक्षी पांडेय ने माना. नर्सिंग महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती दीप्ति पाण्डेय, सभी शिक्षिकाएं एफपीएआईए एन एम मंजरी चौरसिया ने शासन द्वारा उपलब्ध विभिन्न सहायता करने वाले हेल्प डेस्क नंबर जैसे कि 112,1098,1930 शासन द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर की जानकारी दी.


**कार्यालय नगर परिषद बंडा जिला सागर**

क्र./ लोक निर्माण /निविदा/2025/2898 — बंडा दिनांक 05.12.2025

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद बंडा को निम्नलिखित कार्य कराए जाने की आवश्यकता है। इस हेतु केंद्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली के अंतर्गत म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं अनु.लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_466488_1 06-12-2025 | वार्ड क्रमांक-11 में मुक्तिधाम निर्माण कार्य | 1. 08 माह 2. 82.46 लाख | 1. 10000.00 2. 62000.00 | 07/01/2026 |
| 2. | 2025_UAD_466489_1 06-12-2025 | वार्ड क्रमांक-12 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 1. 08 माह 2. 44.48 लाख | 1. 5000.00 2. 34000.00 | 07/01/2026 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(वैभवराज सिंह कुकरेले)
अध्यक्ष
नगर परिषद बंडा जिला सागर

(आर.सी.अहिरवार)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बंडा जिला सागर



# बाबा साहेब को किया याद

## महापरिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 6 दिसंबर. संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर राजधानी में बोर्ड ऑफिस चौराहे पर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर नागरिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इसके अलावा शहर में अन्य स्थानों पर भी बाबा साहेब के योगदान को याद किया.**

बोर्ड ऑफिस चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व युवा सामाजिक कार्यकर्ता प्रयांश कल्याणे ने किया. उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार और उनके बताए जीवन मूल्य आज भी समाज को सही दिशा देने वाले हैं. उन्होंने युवाओं से अपील की कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो जैसे मूल मंत्र को जीवन में अपनाकर ही समतामूलक समाज की स्थापना की जा सकती है. श्रद्धांजलि सभा में टाइगर ग्रुप के प्रदेश अध्यक्ष रविराव मराठा, गौतम चौहान, बृजेश राव गायकवाड़, प्रकाश बाघमारे, विकास राव और राजेश राव सहित अनेक संगठनों के युवा उपस्थित रहे. सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया.

### मरीजों को फल वितरित

इधर, साईबाबा नगर में सुबह 10 बजे डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई. बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर बाबा साहब को नमन किया. इसके बाद दोपहर में शासकीय जेपी अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की. शाम को साईबाबा नगर से पीसी नगर तक कैंडल मार्च निकाला गया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री पी सी शर्मा तथा मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष सैय्यद साजिद अली शामिल हुए. दोनों ने डॉ. अम्बेडकर के महान योगदान का स्मरण करते हुए समाज को उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया.

### कलखेड़ा में कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि



उधर, ग्राम कलखेड़ा स्थित बाबासाहेब अम्बेडकर धर्मशाला ग्राउंड में बी.आर. अम्बेडकर जनकल्याण समिति द्वारा परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी गई. देर शाम समिति द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें 'बाबा साहब अमर रहे' और 'संविधान से छेड़छाड़ नहीं चलेगी' जैसे गगनभेदी नारे लगाए गए. कैंडल मार्च धर्मशाला ग्राउंड से प्रारंभ होकर पूरे ग्राम में निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए. कार्यक्रम में जनकल्याण समिति अध्यक्ष रवि खरे, घनश्याम दोहरे, ओमप्रकाश खरे, आकाश सरोनिया, दीपक सरोनिया, रामस्वरूप खुराना, मोहन सिंह सिलावट, प्रताप दोहरे, अमनी लाल फरैया, अमित खुराना, शैलेन्द्र सिलावट, विजय सिलावट, रघुवीर खुराना, कृषिका खुराना सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे.

## मानस भवन में रामकथा का समापन

**भोपाल.** मानस भवन में पं. गोरलाल शुक्ल स्मृति समारोह के तहत आयोजित रामकथा के समापन पर शनिवार को पं.उमाशंकर व्यास ने कहा कि सीताजी पुष्पवाटिका में भगवान श्रीराम के लताओं की ओट से दर्शन करती हैं उस समय उनकी भावदशा प्रेम की है. वर्णन आता है कि 'मग लोचन रामहि उर आनी दीन्हे पलक कपाट सयानी' अर्थात् भगवान के स्वरूप को अपने नेत्रों के मार्ग से हृदय में स्थित कर लिया. इसका आध्यात्मिक अर्थ है कि सीताजी भक्ति है और भगवान का निवास भक्त के हृदय में ही होता है. रघुनंदन शर्मा ने कहा आगामी समय में श्रीराम संग्रहालय की स्थापना भी की जा रही है जिसके माध्यम से भगवान श्रीराम के चरित्र एवं लीलाओं को और अच्छी तरह से समझ सकेंगे.

# छात्रों ने समझी कपड़ा बनने की प्रक्रिया

**एसजीएसयू के छात्र-छात्राओं ने किया स्पिनिंग मिल का भ्रमण**




**भोपाल, 6 दिसंबर. स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) के स्कूल ऑफ बैंकिंग, फ़ाइनेंस एवं कॉमर्स छात्र-छात्राओं ने तमोट के औद्योगिक क्षेत्र में एक स्पिनिंग मिल का शैक्षणिक भ्रमण किया. इस दौरान विद्यार्थियों को कच्चे माल से लेकर तैयार कपड़े तक की प्रक्रिया से परिचित कराया गया. उन्हें बुनाई, डाइंग, प्रिंटिंग आदि मुख्य चरणों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया, जहां प्रशिक्षण प्रभारी अधिकारियों ने प्रत्येक प्रक्रिया को विस्तार से समझाया. इस दौरान विद्यार्थियों को एक वास्तविक उत्पादन इकाई के संचालन का अनुभव प्राप्त हुआ.**

स्पिनिंग मिल के एचआर मैनेजर राजीव मेहता ने संस्थान का परिचय देते हुए संगठनात्मक संरचना की जानकारी दी. वहीं सीनियर मैनेजर (अकाउंट्स एवं कमर्शियल) परवीन धवन ने कक्षा में पढ़ाए जाने वाले वित्तीय लेखांकन के विभिन्न सिद्धांतों—जैसे इन्वेंट्री मैनेजमेंट, कॉस्ट अकाउंटिंग, फाइनेंशियल प्लानिंग तथा संगठनात्मक कार्यप्रणाली का उद्योग में वास्तविक उपयोग समझाया.

भ्रमण का संचालन निधि रिछारिया द्वारा किया है. इस अवसर पर स्कूल ऑफ़ फाइनेंस हेड डॉ. नीता वयडांडे, डीएसडब्ल्यू डॉ. विनोद शर्मा उपस्थित रहे. यह भ्रमण एसजीएसयू चांसलर डॉ सिद्धार्थ चतुर्वेदी ,कुलगुरु डॉ विजय सिंह कुलसचिव डॉ सितेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ.

# किड्स फैशन शो सहित कई कार्यक्रम होंगे आकर्षण

## परी बाजार में हेरिटेज फेस्टिवल 11 से 14 दिसंबर तक

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल; 6 दिसंबर. राजधानी के ऐतिहासिक गौहर महल में परी बाजार हेरिटेज फेस्टिवल का आयोजन 11 से 14 दिसंबर तक होगा.**



शनिवार शाम प्रेस वार्ता में फेस्टिवल की संयोजक रख्सां शमीम ने बताया कि यह हेरिटेज फेस्टिवल का 6 वां संस्करण है. 20 संस्थाओं द्वारा आयोजित चार दिवसीय उत्सव की थीम सशक्त मध्यप्रदेश रखी गई है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की शक्ति, स्थानीय कला और राज्य की सांस्कृतिक पहचान को एक ही मंच पर प्रस्तुत करना है. उन्होंने बताया फेस्टिवल में रंगोली आर्ट, स्लोगन कैलिग्राफी और त्रैमूलिक नृत्य जैसी गतिविधियां वातावरण में पारंपरिक रंग बिखेरेंगी. साथ ही म्यूजिकल ईव की प्रस्तुति कार्यक्रम को यादगार बनाएगी. महोत्सव में युवाओं के लिए ज्वैलरी मेकिंग, कैनवास पेंटिंग, मैजिक शो, ओपन माइक और पटियेबाजी जैसे कई कार्यक्रम होंगे. वहीं साहित्य और कला प्रेमियों के लिए दास्तांगोई चारबैत, बुक रिव्यू, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और शाम ए गजल विशेष रूप से आयोजित किए जाएंगे.

### 14 की शाम सूफी नाइट का आयोजन होगा

इसके साथ ही किड्स फैशन शो होगा. फेस्टिवल में 12 दिसंबर को फौजिया दास्तांगों और राधा कृष्ण प्रेम पर केंद्रित दास्तानगो की प्रस्तुति, 13 दिसंबर को रानी अहिल्याबाई होलकर को समर्पित महेश्वरी थीम पर फैशन शो और 14 दिसंबर की शाम साबरी ब्रदर्स की सूफी नाइट का आयोजन होगा. इसके साथ ही भोपाल की पचास प्रमुख हैरिटेज इमारतों पर आधारित चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी. इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 20 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा.

## फरार चल रहा इनामी आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत रिपोर्ट**

**भोपाल.** हनुमानगंज थाना पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी अनस उर्फ गप्पा को छोला रोड से पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में कुल 21 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. आरोपी पर पुलिस ने दो हजार रूपए का इनाम घोषित किया था. आरोपी पर कई बार आर्म्स एक्ट, मारपीट, छेड़छाड़, लूटपाट और रासुका जैसी धाराओं में मामले दर्ज हैं. पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्र के निर्देश पर गठित टीम ने मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया.

# सांसद खेल महोत्सव से नई खेल चेतना का उदय

**सम्मान समारोह में सांसद आलोक शर्मा ने कहा**


**भोपाल, 6 दिसंबर. शनिवार को सांसद खेल महोत्सव के आयोजन में विधायक भगवान दास सबनानी और सांसद आलोक शर्मा ने रस्साकसी के खेल में हाथ आजमाया. दोनों ही जनप्रतिनिधि सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों का उत्साह करने पहुंचे थे.**




सम्मान समारोह के अवसर पर सांसद शर्मा ने तुलसी नगर स्थित शा. नवीन कन्या हा. से. स्कूल में मॉडल स्कूल्स, कमला नेहरू स्कूल, कस्तूरबा स्कूल, सरदार पटेल स्कूल, अरविंदो स्कूल के स्कूल स्तरीय विजेता, उपविजेताओं एवं प्रतिभागियों को सम्मानित किया. इस अवसर पर विधायक सबनानी, भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति, मनोज राठौर, अश्वनी राय, ननि जोन अध्यक्षा ब्रजुला सुचान, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू पालीवाल, स्कूल प्राचार्या वंदना शुक्ला सहित प्रतिभागी उपस्थित रहे.

### विजेता खिलाड़ियों को शर्मा ने किया सम्मानित

एक और आयोजन में सांसद शर्मा ने सांदीपनि स्कूल बरखेड़ी पहुंचकर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया एवं वहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया. सांसद शर्मा ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के आयोजन से देश में नई खेल चेतना का उदय हो रहा है. अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगे चलकर भारत के स्वर्ण पदक विजेता बनेंगे.



## वार्षिक उत्सव गुंजन 2025 में थिरके बच्चे

*भोपाल, 6 दिसंबर. शासकीय सांदीपनि स्कूल बरखेड़ा भेल में वार्षिक उत्सव गुंजन 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी.*



## कैंपियन स्कूल में एग्जीबिशन

**भोपाल, 6 दिसंबर. भोपाल के अरेरा कॉलोनी स्थित कैंपियन स्कूल में शनिवार को कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों ने एग्जीबिशन आयोजित की गई.**

इस अवसर पर चीफ गेस्ट प्रिंसिपल डॉ. फादर अथनस लकड़ा एसजे, मैनेजर फादर कपिल, हेडमिस्ट्रेस सिस्टर रेनिशा, सिस्टर दीपशिखा आदि ने दी जलाकर एग्जीबिशन की शुरुआत की. दिन का प्रोग्राम वेलकम प्रेयर सर्विस, स्टूडेंट्स के प्रेयर डांस परफॉर्मेंस से शुरू हुआ.

इसके बाद एग्ज़िबिशन में स्टूडेंट्स ने साइंस, मैथ, कंप्यूटर, इंग्लिश, हिंदी, टेक्नोलॉजी, एनवायरनमेंट, सोशल स्टडीज़ और आर्ट जैसे सब्जेक्ट्स पर प्रदर्शित किए.

# क्लाउड कंप्यूटिंग में उभरते ट्रेंड्स, इनोवेशन पर मंथन

## बीएसएसएस में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

**भोपाल, 6 दिसंबर. द भोपाल स्कूल ऑफ़ सोशल साइंसेज (बीएसएसएस) के कंप्यूटर साइंस और एप्लीकेशन विभाग ने 'क्लाउड कंप्यूटिंग में उभरते ट्रेंड्स और इनोवेशन' पर अपना एक हफ़्ते का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) सफलतापूर्वक पूरा किया.**



1 से 6 दिसंबर, 2025 तक आयोजित इस प्रोग्राम में शिक्षाविद, इंडस्ट्री एक्सपर्ट और शोधकर्ता क्लाउड टेक्नोलॉजी में लेटेस्ट एडवांसमेंट का पता लगाने के लिए एक साथ आए. समापन सत्र में क्लाउड आर्किटेक्चर, क्लाउड सिक्योरिटी,एआई-ड्रिवन सर्विसेज़, हाइब्रिड और मल्टी-क्लाउड सिस्टम, सर्वरलेस कंप्यूटिंग और एंटरप्राइज एप्लीकेशन को कवर करने वाले छह दिनों के सत्रों का समापन हुआ. हेड और एफडीपी कोऑर्डिनेटर स्वाति शर्मा ने क्लाउड कंप्यूटिंग के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि इस प्रोग्राम ने प्रतिभागियों को मूल्यवान प्रैक्टिकल जानकारी और हैंड्स-ऑन लर्निंग प्रदान की.

उपस्थित लोगों ने अच्छी तरह से संरचित पाठ्यक्रम और विशेषज्ञ के नेतृत्व वाले सत्रों की सराहना की. एफडीपी का आयोजन एआईसीटीई-एटीएएल, कॉलेज प्रबंधन और विभाग के सहयोग से किया गया था. प्रिंसिपल फादर डॉ. जॉन पी. जे. ने बीएसएसएस में ऐसे शैक्षणिक पहलों को बढ़ावा देने और आयोजित करने के लिए कंप्यूटर साइंस और एप्लीकेशन विभाग की सराहना की.




# पाम ऑयल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं

**कॉन्क्लेव में विशेषज्ञों ने ऑयल से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया**

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 6 दिसंबर. पाम ऑयल से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित राष्ट्रीय चर्चा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पाम ऑयल कॉन्क्लेव 2025 राजधानी में आयोजित किया गया.**

एशियन पाम ऑयल अलायंस सॉलिडेरिडाड और द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित न्यूट्रिशन मेडिकल इंडस्ट्री एफएमसीजी और पत्रकारिता से जुड़े दो सौ से अधिक विशेषज्ञों ने भाग लिया. कॉन्क्लेव की थीम पाम ऑयल डायलॉग्स सोच को बदलना और हेल्थ मार्केट क्लाइमेट रखी गई. विशेषज्ञों ने कहा कि उपभोक्ताओं को पाम ऑयल के बारे में बिखरी और भ्रामक सूचनाओं की बजाय तथ्य आधारित जानकारी मिलनी चाहिए, ताकि वे स्वस्थ और सूचित विकल्प चुन सकें. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन और मेडिकल विशेषज्ञों ने पाम ऑयल के फैटी एसिड प्रोफाइल और भारतीय खानपान में इसके सुरक्षित उपयोग पर वैज्ञानिक तथ्यों के साथ जानकारी प्रस्तुत की. एशियन पाम ऑयल अलायंस के चेयरमैन अतुल चतुर्वेदी ने कहा कि भारत को बाहरी कथाओं से अलग अपनी वास्तविक जरूरतों के अनुरूप नया संवाद शुरू करना चाहिए.

### कॉन्क्लेव में लगाई उत्पादों की प्रदर्शनी

सॉलिडेरिडाड एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ शताद्रु चट्टोपाध्याय ने सस्टेनेबल और किसान केंद्रित सप्लाई चेन की आवश्यकता पर जोर दिया. वहीं कॉन्क्लेव में पाम ऑयल आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई. जिसमें खाद्य पदार्थों और वैल्यू एडेड उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला देखी गई. कार्यक्रम में ऑयल पाम स्टैटिस्टिक्स इन इंडिया पुस्तक का विमोचन किया गया. जिसमें भारतीय ऑयल पाम सेक्टर की वर्तमान स्थिति और भविष्य के अवसरों का विस्तृत विश्लेषण शामिल है. वीडियो संदेशों के माध्यम से वैश्विक विशेषज्ञों ने सस्टेनेबिलिटी और सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया.

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर केंद्रित कार्यशाला आज

**भोपाल.** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला का भव्य आयोजन रविवार होने जा रहा है. कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा. कार्यशाला में एनईपी के क्रियान्वयन से जुड़ी चुनौतियों और नई संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी. कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री रहेंगे मौजूद**

**तैयारी** | फिल्म का टीजर वीर 26 दिसंबर को भोपाल में होगा जारी

# फिल्म रे इंकलाबी में दिखेगा खुदीराम बोस का अदम्य साहस

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 6 दिसंबर. स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी और सबसे कम उम्र के क्रांतिकारियों में शामिल खुदीराम बोस के अदम्य साहस को बड़े पर्दे पर उतारने की तैयारी है. इसे फिल्म रे इंकलाबी के माध्यम से परदे पर उतारा जायेगा. फिल्मकार डॉ सुधीर आजाद द्वारा निर्मित यह शॉर्ट फिल्म खुदीराम बोस की 136 वीं जयंती पर उन्हें समर्पित सिनेमाई श्रद्धांजलि है.**



वीनस फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता नवीन सिंह हैं. फिल्म का टीजर वीर 26 दिसंबर को भोपाल में जारी किया जाएगा.

फिल्म की कथा का केंद्र वह दौर है, जब मुजफ्फरपुर बम कांड के बाद 18 वर्ष के युवा खुदीराम बोस को ब्रिटिश शासन ने फांसी की सजा सुनाई थी. इस निर्णायक अध्याय को फिल्म में अत्यंत संवेदनशील और प्रभावशाली ढंग से पेश किया गया है. अदालत में चलती तीखी बहस दोष सिद्ध होने की प्रक्रिया और फैसले से ठीक पहले की बेचैन कर देने वाली घड़ियों को फिल्म बेहद तीव्र भावनात्मक शक्ति के साथ उकेरती है. सबसे प्रभावशाली दृश्य वह है. जब एक युवा क्रांतिकारी निर्भीक होकर अंग्रेजी हुकूमत के सामने अपने विचारों को दृढ़ता से रखता है.

यह प्रस्तुति खुदीराम के साहस और वैचारिक स्पष्टता को नई पीढ़ी के सामने सजीव कर देती है.

यह फिल्म भोपाल के युवा कलाकार दक्ष जोशी द्वारा निभाए गए मुख्य किरदार के कारण और प्रभावी बनती है. उनकी अभिव्यक्ति, संवाद अदायगी और क्रांतिकारी जोश फिल्म की प्रमुख शक्ति के रूप में उभरते हैं. फिल्म की कहानी डॉ सुधीर आजाद की साहित्य अकादमी से सम्मानित पुस्तक में खुदीराम त्रैलोक्यनाथ बोस पर आधारित है जिसमें अदालत की मूल कार्यवाही दुर्लभ ऐतिहासिक संदर्भ और खुदीराम के वैचारिक वक्तव्य शामिल हैं. फिल्म के निर्माता नवीन सिंह का कहना है कि उनकी कोशिश है, कि खुदीराम बोस की गाथा केवल इतिहास की पुस्तकों में सीमित न रह जाए, बल्कि युवा पीढ़ी उसे नई दृष्टि से समझ सके. डॉ आजाद के अनुसार यह फिल्म केवल अतीत का चित्रण नहीं बल्कि वर्तमान पीढ़ी के भीतर राष्ट्रभाव और जागृति को मजबूत करने का प्रयास है.

# महापुरूषों के नाम पर बनेंगे 9 प्रवेश द्वार

## राजा भोज के शासन के एक हजार साल पूर्ण होने पर भोज-नर्मदा द्वार का किया भूमिपूजन

**अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा**

**राजधानी को निखारने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे**

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 6 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राजधानी के गौरवशाली अतीत को निखारने के लिए सभी समन्वित आवश्यक प्रयास पूरी प्रतिबद्धता के साथ किए जाएंगे.**

महान प्रतापी राजा भोज के शासन के एक हजार साल पूर्ण होने पर भोज-नर्मदा द्वार का भूमि-पूजन किया गया था. राजधानी में महान चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के शासन के दो हजार साल पूर्ण होने पर उनके नाम पर बनने वाले द्वार का भूमि-पूजन किया जायेगा.



भोपाल में महापुरूषों के नाम पर विभिन्न मार्गों पर 9 भव्य द्वार बनेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ये बात शनिवार को समत्व भवन में विधायक रामेश्वर शर्मा और हुजूर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में कही. इस दौरान मुख्यमंत्री ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के निर्वाण दिवस पर स्मरण करते हुए कहा कि आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र वाले देश में चाय वाला प्रधानमंत्री और गाय वाला मुख्यमंत्री है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विरासत के साथ विकास का कार्य निरंतर तेज गति से जारी है। राजधानी में निर्मित होने वाले भव्य द्वार विभिन्न महापुरूषों और उनकी विरासत को प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा अयोध्या में भगवान श्रीराम मुस्कुरा रहे हैं, काशी का भी आनंद उसमें जुड़ा है और महाकाल में महालोक छाया हुआ है. मप्र की धरती से सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन का अद्भुत मॉडल सभी के लिए प्रस्तुत किया.

### विकास एवं विरासत के दो साल

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विकास का नया मॉडल प्रस्तुत किया गया है. राजा भोज की राजधानी को गौरव प्रदान किया गया है. अब राजा भोज के शहर भोपाल में प्रवेश करते ही लोगों को सांस्कृतिक वैभव के दर्शन होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोज-नर्मदा द्वार का पहले भूमिपूजन किया अब दो वर्ष पूर्ण होने पर 13 दिसम्बर को विक्रमादित्य द्वार का भूमिपूजन करेंगे. उन्होंने कहा कि हुजूर विधानसभा क्षेत्र में निर्मित होने वाले भव्य द्वारों का स्वरूप अलग-अलग होगा. सभी में भारतीय संस्कृति की अद्भुत झलक दिखाई देगी.



# भोपाल में इंडिगो की 30 में से 22 फ्लाइट का संचालन

**भोपाल, 6 दिसंबर. इंडिगो एयरलाइंस की ओर से उठाए जा रहे कदमों के चलते शनिवार को इस विमानन कंपनी की विमान संचालन की स्थिति में सुधार हुआ. भोपाल विमानतल से इंडिगो की 30 में से 22 उड़ानों का संचालन हुआ, हालांकि आठ उड़ानें शनिवार को भी कैंसल रहीं.**

एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने नवभारत को बताया कि इंडिगो की 30 फ्लाइट्स में से 22 फ्लाइट्स का संचालन हुआ और इनके जरिए यात्री अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए. आठ फ्लाइट्स रद्द करना पड़ीं. इसके एक दिन पहले शुक्रवार को इंडिगो एयरलाइंस ने मौजूदा संकट के चलते राजा भोज एयरपोर्ट से होकर आने जाने वाली अपनी लगभग 18 उड़ानों को रद्द किया था. डायरेक्टर अवस्थी ने बताया कि मौजूदा संकट के चलते एयरपोर्ट पर इस तरह की व्यवस्थाएं बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे यात्री परेशान नहीं हों. फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन संबंधी नए नियमों के कारण इंडिगो एयरलाइंस कथित तौर पर क्रू मैंबर की कमी के संकट से जूझ रही है.



# अकील ने मेट्रो इंजीनियर के साथ की बदसलूकी

नवभारत रिपोर्ट

**भोपाल, 06 दिसंबर. राजधानी में चल रहे मेट्रो कार्य के बीच अधिकारियों और कर्मचारियों को नेता डपटते हुए नजर आ रहे हैं.**

मेट्रो ठेका कंपनी के एक इंजीनियर को भोपाल उत्तर से कांग्रेस विधायक आतिफ अकील तेज आवाज में डपटते हुए नजर आए. अकील के इस व्यवहार से इंजीनियर डरा हुए नजर आए. अकील ने कर्मचारियों को डांट लगाते हुए कहा कि क्या शहर के मालिक बन गए हो. इसी दौरान उन्होंने मेट्रो के अधिकारियों से भी अकील ने फोन पर बात करते हुए कई समस्याएं गिनाई.

शुक्रवार को देर रात आतिफ अकील अपने समर्थकों के साथ सिंधी कॉलोनी की तरफ जा रहे थे. इलाके में मेट्रो के काम के चलते बेरिकेडिंग होने से अकील ने ठेका कंपनी के कर्मचारियों को बुलाकर फटकार लगानी शुरू कर दी. दरअसल इस समय सुभाष नगर से करोंद वाले फेस में मेट्रो का निर्माण कार्य चल रहा है. इसके चलते क्षेत्र में मेट्रो निर्माण के दौरान सड़क पर गड्ढे हो गए है. सड़कों पर धूल के गुबार और ट्रैफिक जाम की समस्या भी बनी होती है. कई जगह पर रोड डायवर्ट होने से भी वाहन चालक परेशान है. इन समस्याओं को गिनाते हुए विधायक अकील ने मेट्रो के कर्मचारियों से बहस की.

> कर्मचारियों की तरफ से विधायक को कोई भी नाराजगी भरा जवाब नहीं दिया गया. अब सवाल यह है कि इस तरह का दुर्व्यवहार कर्मचारियों को अगर झेलना पड़े तो यह कितना सही है.

# पत्नी ने तलाक दिए बिना की दूसरी शादी

- **पति को सोशल मीडिया पर मिली जानकारी**
- **पीड़ित पति ने पुलिस में की शिकायत**

नवभारत रिपोर्ट

**भोपाल, 06 दिसंबर. राजधानी में विवाह और पारिवारिक संबंधों से जुड़ा एक गंभीर और सनसनीखेज मामला सामने आया है.**

एक व्यक्ति को अपनी पत्नी की दूसरी शादी की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए पता चली. पत्नी के धोखे से आहत पति ने मामले की शिकायत पुलिस में की है. हबीबगंज जोन के सहायक पुलिस आयुक्त को अरेरा कॉलोनी निवासी दीपक तिवारी ने पत्नी प्रियंका तिवारी के खिलाफ एक लिखित शिकायत दी है. दीपक ने अपनी पत्नी पर उन्हें मानसिक, शारीरिक और आर्थिक हानि पहुंचाने के साथ-साथ, उन्हें बिना बताए और बिना कानूनी तलाक लिए अजय मिश्रा नामक व्यक्ति से दूसरा विवाह करने का गंभीर आरोप लगाया है.

सबसे गंभीर आरोप यह है कि हाल ही में, दीपक तिवारी को सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी मिली कि उनकी पत्नी प्रियंका ने उन्हें बिना बताए, अंधेरे में रखते हुए अजय मिश्रा नामक युवक से दूसरा विवाह कर लिया है. दीपक का आरोप है कि उनकी पत्नी ने यह कृत्य करके उनका जीवन अंधकारमय कर दिया है और उन्हें मानसिक, शारीरिक और आर्थिक हानि पहुंचाई है.

# उपभोक्ताओं को 32 लाख की मिली छूट

**भोपाल 06 दिसंबर** . विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 04 लाख 06 हजार 507 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ प्रदान करते हुए नवंबर 2025 में कुल 06 करोड़ 33 लाख 85 हजार की रियायत प्रदान की गई है, जिसमें भोपाल ग्रामीण वृत्त के 12 हजार 760 उपभोक्ताओं को 32 लाख 49 हजार रूपए की दिन के टैरिफ में छूट मिली है. कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी खपत के आधार पर टाइम ऑफ डे छूट के तहत यह रियायत प्रदान की गई है. कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया है कि कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत माह नवंबर 2025 के दौरान यह छूट प्रदान की गई है. दिन के टैरिफ में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी को छोड़कर की जा रही है.




# राजभवन का नाम बदला, अब हुआ लोक भवन

## मुख्य द्वार पर पुरानी की जगह नई पट्टिका लगाई




**भोपाल, 6 दिसंबर. राजधानी भोपाल स्थित राजभवन का नाम बदलकर लोक भवन कर दिया गया है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार दोपहर राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मिलने राजभवन पहुंचे थे. इसके बाद राजभवन के मुख्य द्वार पर लगी पुरानी पट्टिका हटाकर 'लोक भवन' की नई पट्टिका लगा दी गई.**

दो दिन पहले केंद्र सरकार ने देशभर के राजभवनों का नाम बदलकर 'लोक भवन' करने का निर्णय लिया था. इसके बाद माना जा रहा था कि प्रदेश में यह बदलाव जल्द होगा. शनिवार को राज्यपाल की उपस्थिति में 'राज' शब्द हटाकर 'लोक' लिखने की प्रक्रिया पूरी की गई और इसी के साथ मध्यप्रदेश में राजभवन को आधिकारिक रूप से लोक भवन के नाम से दर्ज कर लिया गया है. मध्यप्रदेश में राजभवन को आधिकारिक रूप से लोक भवन के नाम से दर्ज कर लिया गया है.



## एमपी साइबर पुलिस को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**भोपाल.** साइबर सुरक्षा और डिजिटल अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मप्र राज्य साइबर पुलिस को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित डीसीसीआई एक्सीलेंस अवार्ड्स-2025 दिल्ली में प्रदान किया गया. यह पुरस्कार नेशनल साइबर सिक्योरिटी कोऑर्डिनेटर नवीन कुमार सिंह ने प्रदान किया, जिसे अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ए. साई मनोहर के निर्देशन में डीआईजी साइबर शियास ए, एएसआई महेंद्र सिंह राजपूत एवं आरक्षक अतुल श्रीवास्तव ने ग्रहण किया. इस सफलता पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने राज्य सायबर पुलिस की पूरी टीम को बधाई दी है.

# गोरखपुर-एलटीटी के लिए स्पेशल ट्रेन

**भोपाल,06 दिसंबर. रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए 05587/05588 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी चलाने का निर्णय लिया गया है.**

यह स्पेशल ट्रेन गोरखपुर से 07 दिसंबर 2025 तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 09 दिसंबर 2025 को एक-एक फेरे के लिए संचालित की जाएगी. ट्रेन मंडल के बीना, रानी कमलापति एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गंतव्य की ओर प्रस्थान करेगी. गाड़ी संख्या 05587: गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस (07 दिसंबर 2025) गाड़ी 07 दिसंबर को 23.25 बजे गोरखपुर से प्रस्थान करेगी तथा निम्नानुसार स्टेशनों पर ठहराव लेगी— बस्ती - 00.32 बजे, गोंडा - 02.00 बजे, गोमती नगर - 04.35 बजे, बादशाहनगर - 05.10 बजे, ऐशबाग - 05.55 बजे, कानपुर सेंट्रल - 07.55 बजे, उरई - 10.20 बजे, वीरांगना



लक्ष्मीबाई जं. (झाँसी) - 13.20 बजे, बीना - 16.40 बजे, रानी कमलापति - 19.25 बजे, इटारसी - 21.12 बजे, खंडवा - 23.42 बजे, तीसरे दिन— भुसावल - 01.45 बजे, नासिक रोड - 05.15 बजे, इगतपुरी - 06.35 बजे, कल्याण - 08.08 बजे, लोकमान्य तिलक टर्मिनस आगमन - 09.00 बजे, गाड़ी संख्या 05588 = लोकमान्य तिलक टर्मिनस से गोरखपुर (09 दिसंबर 2025) यह विशेष गाड़ी 09 दिसंबर को 11.00 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रस्थान करेगी तथा— कल्याण - 11.45 बजे, इगतपुरी - 14.10 बजे, नासिक रोड - 14.42 बजे, भुसावल - 18.50 बजे, खंडवा - 21.40 बजे.
इटारसी - 00.25 बजे
रानी कमलापति - 02.40 बजे
बीना - 04.50 बजे
वीरांगना लक्ष्मीबाई - 06.55 बजे
उरई - 08.07 बजे
कानपुर सेंट्रल - 12.05 बजे
ऐशबाग - 13.45 बजे
बादशाहनगर - 14.12 बजे
गोमती नगर - 14.55 बजे
गोंडा - 17.25 बजे.
बस्ती - 19.02 बजे
गोरखपुर आगमन - 20.15 बजे.

### कोच संरचना

इस विशेष गाड़ी में कुल 21 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें शामिल हैं—
01 जनरेटर सह लगेज यान
04 साधारण द्वितीय श्रेणी
04 शयनयान
08 एसी तृतीय श्रेणी
02 एसी द्वितीय श्रेणी
01 एसी प्रथम श्रेणी
01 एलएसएलआरडी कोच

# कार से भागे तीन युवक 3 बाइकों में मारी टक्कर

▸ पेट्रोल टैंक पर कार में पेट्रोल डलवाने के बाद बिना रुपये दिए भागे



**सलामतपुर, 6 दिसंबर. कस्बे में स्थित सलामतपुर फ्यूल स्टेशन पेट्रोल टैंक पर देर रात कार सवार 3 युवकों ने शराब के नशे में बहुत उत्पाद मचाया और टैंक कर्मचारियों के साथ काफी बहस भी की. इस दौरान उन्होंने अपनी कार में पांच सौ रुपये का पेट्रोल भरवाया और बिना रुपये दिए ही मौके से विदिशा की ओर भाग निकले.**

भागने के दौरान पेट्रोल कर्मचारियों ने कार क्रमांक एमपी 04 टीबी 4651 का पीछा भी किया, लेकिन कार को चालक तेज़ी में भगा गया. भागते समय कार चालक ने 2 से 3 मोटरसाइकिलों में टक्कर भी मार दी. बताया जा रहा है कार भोपाल से विदिशा की और जा रही थी. भागते समय कार चालक ने अम्बाडी गांव जा रहे तालिब मंसूरी की मोटरसाइकिल में भी टक्कर मार दी. जिससे युवक के हाथ पैर में चोट आ है और मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई. पेट्रोल टैंक संचालक और मोटरसाइकिल चालक ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है.

## सीखने से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर जानकारी की साझा

**भोपाल.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में शनिवार को छात्र शिक्षक अभिभावक समागम बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. अनिल शिवानी ने दीप प्रज्वलन से की. उन्होंने कहा कि ऐसे समागम विद्यार्थियों की प्रगति और अभिभावकों के विश्वास के बीच मजबूत संवाद स्थापित करते हैं. समागम में विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने छात्रों और अभिभावकों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा की.

# वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

## 03 आरोपी गिरफ्तार और 13 वाहन जब्त

नवभारत रिपोर्ट

**भोपाल, 06 दिसंबर. गोविंदपुरा थाना पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश किया है.**

पुलिस ने गिरोह के पास से एक दर्जन से ज्यादा दो पहिया वाहन बरामद किए है. डीसीपी गौतम सोलंकी ने बताया कि फरियादी रितिक जैन (22) निवासी गोविंदपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी. फरियादी ने पुलिस को बताया कि उनकी मोटरसाइकिल घर के बाहर खडी थी, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया. मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई शुरू की.

इस दौरान पुलिस के वाहन चैकिंग अभियान के दौरान बिना नंबर की मोटरसाइकिल को रोका गया. आरोपी चालक से वाहन के संबंध में दस्तावेज मांगने पर वह वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया. पुलिस ने जब विभागीय पोर्टल पर गाडी का इंजन व चेचिस नंबर चेक किया, तो किसी अन्य व्यक्ति की होने की जानकारी पुलिस को लगी.

# मेट्रो के चलने में पार्किंग बन सकती है रोड़ा

## कई स्थानों पर कार्य हो रहा संचालित



नवभारत रिपोर्ट

**भोपाल, 06 दिसंबर. राजधानी में जल्द ही मेट्रो ट्रेन से सफर करने की औपचारिक घोषणा भले ही कर दी गई हो, लेकिन शहरभर में बने मेट्रो स्टेशनों के पास पार्किंग स्थल फिलहाल नजर नहीं आ रहे हैं.**

स्टेशनों के पास वाहनों को खड़ा करने की पर्याप्त जगह नहीं होने से लोगों को मेट्रो में सफर करना आसान नहीं होगा. इसके साथ ही कई क्षेत्रों में मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्य भी अभी जारी है. मेट्रो स्टेशनों पर पार्किंग की सुविधाओं को लेकर अधिकारियों की ओर से कहा जा रहा है कि यात्रियों के लिए पूरे इंतजामात किए जा रहे हैं. जानकारी सामने आई है कि मेट्रो प्रबंधन ने प्रदेश सरकार को भोपाल में मेट्रो संचालन को लेकर एनओसी भेज दिया है, लेकिन सरकार की तरफ से अभी तक कोई भी अप्रूवल लेटर नहीं भेजा गया है. बताया जा रहा है कि संभवत: 13 दिसबंर को मेट्रो कमर्शियल रन की तारीख लगभग तय कर दी गई है.

**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धि-सूचना क्र. 3 दिनांक 02.12.2025

क्र.1, मदः निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय, IREPS की वेबसाइट पर NIT : JBP-PROJECT-EPC-2025-01 दिनांक 25.10.2025: 09.12.2025 upto 11:00 hrs. IREPS पर संशोधित दिनांक: 16.12.2025 upto 11:00 hrs.
नोटः शेष वस्तुएँ यथावत एवं अपरिवर्तित रहेंगी। (हस्ता.)
उप मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## युवती ने की आत्महत्या

**भोपाल.** कोलार थाना क्षेत्र में एक युवती ने आत्महत्या कर ली. युवती के पास से मिले सुसाइड़ नोट को पुलिस ने बरामद किया है. शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया. 27 वर्षीय सुजाता खंडाले इलाके में संचालित मदर टेरेसा स्कूल में बतौर अकाउंटेंट की जाब करती थी.

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY KHARAGPUR

विज्ञापन सं.: R/14/2025 दिनांक नवंबर 21, 2025

संस्थान डॉ. बी. सी. रॉय मल्टी स्पेशियलिटी मेडिकल रिसर्च सेंटर के लिए निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों, पीआईओ, ओसीआई से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता।

1. प्रोफेसर और संकायाध्यक्ष - 01 (पद)

विस्तृत विवरण एवं अद्यतन जानकारी के लिए देखें :
https://erp.iitkgp.ac.in/Jobs/auth/facapps.htm

ऑनलाइन एप्लीकेशन जमा करने की आखिरी तारीख : 22.12.2025

cbc 21255/12/0019/2526 कुलसचिव/ Registrar

**कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) भोपाल मध्यप्रदेश**

गुलाब उद्यान परिसर लिंक रोड नं. 1, तुलसी नगर, भोपाल
ई-मेल आईडी- pg.bhopal@mp.gov.in, adhpgbpl@gmail.com

क्र./उद्यान/भंडार/गु.प्र./2025-26/1008 भोपाल, दिनांक 27/11/2025

**ई-निविदा विज्ञप्ति सूचना**

कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) भोपाल स्थित शासकीय गुलाब उद्यान में 45वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 10 एवं 11 जनवरी, 2026 एवं वर्ष भर (2025-26) मार्च 2026 तक के लिए अन्य प्रदर्शनी/ कार्यक्रमों में टेन्ट व्यवस्था हेतु टेन्ट एसोसिएशन भोपाल की दिनांक 1/10/2021 से प्रभावशील दर पर कम या अधिक प्रतिशत के आधार पर दरें आमंत्रित की जाती हैं.
अत: पूर्व वर्ष अनुसार टेन्ट कार्य हेतु प्रतिशत के आधार पर दरें प्रस्तुत करें.
पोर्टल पर दस्तावेज जमा करने व दरें प्रस्तुत करने का समय ऑनलाइन निविदा जारी दिनांक 8/12/2025 दोपहर 1 बजे से दिनांक 15/12/2025 दोपहर 2 बजे तक होगा. टेन्ट कार्य हेतु निविदा दिनांक 17/12/2025 समय दोपहर 3 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष समिति द्वारा खोली जावेंगी.
निविदा वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध रहेंगी.

सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) भोपाल, मध्यप्रदेश
G22326/25

**मध्यप्रदेश शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग**

प्रथम तल, विन्ध्याचल भवन, भोपाल मध्यप्रदेश
फोन- 0755-25511230 फैक्स- 0755-2551185
ई-मेल आईडी- lladbho@mp.nic.in

क्रमांक 11755/3783/21-अ(स्था)/आईटी/2025 भोपाल, दिनांक 4/12/2025

**निविदा सूचना**

कार्यालय म.प्र. शासन विधि और विधायी कार्य विभाग, भोपाल द्वारा शासकीय उपयोग हेतु स्टेशनरी व अन्य सामग्री जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय किए जाने हेतु बिड क्र. GEM/2025/B/6964420 दिनांक 4/12/2025 द्वारा निविदा आमंत्रित की गई हैं. विस्तृत जानकारी कृपया जेम पोर्टल एवं विभागीय वेबसाइट https://www.law.mp.gov.in पर देखी जा सकती है. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने / अस्वीकृत करने का अधिकार प्रमुख सचिव/ सचिव विधि और विधायी कार्य विभाग के पास सुरक्षित रहेगा.

(सुधा मालवीय)
स्टॉफ ऑफिसर
G22325/25 म.प्र. शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग, भोपाल

## पुलिसकर्मी के बेटे ने लगाई फांसी

**भोपाल, 06 दिसंबर. जहांगीराबाद थाना इलाके में एक पुलिसकर्मी के नाबालिग बेटे ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी. शनिवार को हुई इस घटना के बाद से पुलिस लाइन में सन्नाटा फैल गया. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.**

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन में रहने 15 साल के रुद्राक्ष राजावत ने घर के ड्राइंग रूम में फांसी लगा ली. सुबह के समय परिजनों ने रूद्राक्ष को फंदे पर लटका पाया. सभी घबराकर उसे अस्पताल पहुंचे, जहां डाक्टरों ने रूद्राक्ष को मृत घोषित कर दिया. पड़ोसियों ने जानकारी दी है कि रूद्राक्ष कक्षा 10वीं का छात्र था. उसके घर में परिजन किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने देते थे. आखिर उसने इतना बडा कदम क्यों उठाया. यह कोई समझ भी नहीं पा रहा है. थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.



# डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

स्पेशल संवाददाता

**भोपाल, 06 दिसंबर.भोपाल शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर अनेक स्थानों पर श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम आयोजित किए.**

जहांगीराबाद स्थित लिली टॉकीज़ चौराहा, बोर्ड ऑफिस चौराहा स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल तथा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर बाबासाहेब को नमन किया. कार्यक्रमों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, प्रदेश एससी विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार, पार्षद गुडू चौहान, अभिषेक शर्मा, नीरज चांडाले, सुनील बोरसे सहित कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही.इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज को समानता, न्याय और सामाजिक समरसता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं. उन्होंने कहा कि बाबासाहेब की शिक्षाएं एक समावेशी और न्यायपूर्ण भारत के निर्माण में मार्गदर्शक बनी हुई हैं.

## शरीर की सीमाएं रास्ता नहीं रोकती हौसला ही असली पंख है

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 6 दिसंबर. कभी घुटनों पर चलकर स्कूल जाती थी, वही आज प्रशासन की ऊंची कुर्सी पर बैठकर सैकड़ों लोगों का मार्ग रोशन कर रही है.**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर कार्यरत अंकिता गोस्वामी से बातचीत के दौरान यह साफ महसूस हुआ कि उनकी पूरी जीवन यात्रा संघर्ष दृढ़ता और खुद पर विश्वास का प्रतीक है. शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित रहने वाले अभिभावकों के लिए प्रेरणा बनकर उभरती अंकिता गोस्वामी से बात के अंश.

जन्म के बाद ही जब पोलियो का पता चला तभी से जीवन की पहली परीक्षा शुरू हो गई थी. चलने में असमर्थ थी इस कारण स्कूल तक हाथों और घुटनों के बल पहुंचती थीं, लेकिन मन में पढ़ने और आगे बढ़ने का हौसला था.

**विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल**

नं. एसबी/स्टोर/2025-26(512)/भोपाल दिनांक 28/11/2025

**ऑनलाइन ई-निविदा सूचना**

पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश की ओर से सहायक पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा (जी) पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निम्नलिखित वाहन के क्रय हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| S. No. | Name of Item(s) | Qty. | Tender Fees (Rs.) | EMD (Rs.) | Tender No. |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | Paid Online Through mptenders.gov.in | | |
| 1. | B.R.Vehicle | 01 | 5,000/- | 2,70,000/- | 1st Tender |


1. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर जमा किए जाएंगे.
2. निविदा शुल्क ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है.
3. मध्यप्रदेश पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है.
4. निविदा की समय सारिणी

| No. | Tender Activity | Date & Time |
|---|---|---|
| i. | निविदा प्रकाशन की दिनांक | 1/12/2025 के 17.00 बजे |
| ii. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ दिनांक | 1/12/2025 के 17.30 बजे |
| iii. | Submission of Written Queries Through e-mail: aigg-sb@mppolice.gov.in | 8/12/2025 के 17.00 बजे |
| iv. | प्री-बिड दिनांक | 9/12/2025 के 12.00 बजे |
| v. | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 10/12/2025 के 10.00 बजे |
| vi. | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 29/12/2025 के 16.00 बजे |
| vii. | निविदा खोलने की दिनांक | 30/12/2025 के 16.00 बजे |
| viii. | डिमांस्ट्रेशन दिनांक | डिमांस्ट्रेशन की दिनांक पृथक से अवगत कराई जावेगी |

5. निविदाकर्तागण से अनुरोध है कि निविदा से संबंधित संशोधन, शुद्धि पत्र आदि वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएंगे. अतः वेबसाइट पर अद्यतन रहें.
6. निविदा में दर्शाए दिनांक / समय पर निविदा खोली जावेगी. निविदा खोलने के उपरांत तकनीकी निविदा में योग्य पाए गए निविदाकर्ताओं एवं वितीय निविदा की जानकारी वेबसाइट के माध्यम से बाद में सूचित की जावेगी.

उप पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता (जी) म.प्र. भोपाल
दूरभाष क्र.- 0755-2443654
G22342/25

**DIRECTORATE GENERAL RESETTLEMENT**
MINISTRY OF DEFENCE
JOB FAIR for EX-SERVICEMEN (ESM)
12 DECEMBER 2025 (7 AM Onwards)
VENUE : PANCHJANYA AUDITORIUM, DRONACHAL TOP
BHOPAL MILITARY STATION, BHOPAL, MADHYA PRADESH
Documents Required : ESM I-Card and 5 copies of Resume/Biodata



EX-SERVICEMEN : SKILLED, DISCIPLINED AND DEPENDABLE

Benefits for Industry Employers
- Free Online Registration
- Free Job Postings
- Free Allotment of Stalls
- Free Access to Resumes of ESM

For further details contact:
Jt Director,DRZ (C) - 0522-2482833, 9630761869 drzclkw@desw.gov.in
Jt Director(SE),DGR - 011-20863432 seopadgr@desw.gov.in
Director (SE), DGR - dirsedgr@desw.gov.in

What Employers Can Expect in Job Fair
- ESM from the three Services
- ESM for Technical and IT Roles
- ESM for Medical Establishments
- ESM for Hospitality Sector Roles
- ESM for Guard and Security Roles
- ESM for Drivers and Machinery Operators
- ESM for Defence and Aerospace Sectors
- ESM for Clerical and Documentation Roles
- ESM for Logistics and Administration Roles
- ESM for Inventory & Warehouse Management
And many More Roles Across Diverse Sectors

In collaboration with ESM Hire
Registration Open Now : www.esmhire.com

Cbc 10401/11/0036/2526

**कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली, जिला सिंगरौली (म.प्र.)**

क्रमांक/7656/ई-टेण्डरिंग/2025-26 सिंगरौली, दिनांक 05/12/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर | | कार्य का नाम | कार्य | | निविदा प्रपत्र | | निविदा की |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क्रमांक | जारी दिनांक | | समयावधि | लागत | मूल्य | EMD | अंतिम तिथि |
| 1 | 466278 | 04/12/2025 | [Procurement of Truck Mounted Road Sweeper of 6.5 Cum Capacity in Municipal Corporation Singrauli 5th call] [2025/UAD/7537][2025_UAD_466278_1] | 3 Months | 13,000,000 | 12,500 | 130,000 | 5/1/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलॉईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

Executive Engineer
Muncipal Corporation
Singrauli

# भारत-रूस मित्रता के मजबूत वैश्विक संदेश



डॉ.ब्रह्मदीप अलून
(विदेश नीति के जानकार)

कूटनीति की सफलता अक्सर मनोवैज्ञानिक विजय पर आधारित होती है और पुतिन की भारत यात्रा ने यही सिद्ध किया. भारत द्वारा दिए गए सम्मान,रेड कार्पेट स्वागत और उच्च स्तरीय वार्ताओं ने दुनिया को संदेश दिया है कि भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर अडिग है. इस यात्रा ने यह भी दिखाया कि रूस वैश्विक दबावों के बीच भी अलग-थलग नहीं है और भारत उसके लिए भरोसेमंद साझेदार बना हुआ है. इसके साथ ही अमेरिका और यूरोप के दबावों से अप्रभावित रहकर भारत ने तीसरी दुनिया के आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है. जाहिर है ग्लोबल साउथ के देशों ने भारत को एक आत्मविश्वासी,संतुलित और प्रभावशाली शक्ति के रूप में देखा. यह बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि है.

रूस दशकों से भारत का प्रमुख रक्षा भागीदार और आपूर्तिकर्ता रहा है. वर्तमान में रक्षा सहयोग भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है. यह दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित सैन्य तकनीकी सहयोग कार्यक्रम समझौते द्वारा निर्देशित है. वर्तमान में चल रही द्विपक्षीय परियोजनाओं में टी-90 टैंकों और एसयू-30-एमकेआई विमानों का लाइसेंस प्राप्त उत्पादन,मिग-29-के विमान और कामोव-31 की आपूर्ति,मिग-29 विमानों का उन्नयन आदि शामिल हैं. भारत की मिसाइल प्रणाली,युद्धक विमानों से लेकर परमाणु पनडुब्बियों तक,अधिकांश रणनीतिक हथियारों का आधार रूसी तकनीक पर आधारित है. अन्य क्षेत्रों में ऊर्जा सहयोग उच्चतम स्तर तक पहुंच गया है. रूस भारत को रियायती दरों पर तेल और गैस उपलब्ध कराता है,जिससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा स्थिर रहती है. इसी तरह अंतरिक्ष,विज्ञान,उर्वरक,फार्मा और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में भी निरंतर संवाद और सहयोग बना हुआ है. इस प्रकार दोनों देश अपनी आवश्यकताओं के आधार पर दीर्घकालिक रणनीतिक तालमेल विकसित कर रहे हैं.

भारत में पुतिन की हालिया यात्रा ऐसे समय हुई,जब वैश्विक राजनीति अत्यंत जटिल और दबावपूर्ण स्थिति में थी. एक ओर रूस पश्चिमी प्रतिबंधों तथा यूक्रेन युद्ध की चुनौतियों से गुजर रहा है,वहीं भारत पर अमेरिका और यूरोपीय देशों का लगातार दबाव था कि वह रूस से अपनी निकटता कम करे. इस कारण माना गया कि मोदी और पुतिन दोनों ही दबाव में होंगे . लेकिन दोनों नेताओं ने ऐसे किसी दबाव को दरकिनार कर अपनी स्वतंत्र रणनीति को प्राथमिकता दी. इस दौरान दुनिया ने भारत की रणनीतिक स्वायत्ता को महसूस किया जो राष्ट्रीय हितों के लिए किसी भी बाहरी दबाव से प्रभावित नहीं हुई.

इस समय भारत के लिए ट्रम्प और पश्चिमी गठजोड़ के चुनौतियां बढाई है की भारत को रूस से दूरी बनानी चाहिए. तेल आयात,रक्षा खरीद और तकनीकी सहयोग जैसे मुद्दों पर अमेरिका के संकेत स्पष्ट यहीं है. इसके बावजूद भारत ने पुतिन की यात्रा को न केवल अभूतपूर्व बनाया बल्कि 2030 तक व्यापार को 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया. इस दौरान रक्षा,ऊर्जा,रोजगार,उर्वरक, स्वास्थ्य,खाद्य सुरक्षा, शिपिंग, शिक्षा और तकनीकी



विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में कई समझौते हुए. रूसियों के लिए भारत में 30-दिन की निःशुल्क ई-टूरिस्ट वीजा का ऐलान हुआ,इससे सांस्कृतिक, पर्यटन और लोगों के बीच आदान-प्रदान को बल मिलेगा. भारत में न्यूक्लियर ऊर्जा परियोजनाओं पर सहयोग जारी रहेगा . इसके साथ ही रूस ने भारत को निरंतर तेल व गैस आपूर्ति की गारंटी दी. इन समझौतों से पता चलता है कि भारत दबाव में नहीं है और दुनिया को भी यह स्पष्ट संदेश गया है कि भारत अंतरराष्ट्रीय संबंधों में हितों और संतुलन की राजनीति के बीच अपना स्वतंत्र रास्ता स्वयं तय करेगा.

इस समय रूस यूक्रेन युद्द को रोकने के लिए पुतिन पर गहरा दबाव है . रूस से सहयोग करने वाले देशों पर भी वैश्विक स्तर पर दबाव डाला जा रहा है. खासकर पश्चिमी देश रूस को ग्लोबल दक्षिण से दूर करने की कोशिश करता रहे है. पुतिन की यात्रा भारत के लिए भी किसी कठिन परीक्षा से कम नहीं थी . लेकिन भारत की इस यात्रा ने यह स्पष्ट किया कि रूस अभी भी विश्व राजनीति में एक महत्वपूर्ण साझेदार है. पुतिन ने इस यात्रा के माध्यम से यह प्रदर्शित किया कि रूस के लिए भारत केवल रक्षा सहयोगी नहीं,बल्कि एक व्यापक आर्थिक और रणनीतिक भागीदार है.

रूस इस समय कई स्तरों पर बेहद कठिन दौर से गुजर रहा है. सबसे बड़ी चुनौती यूक्रेन युद्ध के चलते जारी पश्चिमी प्रतिबंधों की है,जिसने उसकी अर्थव्यवस्था,बैंकिंग प्रणाली,निर्यात और वैश्विक व्यापार पर गंभीर असर डाला है. ऊर्जा निर्यात पर निर्भर रूस को यूरोपीय बाज़ार लगभग खोना पड़ा,जिससे उसकी राजस्व संरचना पर दबाव बढ़ा है. तकनीकी प्रतिबंधों के कारण आधुनिक उपकरण,माइक्रोचिप्स और हाई-टेक मशीनरी की उपलब्धता सीमित हो गई है, जो सैन्य और औद्योगिक उत्पादन को प्रभावित कर रही है. कूटनीतिक स्तर पर भी रूस को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग करने की लगातार कोशिशें हो रही हैं. अमेरिका और यूरोपीय देशों के दबाव के कारण कई पारंपरिक सहयोगियों ने दूरी बना ली है. इसके अलावा,युद्ध की लंबी अवधि ने रूस की आंतरिक राजनीति, संसाधनों और जनमानस पर भी असर डाला है.

वहीं भारत वर्तमान समय में जटिल और बहुस्तरीय भू-रणनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है. सबसे बड़ी चुनौती चीन का विस्तारवादी रुख है,लद्दाख में सैन्य दबाव,अरुणाचल पर अवैधानिक दावे हों या हिंद-प्रशांत में आक्रामक नौसैनिक मौजूदगी. चीन और पाकिस्तान की सामरिक मोर्चाबंदी भी भारत के लिए चुनौती । रही है. इन सबके बीच भारत को बहु-ध्रुवीय विश्व में संतुलन साधने,रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने और पड़ोसी क्षेत्र में स्थिरता स्थापित करने की निरंतर चुनौती का सामना करना बड़ रहा है. हिंद महासागर में बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा भी भारत से सक्रिय समुद्री कूटनीति की मांग करती है.

पुतिन की भारत यात्रा दोनों देशों के लिए रणनीतिक,आर्थिक और भू-राजनीतिक रूप से प्रभावकारी रही है. भारत को ऊर्जा, रक्षा और तकनीक के क्षेत्र में स्थिरता और विविधीकरण का महत्वपूर्ण फायदा मिलने की उम्मीदें बड़ी है. रूस भारत का सबसे विश्वसनीय रक्षा साझेदार रहा है और इस यात्रा से साझा रक्षा परियोजनाओं,स्पेयर-पार्ट आपूर्ति,परमाणु ऊर्जा सहयोग तथा नए तकनीकी क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूती मिलेंगी. ऊर्जा क्षेत्र में रूस का किफायती तेल भारत की आर्थिक स्थिरता के लिए एक बड़ा स्तंभ बना हुआ है और इसके निर्बाध बने रहने से भारत और रूस दोनों देशों को आर्थिक लाभ होगा. वहीं रूस की दृष्टि से भी यह अत्यंत महत्वपूर्ण है. यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच भारत ऐसा बड़ा राष्ट है जो रूस से निरंतर आर्थिक संबंध बनाए रखे हुए है.

> भारत रूस को न केवल विशाल बाजार देता है,बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रणनीतिक संवाद का अवसर भी प्रदान करता है,जिससे रूस की वैशिक प्रासंगिकता बरकरार रहती है. भारत और रूस वैश्विक शक्ति-संतुलन के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं. भारत अपनी उभरती अर्थव्यवस्था, तकनीकी क्षमता, जनसांख्यिकीय शक्ति और लोकतांत्रिक मॉडल के कारण विश्व व्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभाता है. वहीं रूस ऊर्जा, रक्षा,अंतरिक्ष तकनीक और भू-राजनीतिक प्रभाव के कारण अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे का अनिवार्य हिस्सा है. दोनों देशों की ऐतिहासिक मित्रता और रणनीतिक सहयोग एशिया से लेकर वैश्विक मंचों तक स्थिरता सुनिश्चित करता है. इसलिए भारत और रूस के बिना एक संतुलित,सुरक्षित और बहुध्रुवीय दुनिया की कल्पना अधूरी है. बहरहाल पुतिन की यात्रा ने यह दिखाया की भारत-रूस के बीच एक भरोसेमंद सामरिक साझेदारी हैं जो समय,दबाव और वैश्विक परिस्थितियों से परे हैं. यह संदेश अमेरिका,चीन और पश्चिमी दुनिया तक गया है कि भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता पर कायम है और रूस एशियाई शक्ति-संतुलन में अब भी प्रभावशाली खिलाड़ी है.

व्यंग्य

## भौंकने की जरूरत क्यों?



श्याम यादव

**वह** तो एक माननीय का पालतू था, जो उतने ही शालीन अंदाज़ में चला, जितने शालीन होने की अपेक्षा कभी-कभी माननीयों से भी कर ली जाती है. उसने न भौंकने की जरूरत महसूस की, न दौड़ने की. युधिष्ठिर के साथ कहते हैं, एक कुत्ता स्वर्ग गया था और देवताओं ने भी उतना हल्ला नहीं मचाया होगा, जितना अब एक कुत्ते के संसद में प्रवेश करने पर मच गया है. सारे अख़बार और टीवी चैनल उसी कुत्ते की सांसों की गणना कर रहे हैं, मानो वह सिर्फ इमारत में नहीं घुसा, लोकतंत्र की रीढ़ में भी हलचल पैदा कर गया हो. यह कोई पहली बार नहीं था जब कुत्ता राष्ट्रीय सुर्ख़ियों में आया हो. कभी सर्वोच्च अदालत ने सड़कों पर घूमते कुत्तों को लेकर दिशानिर्देश जारी किए थे और इस बार सत्ता के गलियारों में आते ही वही प्राणी वैधानिक बहस का नया बिंदु बन गया.

संसद में आया यह कुत्ता न आवारा था, न उद्दंड. वह तो एक माननीय का पालतू था, जो उतने ही शालीन अंदाज़ में चला, जितने शालीन होने की अपेक्षा कभी-कभी माननीयों से भी कर ली जाती है. उसने न भौंकने की जरूरत महसूस की, न दौड़ने की. न उसने टांग उठाकर क्षेत्रीय प्रभुत्व जताया. वह जितनी चुप्पी से आया, उतनी ही चुप्पी से चला गया, लेकिन देश में शोर ऐसा उठा मानो किसी संवैधानिक संस्था पर हमला हो गया हो. कुत्ते के प्रवेश को लेकर राजनीतिक बयानबाज़ी भी तेज़ रही. कुछ लोगों को लगा कि यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं का अपमान है, जबकि कुछ ने इसे बड़ा मुद्दा बनाने वालों को समझाया कि लोकतंत्र को खतरा कुत्तों से नहीं, उन इंसानों से है जो बिना आवाज़ किए भी काट लेने की क्षमता रखते हैं. बड़े-बड़े टीवी चैनलों ने भी रात भर पैनल बैठाकर कार्यक्रम किए. चुनाव, अर्थव्यवस्था, रोजगार जैसे विषयों पर सीमित दिलचस्पी रखने वाले वही चैनल इस 'कुत्ता-कांड' पर विशेषज्ञ बुलाकर बता रहे थे कि यह घटना किस दल को राजनीतिक लाभ पहुंचा सकती है और कौन-सा गुट इससे शर्मिंदा होना चाहिए.

सोशल मीडिया ने भी अपने हिसाब से हास्य का मसाला डाला. एक लोकप्रिय मीम में सवाल पूछा गया—'कुत्ता संसद में क्यों गया?' जवाब था— 'क्योंकि उसे लगा कि वहां भी उसकी नस्ल के जीव मिलेंगे.' दूसरे मीम में मज़ाक था कि अगर कुत्ता अपनी पहचान ज़्यादा साफ़ करता, तो कोई दल उसे ब्रांड एंबेसडर बना देता. कुत्ता बिना बोले चला गया, और बहस पीछे छूटती चली गई. लोग आज भी तय नहीं कर पा रहे—समस्या कुत्ते से है, इंसान से, या इंसान जैसे किसी और से. जो भी हो, संसद में आया वह कुत्ता अपने व्यवहार से कम, और हमारे व्यवहार से ज़्यादा परिचित करवा गया.

संघ शताब्दी वर्ष में


## आरएसएस का सतत सेवा कार्य



सुशील कुमार
(शोध छात्र, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला)

भारतीय समाज अपनी सहनशीलता, विविधता और समन्वय की क्षमता के लिए विश्वभर में जाना जाता है. इस विशाल और बहुरंगी समाज के बीच यदि कोई संस्था अपने ध्येय, अपने अनुशासन और अपनी मौन, सात्त्विक सेवा के कारण निरंतर जनमानस के हृदय में स्थान बनाती चली आई है, तो वह है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ. संघ की स्थापना 1925 में डॉ. हेडगेवार द्वारा मात्र एक शाखा के रूप में हुई, किंतु लगभग एक शताब्दी के भीतर यह विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठनों में से एक बन चुका है. संघ का लक्ष्य किसी राजनीतिक लाभ, सामाजिक वर्चस्व या प्रचार-प्रसार से प्रेरित नहीं है, बल्कि उसका मूलभूत ध्येय एक संगठित, सशक्त और स्वाभिमानी राष्ट्र का निर्माण है. संघ अपने इस ध्येय को किसी वैचारिक अभियान के माध्यम से नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, संगठन तथा सतत सेवा के जरिए पूरा करने का संकल्प रखता है. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सेवा-परंपरा कोई आकस्मिक पहल नहीं है. यह संघ के मूल चिंतन—सबका हित, सबका उन्नयन का ही विस्तार है. संघ मानता है कि समाज तभी प्रगति कर सकता है जब समाज का प्रत्येक नागरिक, प्रत्येक परिवार तथा प्रत्येक समुदाय एक-दूसरे के लिए उत्तरदायी बने.

यही कारण है कि संघ ने प्रारंभिक वर्षों से ही शाखा-व्यवस्था में शारीरिक, बौद्धिक और सामाजिक संस्कारों के साथ-साथ सेवा, समरसता और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्रमुख स्थान दिया. स्वयंसेवक शाखाओं में केवल व्यायाम, बौद्धिक विचार या पठन-पाठन ही नहीं करते, बल्कि वे समाज की आवश्यकताओं को पहचानकर अपने-अपने क्षेत्रों में सेवा के छोटे-छोटे प्रकल्पों को प्रारंभ करते हैं, जो समय के साथ व्यापक और संगठित रूप लेते गए. आज स्थिति यह है कि संघ और उसके प्रेरणा से चलने वाले विविध आनुषंगिक संगठनों के माध्यम से हजारों प्रकल्प पूरे देश में सक्रिय हैं, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामविकास, आपदा प्रबंधन, सांस्कृतिक संरक्षण, सामाजिक समरसता और स्वावलंबन जैसे अनेक क्षेत्रों में मौन तपस्या के साथ कार्य कर रहे



हैं. संघ के सेवा-कार्य का सबसे बड़ा आधार उसका स्वयंसेवक है. यह स्वयंसेवक किसी वेतन, पुरस्कार या पद की अपेक्षा से नहीं, बल्कि आत्मीय भाव, राष्ट्रसमर्पण और सेवा-व्रत से प्रेरित होकर कार्य करता है. संघ की शाखा में बाल स्वयंसेवक से लेकर वरिष्ठ तक, सभी में यह भाव निरंतर जागृत किया जाता है कि समाज की समस्या मेरी समस्या है, और समाज की पीड़ा मेरी पीड़ा है. यही भाव आगे चलकर संगठित सेवा-प्रकल्पों का स्वरूप लेता है. यही कारण है कि संघ का सेवा-कार्य सरकारों के बदलाव, राजनीतिक परिस्थितियों या बाहरी परिस्थितियों के प्रभाव से नहीं बदलता; वह निरंतर, अविराम और आत्मनिष्ठा पर आधारित होता है.

आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके प्रेरित संगठनों द्वारा देश के सुदूर ग्रामीण इलाकों, आदिवासी क्षेत्रों, पर्वतीय क्षेत्रों तथा शहरी मलिन बस्तियों तक में सेवा के हजारों प्रकल्प संचालित हो रहे हैं. इन प्रकल्पों में सेवा भारती, विश्व हिंदू परिषद, वनवासी कल्याण आश्रम, विद्या भारती, भारत विकास परिषद, दीनदयाल शोध संस्थान, अरुणा सामाजिक सेवा संस्थान, राष्ट्रीय सेवा भारती, जनकार्य सेवा संघ तथा अन्य अनेक संगठन अपनी विशेष भूमिका निभाते हैं. ये सभी संगठन एक ही ध्येय से प्रेरित हैं—सेवा ही संगठन, सेवा ही राष्ट्र-निर्माण. इन संगठनों की गतिविधियाँ प्रचार-प्रसार के माध्यम से कभी सामने नहीं आतीं, फिर भी इनके प्रयासों का विस्तार इतना विशाल है कि यह देश में सबसे बड़े सामाजिक सेवा-नेटवर्क के रूप में माना जाता है. शिक्षा क्षेत्र में, संघ प्रेरित संगठनों द्वारा सैकड़ों विद्यालय, आवासीय छात्रावास, संस्कार केंद्र और बाल-संस्कार वर्ग चलाए जा रहे हैं. विद्या भारती के अंतर्गत चलने वाले विद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते हैं, बल्कि शिक्षा को भारतीय दृष्टि, भारतीय मूल्य और सामाजिक समरसता के साथ जोड़ते हैं. इन विद्यालयों में लाखों विद्यार्थी बिना किसी भेदभाव के पढ़ाई करते हैं. इसी प्रकार आदिवासी क्षेत्रों में चलने वाले एकल विद्यालय, जनजाती छात्रावास तथा सेवा भारती के संस्कार केंद्र उन बच्चों तक शिक्षा पहुँचा रहे हैं जिनके लिए शिक्षा कभी दूर की चीज थी. स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी संघ प्रेरित संगठनों ने एक व्यापक तंत्र विकसित किया है.

सेवा भारती द्वारा संचालित चल चिकित्सा केंद्र, निःशुल्क या न्यून शुल्क पर चलने वाले अस्पताल, चिकित्सा शिविर, रक्तदान शिविर, नेत्रदान अभियान, कुष्ठ रोगियों के पुनर्वास केंद्र और पोषण योजनाएँ समाज के कमजोर वर्गों तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. कोरोना वैश्विक महामारी ने यह साबित कर दिया कि संघ का यह सेवा-तंत्र कितना सक्षम, समर्पित और संकट-स्थितियों में निर्णायक भूमिका निभाने वाला है. महामारी के दौरान लाखों स्वयंसेवकों ने भोजन-सामग्री वितरण, दवाइयाँ पहुँचाने, प्लाज़्मा दान, अस्पतालों की सहायता, प्रवासी मजदूरों की मदद और अंतिम संस्कार तक के कार्यों को बिना किसी प्रचार के पूरी निष्ठा से संपन्न किया. ग्राम-विकास और स्वावलंबन संघ की विचारधारा के प्राणतत्व हैं. दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों को आधार बनाकर ईश्वरीय मार्गदर्शन की तरह समाज-सेवा को व्यवहारिक रूप देने का कार्य दीनदयाल शोध संस्थान (चिनहट, चित्रकूट) ने किया है. इसके माध्यम से 'समग्र ग्राम विकास' मॉडल विकसित हुआ, जिसके अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जल-संरक्षण, कौशल-विकास, महिला सशक्तिकरण और पशुपालन जैसी अनेक इकाइयों को एकीकृत करके आत्मनिर्भर ग्रामों का निर्माण किया गया.

# मध्य प्रदेश में 80% युवा महिलाएं श्रम शक्ति से अनुपस्थित



मोहनसुंदरी थंगावेल
प्रोपेसर आईआईटी इंदौर

15-59 वर्ष की आयु की महिलाएं श्रम बल में हैं, और युवा महिलाओं (15-29) के लिए यह आंकड़ा 17.9 प्रतिशत तक गिर जाता है, जिससे 80 प्रतिशत से अधिक पूरी तरह से काम से विमुख हो जाती हैं (सीईडीए, 2024). सुरक्षित, सामाजिक रूप से स्वीकार्य सार्वजनिक परिवहन के बिना, इस बहिष्कार में बदलाव की संभावना नहीं है. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राज्य सड़क परिवहन उपक्रमों (एसआरटीयू) की समीक्षा से पता चलता है कि यह अंतर कितना गहरा है. तमिलनाडु 22,000 से अधिक राज्य बसें (प्रति 10 लाख जनसंख्या पर 305) संचालित करता है, दिल्ली 5,573 (प्रति 10 लाख जनसंख्या पर 332) चलाती है, लेकिन मध्य प्रदेश ने 2018-19 के आंकड़ों (एमओआरटीएच, 2019) में किसी भी राज्य बस बेड़े की सूचना नहीं दी. यह गतिशीलता की कमी सीधे रोजगार की कमी को दर्शाती है.

भारत की जनगणना, 2011 के अनुसार, प्रति वर्ग किलोमीटर मात्र 236 व्यक्ति के जनसंख्या घनत्व के साथ, गाँव दूर-दूर तक फैले हुए हैं. यात्रियों का घनत्व कम है, जिससे कई ग्रामीण मार्ग निजी बस संचालकों के लिए लाभहीन हो जाते हैं. यही कारण है कि कनेक्टिविटी अनियमित बनी हुई है और विशुद्ध रूप से व्यावसायिक परिवहन मॉडल सफल नहीं हो पा रहे हैं.लेकिन ग्रामीण विकास की बात करें तो मुनाफ़ा ही एकमात्र लक्ष्य नहीं होना चाहिए. जिस तरह सरकारें स्कूलों, क्लीनिकों या पेयजल में निवेश करती हैं, उसी तरह सार्वजनिक परिवहन भी मानव-पूंजी आधारित बुनियादी ढाँचे का एक रूप है. यह तत्काल किराया-बक्से राजस्व के बजाय दीर्घकालिक और सामाजिक लाभ प्रदान करता है. जिन राज्यों ने सार्वजनिक बस सेवाओं को सब्सिडी दी है, उन्होंने साक्षरता, महिला कार्यबल भागीदारी और औद्योगिक विकास के रूप में इसका लाभ उठाया है.

**ज़मीनी स्तर की एक कहानी: महिलाएँ साइकिल या साइकिल क्यों नहीं चलातीं-** एक सुबह, मेरी घरेलू सहायिका ने बताया कि वह काम पर पहुँचने के लिए रोज़ाना 4 से 5 किलोमीटर पैदल क्यों जाती है. मैंने पूछा कि वह साइकिल या स्कूटर का इस्तेमाल क्यों नहीं करती, जिससे उसका समय और ऊर्जा बच



सकती है. मुझे लगा कि वहनीयता ही समस्या है. लेकिन उसके जवाब ने मुझे चौंका दिया-मैं एक घर की बहू हूँ, लड़की नहीं. मैं बहू हूँ, लड़की नहीं. हालाँकि मुझे साइकिल चलाना आता है, मैं चला नहीं सकती. हमारे गाँव में 90% महिलाएँ स्कूटर चलाना नहीं जानतीं. उनके शब्द मध्य प्रदेश के अधिकांश ग्रामीण इलाकों की सामाजिक सच्चाई को दर्शाते हैं- महिलाओं के पास साधन होने पर भी, सामाजिक मानदंड उनकी गतिशीलता को सीमित करते हैं. निजी वाहन मौजूद हो सकते हैं, लेकिन वे महिलाओं के लिए हमेशा उपलब्ध या स्वीकार्य नहीं होते. उनके लिए, बसें ही परिवहन का एकमात्र सुरक्षित, वैध और किफ़ायती साधन हैं.

**बसें महिलाओं के लिए बुनियादी ढाँचा क्यों हैं-** बसें गाँवों को शहरों से जोड़ने से कहीं ज़्यादा काम करती हैं; ये सम्मान और सुरक्षा भी प्रदान करती हैं. स्कूटर या साइकिल के विपरीत, बसों को सामाजिक मान्यता प्राप्त है क्योंकि बस में सवार होने वाली महिला को उसी तरह के अपमान या प्रतिबंधों का सामना नहीं करना पड़ता. बसें संख्या, व्यवस्थित समय-सारिणी और पूर्वानुमेय मार्गों के मामले में भी मज़बूती प्रदान करती हैं, जिससे उत्पीड़न या अलगाव का जोखिम कम होता है जो ग्रामीण महिलाओं को यात्रा करने से हतोत्साहित करता है. साक्ष्य बताते हैं कि जहाँ बसों का विस्तार होता है, वहाँ महिलाओं की श्रम शक्ति में भागीदारी बढ़ती है. उद्योगों को विश्वसनीय महिला श्रम से लाभ होता है, स्कूलों में लड़कियों का नामांकन और ठहराव बढ़ता है, और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार होता है क्योंकि महिलाओं की क्लीनिकों तक पहुँच आसान हो जाती है. मध्य प्रदेश जैसे राज्य में, जहाँ 80 प्रतिशत से ज़्यादा युवा महिलाएँ श्रम शक्ति से अनुपस्थित हैं, बसें सिर्फ वाहन नहीं, बल्कि समानता लाने वाली हैं.

**मध्य प्रदेश के लिए आगे का रास्ता -** मध्य प्रदेश के लिए आगे का रास्ता स्पष्ट है:सामाजिक रूप से आवश्यक लेकिन व्यावसायिक रूप से अव्यवहारिक मार्गों के लिए वित्तीय सहायता के साथ एक राज्य-संचालित ग्रामीण बस निगम बनाएँ.ज़ महिलाओं की ज़रूरतों के अनुसार बस सेवाओं का डिज़ाइन तैयार करें, जिनके रूट और समय स्कूलों, कॉलेजों और फ़ैक्टरी शिफ्टों के साथ-साथ सुरक्षा सुविधाओं के अनुसार हों.

- बसों को औद्योगिक बुनियादी ढाँचे के रूप में देखें, गाँवों को औद्योगिक गलियारों से जोड़ें ताकि फ़ैक्टरियाँ ग्रामीण श्रम का उपयोग कर सकें.
- बिखरे हुए ग्रामीण क्षेत्रों के लिए उपयुक्त छोटी, ईंधन-कुशल बसों में निवेश करें.

ऐसी प्रणाली की लागत दीर्घकालिक लाभों की तुलना में मामूली होगी- बेहतर शिक्षा, महिला कार्यबल में अधिक भागीदारी, और एक औद्योगिक कार्यबल जो मध्य प्रदेश के विकास को गति दे सकता है.

### निष्कर्ष

मध्य प्रदेश में सड़कें पहले ही बन चुकी हैं; अब विकास को गति देने के लिए उन पर बसें चलानी होंगी. सड़कों के अस्तित्व के बावजूद, परिवहन साधनों की अनुपस्थिति अधिकांश महिलाओं और युवाओं के लिए अवसरों को पहुँच से बाहर कर देगी. हालाँकि, बसों के माध्यम से, राज्य परिवहन को विकास के इंजन में बदल सकता है- छात्रों को स्कूल, महिलाओं को कार्यस्थल और श्रमिकों को कारखानों तक पहुँचाना. बसें केवल आवागमन के लिए नहीं हैं. वे समावेशिता, समानता और अवसर के लिए हैं. मध्य प्रदेश के लिए, उनमें निवेश करने का समय अभी है.

**संदर्भ** आर्थिक आँकड़ा एवं विश्लेषण केंद्र (सीईडीए). (2024). पाँच राज्यों में श्रम बल भागीदारी के पैटर्न का खुलासा. **अशोक विश्वविद्यालय.**





कहानी

# भूला हुआ एलबम



नीलमणि

**रविवार** की दोपहर थी. वर्मा परिवार में हमेशा की तरह शांति और आराम का माहौल था. रसोई से मसाला चाय और गरम समोसों की खुशबू आ रही थी. खिड़की से धूप के किरणें पर्दों के बीच से झाँक रही थीं.

दादी मीरा अपनी पसंदीदा खिड़की के पास वाली कुर्सी पर बैठी थीं, हल्की मुस्कान के साथ. उनकी दस साल की पोती रिया पूरे घर में दौड़ती फिर रही थी.

दादी! मेरा टैबलेट का चार्जर कहाँ है? मिल नहीं रहा! रिया ने ऊँची आवाज़ में कहा.

मीरा मुस्कुराईं, आजकल के बच्चों को स्क्रीन बंद होने से ज़्यादा डर लगता है, जैसे कोई युद्ध होने वाला हो.

मैंने सुन लिया! रिया बोली और हँसती हुई दादी के पास आकर बैठ गई.

अच्छा है, सुन लिया. अब ये भी सुनो. दादी ने साइड टेबल के नीचे से एक पुराना, धूल से भरा चमड़े का एलबम निकाला. ये देखो, क्या मिला मुझे तुम्हारे पापा की पुरानी अलमारी में.

ये क्या है? कोई पुरानी बोरिंग किताब? रिया ने पूछा.

दादी ने नाटकीय ढंग से कहा, बोरिंग? इसमें वो कहानियाँ हैं जो तुम्हारे टैबलेट में भी नहीं मिलेंगी.

रिया ने जिज्ञासु नज़रों से एलबम खोला. पहले पन्ने पर एक छोटे लड़के की ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर थी, जिसके हाथ में क्रिकेट का बैट था.

ये कौन है? रिया ने पूछा.

तुम्हारे पापा, जब वो तुम्हारी उम्र के थे. मीरा ने जवाब दिया.

ओह! पापा के बाल इतने फूले हुए थे? रिया ज़ोर से हँस पड़ी.

इसके बाद एक-एक तस्वीर के साथ कहानियाँ जुड़ती चली गईं. दादी की शादी की फोटो, पुराने घर की तस्वीरें, स्कूल का नाटक, गांव की पिकनिकज सब कुछ जैसे फिर से जीवित हो उठा.



रिया ने एक तस्वीर की ओर इशारा किया, जिसमें एक लड़की साड़ी पहनकर साइकिल चला रही थी.

ये सुपरवुमन कौन है?

ये मैं हूँ, दादी ने गर्व से कहा. तुम्हारे दादाजी ने मुझे साइकिल चलाना सिखाया था. दस बार गिरी, दोनों घुटनों में खरोंच आ गई थी, फिर भी सीखी.

आपने हार नहीं मानी? रिया हैरान थी.

नहीं. हमारे जमाने में %पॉज़% बटन नहीं हुआ करता था.

रिया कुछ देर चुप रही, फिर बोली, दादी, अब तो हम इतने सारे फोटो लेते हैं, पर ऐसे एलबम क्यों नहीं बनाते?

हम फोटो लेते हैं, पर रखते नहीं. ये एलबम हमारी यादों को सहेज कर रखता है.

उस शाम जब रिया के माता-पिता लौटे, वह दौड़ती हुई उनके पास गई.

मम्मी-पापा! देखो दादी ने क्या दिखाया! पापा कितने फनी लगते थे जब छोटे थे!

रिया के पापा रंजन हँस पड़े, ओह, नहीं! दादी ने वो लव लेटर वाली कहानी तो नहीं सुनाई?

सब बता दिया! रिया चहक रही थी.

पूरा परिवार बैठ गया, एलबम हाथों में था, और हँसी पूरे कमरे में गूंज रही थी. चुप रहने वाली माँ अंजलि भी एक पुरानी शादी की तस्वीर देखकर मुस्कुरा उठी.

मीरा सब देखती रही, आँखों में हल्की नमी, लेकिन दिल पूरी तरह भरा हुआ.

रात में रिया अपनी दादी के कमरे में एक कॉपी लेकर आई.

दादी, मुझे आपकी सारी कहानियाँ इस कॉपी में लिखनी हैं ताकि मैं कभी न भूलूँ.

मीरा ने सिर हिलाया, बस वादा करो, ज्यादा से ज्यादा समय स्क्रीन से दूर रहोगी.

रिया ने अपनी छोटी उँगली बढ़ाई, पिंकी प्रॉमिस.

उस दिन के बाद एक नई परंपरा शुरू हुई. हर रविवार को पूरा परिवार चाय और कहानियों के साथ एक फोटो और एक याद शेयर करता. रिया उन यादों को लिखती जाती. एक दिन बारिश हो रही थी. रिया खिड़की से बाहर देखती हुई बोली, अगर ये फोटो होती, तो मैं इसका नाम रखती - बरसात में गर्म एहसास.

मीरा मुस्कुराई और बोलीं-नई शुरुआत.

क्लास by बड़े भाई

# क्या आप एक अच्छे मित्र हैं? इसे पढ़कर जाँचिए



संदीप द्विवेदी
कवि/प्रेरक वक्ता/स्किल ट्रेनर

छोटे भाई, द्वापर युग की एक मित्रता बड़ी चर्चित रही है और वो है कर्ण और दुर्योधन की मित्रता. दुनिया इनकी मित्रता के उदाहरण दिया करती है. कर्ण की दानवीरता के साथ उसकी मित्रता का भी खूब बखान किया जाता है लेकिन अभी मेरा उद्देश्य यह कथा बताना नही है क्योंकि इससे आप भलीभांति परिचित हैं बल्कि मेरा उद्देश्य आपको अच्छे मित्र का एक पहला गुण समझाना है जिस पर हम कभी गौर नही करते . इस कथा से आपको यह गुण बहुत अच्छे से समझ आ जाएगा.

छोटे भाई , कर्ण और दुर्योधन की मित्रता में देखें तो उसमें दो बातें निकलती हैं.. एक तो वो जो हममें होना चाहिए और दूसरा जो हममें नही होना चाहिए. चलिए, समझते हैं

जो हममें होना चाहिए वो है कर्ण की तरह मित्र दुर्योधन के प्रति समर्पण और प्रगाढ़ स्नेह. मित्र के प्रति हमारे मन में भी ऐसा ही भाव और विश्वास होना चाहिए और आपका साथ हर चुनौती भरे समय में उसके साथ होना चाहिए और जो नही होना चाहिए, वो है कर्ण की तरह मित्र के गलत उद्देश्य में भी उसका साथ होना. कर्ण की मित्रता में यह कमी सदैव दुर्योधन के गलत विचारों को पोषित करती रही. योगेश्वर श्रीकृष्ण ने कर्ण से कहा भी था कि उसकी मित्रता, दुर्योधन की ताकत है तो अगर वो उसको समझाए या उसका साथ न दे तो शायद दुर्योधन की आगे बढ़ने की हिम्मत न पड़ती और वो मित्रता टूटने के डर से विनाश की दिशा में नही जाता लेकिन कर्ण ने नही माना और फिर परिणाम क्या हुआ, हम सभी जानते हैं. बात समझ गये होंगे आप.

यह हमेशा ध्यान रखिये कि आपकी मित्रता उसके चुनौती भरे समय की मित्र हो, कभी उसके गलत कामों की नही वरना आप मित्र नही है बल्कि आप उसके वो दुश्मन हैं जो उसके साथ है और जिसे वो पहचान नही रहा है क्योंकि गलत उद्देश्य में उसको आपका साथ उसकी बर्बादी का कारण बन सकता है और मुझे नहीं लगता कि आप अपने मित्र के साथ ऐसा कुछ होने देना चाहेंगे.

छोटे भाई, बस इतना कहना चाहूंगा कि जब भी आप किसी के मित्र बनें या बनाएं तो पहली यह शर्त निश्चित कर लें और जैसे भी बनें यह कह दें किसी भी तरह कि 'मित्र तेरे बुरे वक्त में हमेशा साथ हूँ लेकिन तेरे गलत काम में कभी नही, मुझसे अपेक्षा न करना' विश्वास मानिए अगर उसे आपकी मित्रता प्यारी होगी तो वो कभी यह सीमा नही लाँघेगा.

सच कहता हूँ यारों, यह शर्त आपका और आपके मित्र का बहुत कुछ बिगड़ने से रोक देगी और ऐसा करके आप एक अच्छे मित्र का पहला कर्त्तव्य निभा चुके होंगे. बस इतना ही कहना था, धन्यवाद.

पुस्तक समीक्षा

# स्त्रियों की व्यथा-कथा का जीवंत दस्तावेज






मुकेश तिरपुडे

**नये** बिम्ब, नये विचार नये भावबोध और मर्मस्पर्शी अनुभूतियों के साथ समकालीन हिन्दी कविता में पल्लवी मुखर्जी चर्चित है. साहित्यिक पत्रिकाओं में उनकी कविताओं का लंबे समय से लगातार प्रकाशन हो रहा है. समाज में पुरूषों व महिलाओं के बीच व्याप्त असमानताएँ और उससे मिलनें वाला गहरा असंतोष ही उल्लेखनीय कविताओं में व्यक्त हो रहा है. आज की महत्वपूर्ण कविताओं में महिला स्वरों की यह खास भूमिका और उपस्थिति हिन्दी में समकालीन कविता की खास पहचान बन गई है.

न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन नई दिल्ली से सद्य प्रकाशित काव्य संग्रह विलुप्त हो जाती है स्त्रियां में पल्लवी मुखर्जी ने महिलाओं के जीवन में हर तरह के शोषण को प्रभावी कविताओं के ज़रिए कहने का अच्छा प्रयास किया है.

प्रेम और करूणा के अनेकों बिम्बों को इन कविताओं में साकार करनें का पुरजोर प्रयास किया है. सत्ता में विराजमान व्यक्ति के मन में, एक सम्पन्न व्यक्ति के मन में निम्न व मध्यमवर्गीय व्यक्ति के लिए प्राय: गहरा असंतोष व नफरत का भाव भरा होता है, विकास के नाम पर निम्न व मध्यम वर्गीय व्यक्ति के समाज व गाँव को उजाड़ने के रूप में यह गहरा असंतोष व नफरत का भाव प्रमुखता से सामने आता है लेकिन छोटा व्यक्ति आगे बढ़ने के लिए कृत संकल्प है एक दिन बड़ा व्यक्ति छोटे व्यक्ति को अपने बराबर देखता है कविता उदास बस्ता में-%एक दिन / तुम मुझे देखोगे/ शीर्ष पर बैठे / उस दिन तुम्हे मेरे मनुष्य होनें पर / जरा भी संदेह नहीं होगा.

शहरी सभ्यता, शहरी संस्कृति के ढांचे में ढला हुआ व्यक्ति, कंक्रीट के जंगल में रहने वाला व्यक्ति आधुनिक उपभोक्तावाद का प्रतिनिधि है उसे सिर्फ अपनी तरक्की चाहिए इस तरह वह बहुत जल्दी दुनिया जहान से लगातार दूर होता जाता है. उसे अपनें आसपास के लोगों से, वातावरण व प्रकृति से कोई सरोकार नहीं है. कविता जंगल में कवयित्री ने एक ऐसे ही व्यक्ति से सवाल किया है कि--तुम कंक्रीट के बनें जंगलों में रहते हो माटी से कोसों दूर /जंगल के कराहनें की आवाज सुन रहे हो न तुम!

इस संग्रह में कवयित्री ने स्त्री जीवन और उसकी भावनाओं के दृश्यों को कविताओं में साकार किया है. अपनी कविता स्त्री और पृथ्वी में वह कहती है-स्त्री पृथ्वी है, जो घूमती जाती है. अपनी ही धूरी पर में जीवन की सार्थकता के लिए भोजन के महत्व को सिद्ध करती है. एक स्त्री के लिए भोजन पकाना उसका कार्य होता है. लेकिन देखा गया है कि घर के किसी भी व्यक्ति के लिए चाहे वह स्कूल पढ़ने वाली बच्चा ही क्यों न हो स्त्री के इस कठिन कार्य को कभी कोई तवज्जो नहीं दी जाती है. पुरुष प्रधान समाज में स्त्री का भोजन पकाना एक सर्वथा महत्वहीन कार्य माना जाता है और यदि स्त्री कामकाजी न हो तो एक स्त्री के लिए इसे कार्य भी नहीं माना जाता है सभी पुरूषों को आगाह करते हुए कवयित्री कहना चाहती है कि रोटी (भोजन) हर व्यक्ति के लिए बहुत जरूरी है यह संभव है कि रोटी (भोजन) के अभाव में एक तानाशाह भी मर सकता है. कविता तानाशाह की पंक्तियाँ हैं -एक तानाशाह भी / मर सकता है. एक भिखारी की तरह / अगर उसे रोटी न मिले

कवि की दृष्टि व्यापक है वह अपनें चारों ओर व्याप्त धन की व्यवस्था का काला सच देखकर मर्मान्तक पीड़ा को महसूस करती है. कविता मजदूर एक व दो में एक मजदूर की पीड़ा के पलों को अपने शब्दों में बहुत प्रभावी ढंग से व्यक्त किया है. कि किस तरह एक व्यक्ति अपने सपनों का महल खड़ा करता है. हर तरह की सुविधा की व्यवस्था करता है लेकिन वह किसी तरह मजदूर के कठिन परिश्रम का अंदाजा नहीं लगा पाता है कि वह कितना कठिन जीवन जीते हुए अपनें उम्मीदों के सपनों को जीवित रखता है.


कविता किसान कहती है कि %मैं आँगन में एक फूल पौधे सूखने पर दुखी होती हूँ जबकि एक किसान अपने खेतों की फसलों के झुलसनें या रोग से ग्रसित होनें पर स्वयं को चुपचाप समझाता है कि सब ठीक हो जाएगा. वह अपने सपनों के चिराग जलाये रखता है लेकिन एक दिन वह कर्ज के दबाव में फांसी के फन्दे तक पहुंच जाता है किसान का यह कृत्य हम सबके लिए शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है.

जमाना बदल गया महिलाओं ने तमाम प्राचीन रूढ़ियों और रीति रिवाजों को तोड़कर अपनी सफलता का परचम लहराया हैं. जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियों सराहनीय और प्रशंसनीय हैं लेकिन उसे हर जगह, हर दिन अपने जुझारूपन अपनी कर्मठता, धैर्यता व बहादुरी से अपनी जगह बनानी पड़ती है. कविता मूलमंत्र की पंक्तियां कवयित्री के जीवन अनुभवों का आईना है वह लिखती हैं--%स्त्री का जुझारूपन ही एक स्त्री के जीवन का मूलमंत्र है!

**विलुप्त हो जाती हैं स्त्रियाँ ( कविता संग्रह )**
**पल्लवी मुखर्जी**
**प्रथम संस्करण- वर्ष 2025**
**मूल्य-350 रुपये**
**न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली**

गीत

# जरा, बचपन में हो आएं



संजय उपाध्याय

जो भी दिल में आए, वो गाएं
चल, ज़रा बचपन में हो आएं

सर की धमक,पापा की डांट
मां का दुलार, दादी का लाड़
दादू की धौंस, कहाँ से लाएं

दीदी से, थोड़ा सा लड़ आएं
चल,ज़रा बचपन में हो आएं

यारों की टोली,शकर की गोली
टिफिन में पराठे,आलू, अचार
दोस्तों का प्यार, कहाँ से लाएं

स्कूल की पुलिया पर बैठ आएं
चल, ज़रा बचपन में हो आएं

कच्चे ओटले, कच्ची गालियां
बाड़े में रखे गेहूँ की रखवाली
बहानों की छुट्टियां कहां से लाएं

बाड़े में ही कुछ देर बैठ जाएं
चल, ज़रा बचपन में हो आएं

वो मोरसली के झाड़ पर एक
सांस में दौड़कर चढ़ने की शर्त
चोर पुलिस के खेल में दाम देना
वो सारे खिलाड़ी कहां से लाएं


अपनी गली में ज़रा खो जाएं
चल ज़रा बचपन में हो आएं

गिल्ली के शॉट, पतंग के पेंच
डोर की सुताई, मेदे की लाई
कंचे का ख़ज़ाना अब कहां से लाएं

उस छोटे पड़ गए मैदान में खो जाएं
चल ज़रा बचपन में हो आएं.

# रे घिस्या, धरती धूजे कि डीजे बाजे...!

मालवी कोना



शिव शर्मा

घिस्या... रे ...घिस्या...!! या कंय धरती धूजी री रे.

अरे नी हो दायजी... धरती कां धूजी री, यो तो डीजे बाजी रियो. तमारे नी मालम कि गणपति उच्छ्व चली रियो है, वाँ की जगे यो डीजे बजी रियो है.

असो कांय को डीजे... इत्ती जोर से बाजे कि जणे धरती धूजे. सारो घर थर्रय रियो. देख खिड़की हुण का काँच धूजी रिया. ढोर का बाड़ा का खापरा तो नी गिरी जाय. म्हारा हिरदा में तो जाणे डम-डम बाजे.

घिस्या को नाम उका दादाजी की जीबान पर धरयो रे. भूख लगे चाहे प्यास लगे. भागीरथ बा अपणा बेटा-बहू से बात करने की जगे पोता घिस्या से ही बात करे. ऊ घिस्यो कम से कम बात को हुंकारो तो भरे. बेटा-बहू तो आधी बखत मुँह मचकोड़ी ने बायर निकली जाए.

अरे दायजी, तमने टिरक पे बन्ध्यो डीजे तो सुणियो यी नी अबी तक. जूलूस-बानो निकले तो सुण जो. कान का कीड़ा खीरी जाय है. ऊ तो असो लागे कि जाणे घर पड़ी रिया है. आदमी भीतर तक थर्रय जाय है. इत्तो य नी सुतली बम ने बड़ी-बड़ी लड़ असी छूटे कि कान गन्नय जाय.



ओ, थारी की. अरे घिस्या, गणपति उच्छव तो हमारा जमाना में होता था रे..! जिन दन से गणपति बैठता नी, उना ज दन से गम्मत चालू हुई जाती. गम्मत..! या कंय होय दायजी..?

अरे, पेटी-ढोलक ने मजीरा बस इन तीन साज का साथे 12-1 बजे रात तक भजन गाता, गाणे वाला तो पाँच-छह जणा ही रेता पण सुनने वाला आखा गाम का भेला हुय जाता. असो रस बरसतो कि पूछो य मत. पेटी पे धूलजी बा असो अलाप देता नी, कि आधा गाम में सुणय जातो. ने कुँवर जी बा की ढोलक की थाप की तो कंय केणी रे घिस्या..! उनकी थाप असी पड़ती कि बई-बेण हुण कदी रोटी बणाती नी तो उनका कडेला फूटी जाता.

कडेला कसे फूटी जाता दायजी ?

अरे, चूल्हा पे गारा-मिट्टी का कडेला पे ज्वांर की रोटी बणती थी नी तो ढोलक सुणते-सुणते वी असी थाप से रोटी कडेला पे पटकती कि वी फूटी जाता. गम्मत में भगत जी बा असी झाँझ की झनकार देता कि सुणता य रो..! मजो अय जातो रे भई मजो.

घिस्यो छटी में भणतो थो ने उकी तीन मईना वाली परीक्षा चली री थी. दायजी पे खीजी ने बोल्यो-अरे दायजी, हद कर दी तमने तो. नेठू चडलो य धर लियो. म्हारे किताब भी बाँचने दोगा कि नी ?

दायजी मीठा गुस्सा में बोल्या-थारे चड्लो लगे है, यो बाजे जदे हमारा बड़ा-बूड़ा हुण से पूछ कि हमारा पे कंय बीते है. भीतर तक कंपकंपी छूटी जाय है. कालजा में धक-धक होणे मंडी जाय है रे घिस्या.

इतरा में घिस्या की दादी बोली पड़ी-हाँ रे.. थारा दादाजी सय की रिया है. अपनी ब्याण जी के तो बापड़ी के असा चक्कर अय रिया है कि अस्पताल में भरती करानी पड़ी. तीन दन हुय ग्या पण उनका माथा की गिन्नाटी उतरी ही नी. उतरे कसे. इत्ती जोर से डीजे बाजे तो माथो चढ़ी जाय.

अरे तू तो ठाणा में जय ने रिपोट करी ने आ तो.

इतरा में बात काटती घिस्या की मम्मी अय गी, जो सरकारी स्कूल में पाँचवी तक की छोरी हुण के भणावा जाय. मास्टरनी बई बोली- ठाणा-ठाणी का काम रेणे दो तम तो. यो गणपति जी को उच्छव अपणो भी तो है. पुलिस आयगा ने डीजे बंद करायगा तो अपणे बी तो पाप लगेगा. चलने दो जसी चली रियो. यो तो लोग हुण के सोचनो चईये कि जदे अपणी सरकार ने कम आवाज़ में बजाणे को नियम निकाल्यो है तो सब के राष्ट्र धरम को पालन करनो चईये नी.

इतरी बात करने का बाद में ससुरा जी आड़ी मुंडो करी ने, अपणा कान में से रुई का डट्टा निकालती हुई बोली- म्हने तो या कान में रुई लगई रखी है. ऊपर से कान पे डूपट्टो कसी ने बाँधी लूँ. तम भी कान में रुई लगय लो, इससे इतरो हल्लो नी आय कान में.

या बात घिस्या का पापा का भी कान में पड़ी गी थी, जो अबी-अबी फेक्टरी से डिवटी करी ने आया था. वी बोल्या-दायजी डीजे-इजे की बात तो करो ज मत. इनी बात पे तो चक्कू-छुरी चली जाय है चक्कू-छुरी. लोग होण घर पे भाटा फेंके है. जो हुई रियो नी, अच्छो ही हुय रियो है. जो होयगा, अच्छो ही होयगा. कां की निवरी पंचायत करनी. भागीरथ बा से नी रेवायो. बऊ की तरफ देखता-देखता पाछा बोल्या-अरे लाड़ी, तू तो भणी-लिखी है. ग़लत बात के सेन करनो भी तो गलत को साथ देणो होय नी. कोई जुलम करे ने हम चुप बैठा रां... यो कां को न्याव है. उच्छव मनाणो है तो रातभर भजन-कीर्तन करो, कथा-प्रवचन कराव, रामलीला-नाटक करो. चिलम बजाव तो कोई के आफत नी आय. पर यो डीजे तो कान फाड़ी के धरती धुजय दे. यो कंय काम को. बाल गंगाधर तिलक जी ने तो यो उच्छव एका सारु चालू करियो थो कि सगळा लोग मिली-जुली ने मज़े से मनाव पण यां आंनद तो दूर भड-भड कूटा मगज चढ़य दे. बड़ा-बूड़ा ने नाना बालक की कोई सुनवई ज नी.

इत्ता में घिस्यो बोल्यो-..बस हुय गी तमारी पंचायत, अबे म्हारे किताब बाँचने दो. कल सवेरे तीन माही को पेपर है ने ऊ बी अंग्रेजी को. डीजे थोड़ो बंद होयो तो तमने हल्ला शुरू कर दिया. भागीरथ बा घिस्या की तरफ देखते हुए-भण रे भण घिस्या, गणपति जी सबके बुद्धि देणे वाला. वी ज आज नी तो काल इनके बुद्धि देगा कि इत्ती जोर से नी बजावे. उनकी बात भी पूरी नहीं हुई थी कि डीजे का शोर में दबी गई. डीजे पे फ़िल्मी गाणा जोर-जोर से बजी रिया था..!

संपादकीय बोर्ड | प्रबंध संपादक : सुमीत माहेश्वरी, समूह संपादक : क्रांति चतुर्वेदी

# भारतीय ज्योतिषीय भाषा का आधार संस्कृत




ज्योतिषाचार्य
तेजस्कर पाण्डेय


अंततः ज्योतिषीय भाषा एक ऐसा सूक्ष्म सेतु है जो अनंत आकाश में घूमते ग्रहों की अस्पष्ट गूंज को मनुष्य के हृदय की धड़कन से जोड़ देता है. यह भाषा भविष्य नहीं बनाती, पर मनुष्य को भविष्य का सामना करने योग्य बनाती है. यह भाग्य नहीं बदलती, पर दृष्टि अवश्य बदल देती है. यही दृष्टि आगे चलकर व्यक्ति के जीवन का मार्गदर्शन बनती है. शब्दों की इसी परिवर्तनकारी शक्ति के कारण ज्योतिष केवल विज्ञान नहीं, बल्कि मनुष्य और ब्रह्मांड के मध्य संवाद का आध्यात्मिक पुल है—एक ऐसा पुल जो तब तक जीवित रहता है जब तक मनुष्य प्रश्न पूछता है और आकाश में तारे चमकते हैं.

**ज्योतिष** केवल ग्रहों और नक्षत्रों की स्थिति का गणितीय विश्लेषण भर नहीं, बल्कि मानव जीवन की संवेदनात्मक और सांस्कृतिक यात्रा का आध्यात्मिक सहयात्री है. इस सहयात्रा में शब्द सबसे विश्वसनीय पुल हैं—ऐसे पुल जो आकाशीय गतियों की अमूर्त भाषा को मानव मन की अनुभूतियों, आशंकाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं में रूपांतरित करते हैं. इसलिए ज्योतिषियों की भाषा केवल अन्वय, संकेत या व्याख्या का माध्यम नहीं रहती, बल्कि वह एक जीवंत अनुष्ठान की तरह मनुष्य के भीतर विश्वास, स्थिरता, साहस और समाधान का संचार करती है. ज्योतिषीय संवाद का प्रत्येक शब्द एक अर्थ-विश्व रचता है, जिसमें गणित, मिथक, मनोविज्ञान, दर्शन, संस्कृति और आध्यात्मिकता एक साथ गुँधकर चलते हैं; इसलिए ज्योतिषी की भाषा वस्तुतः ज्ञान का जीवंत रूप है, न कि केवल व्याकरणिक वाक्य.

भारतीय ज्योतिषीय भाषा का आधार संस्कृत है—एक ऐसी भाषा जिसे परंपरा ने देववाणी कहा है. जब कोई ज्योतिषी राशि, नक्षत्र, दशा, अंतर्दशा, गोचर, योग, दोष, शुभ और अशुभ जैसे शब्दों का प्रयोग करता है, तो वह केवल तकनीकी शब्द नहीं बोल रहा होता, बल्कि वह हजारों वर्षों की सांस्कृतिक स्मृति को जीवित कर रहा होता है. दशा केवल एक कालखंड नहीं, बल्कि कर्म के उदय-अनुदय का आध्यात्मिक सिद्धांत है. राशि केवल बारह विभाजनों का नाम नहीं, बल्कि व्यक्ति के स्वभाव, वृत्ति और मनोभूमि का प्रतीकात्मक स्वर है. नक्षत्र तारा-मंडल नहीं, बल्कि देव-ऊर्जा का निवास-स्थान माना जाता है. इस तरह भारतीय ज्योतिष के शब्द अपने भीतर गणित से अधिक आध्यात्मिक, मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक भार लिये चलते हैं.



जब एक भारतीय ज्योतिषी कहता है कि शनि आपकी कर्म-परीक्षा ले रहे हैं, तो यह वाक्य व्यक्ति को भयभीत करने के लिए नहीं बल्कि उसके भीतर धैर्य, अनुशासन और सहनशीलता की शक्ति भरने के लिए कहा जाता है. जब वह कहता है कि बृहस्पति का आशीर्वाद आपके जीवन में विस्तार और कल्याण लाएगा, तो यह केवल ग्रह की स्थिति का वर्णन नहीं, बल्कि मनोबल, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार है. यहाँ शब्द मनुष्य की मानसिक प्रकृति में एक विशेष प्रकार की अर्थ-उपस्थिति उत्पन्न करते हैं. यह उपस्थिति ही विश्वास का आधार बनती है.

पश्चिमी ज्योतिष में शब्दावली का स्वर मनोवैज्ञानिक है. वे ग्रहों को आर्कटाइप के रूप में प्रस्तुत करते हैं. उदाहरणार्थ, शनि अंदर छिपे शिक्षक, प्लूटो परिवर्तन और पुनर्जन्म का दूत, नेपच्यून कल्पना, रहस्य और अंतर्ज्ञान का समुद्र, तथा मंगल साहस और संघर्ष का प्रतीक कहा जाता है. भाषा प्रेरक और आत्म-खोज की ओर उन्मुख होती है. यहाँ ज्योतिषी यह कहते हैं कि यह गोचर आपको अपने भीतर के सत्य से सामना कराएगा, या यह समय आपके आत्मिक उद्देश्य को उजागर करेगा. इस प्रकार की भाषा व्यक्ति को स्वतंत्रता, आत्मनिर्णय और मनोवैज्ञानिक परिपक्वता की ओर प्रेरित करती है.

भारतीय और पश्चिमी ज्योतिष दोनों ही प्रतीक और रूपक का व्यापक प्रयोग करते हैं. रूपकों की यह शक्ति अमूर्त को मूर्त, असंग्रहनीय को संग्रहणीय, और अज्ञेय को ज्ञेय बना देती है. उदाहरणतः भारतीय ज्योतिष में चन्द्रमा को मन का स्वामी, सूर्य को आत्मा का प्रतिनिधि, मंगल को बल और तेज, तथा शुक्र को सौंदर्य और प्रेम कहा जाता है. इन रूपकों से ग्रह केवल खगोलीय पिंड नहीं रहते, बल्कि मानव जीवन के सक्रिय पात्र बन जाते हैं.

ज्योतिषीय संवाद में शब्दों का उपयोग अत्यंत सावधानी और करुणा के साथ किया जाना आवश्यक है. क्योंकि ज्यादातर व्यक्ति किसी आंतरिक संघर्ष, निराशा, बाधा, भय या खोज की स्थिति में ज्योतिषी के पास पहुँचते हैं. ऐसे समय में शब्दों का चयन निर्णायक हो जाता है. एक ही ग्रह स्थिति को दो तरह से कहा जा सकता है—पहला, भयभीत कर देने वाला; दूसरा, आश्वस्त करने वाला. उदाहरण के लिए, यह गोचर आपके जीवन में बाधाएँ लाएगा और यह समय आपको आत्मबल और स्पष्टता प्रदान करेगा—दोनों वाक्य ज्योतिषीय तथ्य एक ही व्यक्त करते हैं, किंतु भाषा का प्रभाव दो बिल्कुल अलग मानसिक स्थितियाँ उत्पन्न करता है. यही कारण है कि फलदीपिका, सारावली और बृहत् पाराशर होरा शास्त्र सभी ज्योतिषी को संयमित वाणी, सत्यवादी भाषा, कोमलता, करुणा, और भय-मुक्त संवाद का उपदेश देते हैं.

इतिहास में आदर्श ज्योतिषियों को ऋषि-स्वभाव का कहा गया है—जो ज्ञान देने के साथ मानसिक-सांत्वना भी देते हैं. उनकी भाषा न भविष्य का डर पैदा करती है और न ही अति उत्साह. वह संतुलित होती है—न तु भीषणम् न च लाघवं. इसलिए ज्योतिषी की भाषा वास्तव में एक आचार-सिद्धांत है, केवल भाषा नहीं.

डिजिटल युग में ज्योतिष की भाषा का व्यापक विस्तार हुआ है. सोशल मीडिया पर ग्रहों की चर्चा मेम्स, कैप्शंस और एक लाइनर में होने लगी है. यहाँ भाषा में सरलता, गति, मनोरंजन और दृश्य-रूप का महत्व बढ़ा है. परंतु इस सरलता के बीच यह चुनौती भी उत्पन्न होती है कि पारंपरिक गहराई क्षीण न हो जाए. आधुनिक ज्योतिषी आज भाषा के दो छोरों को जोड़ते हैं—एक ओर गंभीर, शास्त्रीय, संस्कृत आधारित व्याख्या; दूसरी ओर हल्की, आधुनिक, मनोवैज्ञानिक और डिजिटल शैली. यह द्वंद्व स्वयं में आधुनिक ज्योतिष की पहचान बन चुका है.

ज्योतिषी जब किसी व्यक्ति को उसकी कुंडली समझाते हैं, तब केवल तथ्य नहीं बताते, बल्कि उस व्यक्ति की भावनाओं, उसकी आशाओं और उसके मानसिक सहारे को भी समझते हैं. भाषा का उपयोग केवल क्या होगा बताने के लिए नहीं, बल्कि आप इस परिस्थिति को कैसे देखें प्रेरित करने के लिए भी किया जाता है. उदाहरण के लिए, यदि कोई व्यक्ति जीवन में समस्या से जूझ रहा हो, तो ज्योतिषी के शब्द—यह आपका संघर्ष नहीं, यह आपका निर्माण-काल है—उस व्यक्ति की संपूर्ण अनुभूति बदल दे सकते हैं.

## राशिफल

दिनांक- 07 से 13 दिसम्बर 2025 तक




ज्योतिषाचार्य पंडित प्रियंका नारायणशंकर व्यास, कोतवाली बाजार, जबलपुर मो.नं. 098266-21998



**साप्ताहिक ग्रहस्थिति-** इस सप्ताह सूर्य वृश्चिक राशि में, मंगल वृश्चिक राशि में ता. 7 को 8.0 रात से धनु राशि, बुध वृश्चिक राशि में, वक्री गुरू कर्क राशि में, शुक्र वृश्चिक राशि में, शनि मीन राशि में, राहु कुम्भ राशि में, केतु सिंह राशि में और चन्द्रमा मिथुन कर्क सिंह और कन्या राशि में संचरण करेगा.

**ग्रहयोगों का प्रभाव :-** इस सप्ताह ता. 7 को धनुषे मंगल के प्रभाव से वायदा एवं हाजर के व्यापारी तेजी का लाभ लेंगे. रेशम, सरसों, तिल, तेल, लाल मिर्च, हींग, चना, चावल आदि अनाज, चांदी, सोना, तांबा आदि धातु एवं शेयर बाजार में तेजी आयेगी. रूई, सूत, कपास, में पहले मंदी होकर बाद में तेजी रहेगी.

**पर्व-व्रत-त्यौहार :**


| | |
|---|---|
| सोमवार 08 दिसम्बर को | संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत |
| शुक्रवार 12 दिसम्बर को | रूकमणी अष्टमी, अष्टका श्राद्ध |

**मेष**



जिद में आकर गलत फैसला लेने से बचें, उच्च अध्ययन में सफलता मिलेगी, जिस योजना को लेकर काफी समय से प्रयास कर रहे थे, उसे अंजाम तक पहुंचाने में सफलता का योग है. नौकरी में स्थान बदलने का मौका मिल सकता है, घूमने फिरने के बहाने रिश्तेदारी में जा सकते हैं, उन्नति की संभावना है, वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी.

**वृषभ**



भाग्य अनुकूल बना रहने से मुश्किल कार्य भी आसानी से बनेगा, अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिये आपने जितनी मेहनत की है, उसका लाभ मिलेगा, वैभव विलासिता पर खर्च होगा, जो लोग आपको नकारा समझते हैं, वे भी आपकी काबलियत की तारीफ करेंगे, सरकारी मामलों में कुछ विलंब हो सकता है, सौदे का मामला सुलझेगा.

**मिथुन**



अपनों के व्यवहार से खिन्नता होगी, घरेलू मामलों में विपरीत स्थिति का सामना करना पड़ेगा, सप्ताह के प्रारंभ में महत्व के कार्य करने की बजाय, रोजमर्रा की दिनचर्या ही निभाने का प्रयास करें, व्यवसाय में आप किसी अपरिचित पर अत्याधिक विश्वास न करें, स्वास्थ्य नरम गरम रहेगा, आप बच्चों के लिये कुछ हद तक परेशान रह सकते हैं.

**कर्क**



आप खुशी के समाचार सुनेंगे, परिवार की सुख सुविधाओं का ध्यान रखें, आयात निर्यात के बड़े व्यवसाय में लाभ होगा. बेरोजगारों को रोजगार मिलेंगे. प्रापर्टी संबंधी विवाद हल होगा. सप्ताह के अन्त में आपके निकटस्थ विरोधी नई मुसीबतें खड़ी कर सकते हैं, शीघ्र समाधान होगा, कामकाजी महिलाओं को परेशानी हो सकती है. कारोबारी यात्रा हो सकती है.

**सिंह**



हंसी खुशी का वातावरण रहेगा. आपकी नौकरी की तलाश खत्म हो सकती है. पेशेवर लोगों को वरिष्ठ लोगों का सहयोग मिलेगा, कारोबारी यात्राओं की अधिकता रहेगी. जल्द ही किसी बड़ी योजना को हाथ में ले सकते हैं. अपने व्यवहार और लगन का प्रयोग कर कार्यक्षेत्र में विस्तार कर सकते है. बीती बातों को याद करने से निजी संबंधों में कटुता आयेगी.

**कन्या**



आप जीवन के नये आयाम छुयेंगे, अपनी मेहनत और लगन के बल पर आप अपनी स्थिति में सुधार करने में सफल रहेंगे, कार्यक्षेत्र में क्रियाशील रहेंगे. खुले मन मस्तिष्क से समस्या का हल निकालेंगे. आप किसी नये अनुबंध में शामिल हो सकते हैं, जिससे मान सम्मान में प्रगति होगी, आप जिस पर अधिक भरोसा करते हैं, वही आपकी जड़ खोदने का प्रयास करेगा.

**तुला**




आपको नई नौकरी या नया कारोबार मिल सकता है, व्यापार के सिलसिले में यात्रा का योग बन रहा है, आपको करीबी रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा, बिखरे कार्य समेटने का प्रयास सफल होगा. संपत्ति के कार्यो में खर्च होगा. जानबूझकर की गई गलती की क्षमा मांगने में ही हित रहेगा. सप्ताहान्त में पारिवारिक सुखद योजना पर विचार होगा. वाहन चलाने में चोट लग सकती है.

**वृश्चिक**




अकेले काम का बोझ उठा लेने से आपको नुकसान हो सकता है, अपने सहकर्मियों या अधिनस्थों के कारण कुछ परेशानी हो सकती है, नये कारोबार की शुरूआत ठीक रहेगी, पुरानी गलती को सुधारकर आगे बढ़ें, जीवन आसान हो जायेगा, कार्यक्षेत्र में आप मुश्किलों का डटकर सामना करेंगे, सप्ताह में आपको अपने प्रयासों में अच्छी सफलता मिलेगी.

**धनु**



अपने आसपास का माहौल खुशनुमा पायेंगे, मेहमानबाजी में आनन्द महसूस करेंगे, आफिस में आपके खुले विचारों को कोई पसंद नहीं करेगा, अतीत से वर्तमान के साथ सामंजस्य बैठाने की कोशिश करेंगे, शेयर में धन निवेश से परहेज करें, व्यवसाय में सावधानी बरतें, आपसी संबंधों में अनदेखी न करें, संतान की उन्नति होगी, गुमी वस्तु मिलने का योग है.

**मकर**



परिस्थिति के अनुकूल विनम्रता अच्छी सफलता दिला सकती है, बहसबाजी और मुंह पर बोलने की आदत पर रोक लगायें, कार्य और व्यापार को सिर्फ धन कमाने का साधन ही नहीं समझें, बल्कि प्रतिष्ठा का आधार भी मानें, सामाजिक जिम्मेदारी अच्छे से निभायेंगे, परिश्रम अधिक करना पड़ेगा, कार्यक्षेत्र में प्रभावशाली सिद्ध होंगे.

**कुम्भ**



कुछ अच्छे दोस्त बन सकते हैं, जो आगे आपकी मदद कर सकते हैं, घरेलू कार्यो को जिम्मेदारी से करें, टालमटोल की प्रवृत्ति का परिणाम हानिप्रद हो सकता है, घरेलू माहौल खुशनुमा रहेगा, सप्ताह के मध्य बढ़ते हुये खर्च सामने आयेंगे, व्यापार की कार्य योजना का विस्तार होगा, अधिक जल्दबाजी से निर्णय न करना हितकर रहेगा, सत्संग में रूचि बढ़ेगी.

**मीन**



आपको अपनी अभिरूचियों व खुशियों पर ध्यान देने का अवसर मिलेगा, आप जो चाहते हैं, उसके अनुसार अपने कार्य बनाते चले जायेंगे, भाग्य भी आपकी मदद करेगा, हिम्मत और विश्वास में वृद्धि होगी, कैरियर में पहले से अच्छे प्रस्ताव मिलेंगे, आध्यात्मिक व धार्मिक कार्यो में आपकी रूचि बढ़ेगी, तरक्की की ऊँचाईयों पर पहुंचेंगे, लेकिन व्यक्तिगत संबंधों को भी पूरा महत्व देंगे.

# सुख-शांति के लिए करे संकष्टी चतुर्थी का व्रत

**हिन्दू** धर्म में भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और प्रथम पूजनीय देवता माना गया है. किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत उनसे ही होती है और उनका आशीर्वाद जीवन की बाधाओं को दूर कर सुख-शांति प्रदान करता है. संकष्टी चतुर्थी उन्हीं की अराधना के लिए समर्पित एक अत्यंत महत्वपूर्ण व्रत है, जो हर महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है. पौष माह में पड़ने वाली यह संकष्टी चतुर्थी विशेष फलदायी मानी जाती है.

वर्ष 2025 में यह पावन तिथि दिसंबर के दूसरे सप्ताह में पड़ रही है. इस अवसर पर श्रद्धालु व्रत, पूजन और चंद्रोदय दर्शन के माध्यम से अपने जीवन में सकारात्मकता और समृद्धि की कामना करेंगे. आइए पौष महीने की संकष्टी चतुर्थी की सही तिथि, पूजा विधि, शुभ मुहूर्त और महत्व को विस्तार से समझें.



पौष माह की संकष्टी चतुर्थी को विशेष फल देने वाली मानी गई है क्योंकि इस समय से शीत ऋतु का प्रभाव बढ़ता है और धार्मिक दृष्टि से यह काल पुण्यदायक होता है. व्रत का महत्व पुराणों में वर्णित है कि संकष्टी चतुर्थी का व्रत करने से व्यक्ति के जीवन में धन, बुद्धि और स्वास्थ्य की वृद्धि होती है. संतान इच्छा रखने वाले दंपतियों के लिए भी यह व्रत विशेष लाभकारी माना गया है. इस दिन भगवान गणेश की कृपा से— कठिन कार्य सरल बनते हैं

संकष्टी चतुर्थी 2025: सही तिथि और समय पंचांग के अनुसार पौष माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि वर्ष 2025 में 7 दिसंबर को शाम 6:24 बजे आरंभ होगी. यह तिथि अगले दिन 8 दिसंबर को शाम 4:03 बजे समाप्त होगी.

### पूजा विधि विस्तार

- ब्राह्ममुहूर्त में उठकर स्नान करें शरीर और मन को शुद्ध करके व्रत का संकल्प लें. स्वच्छ और धुले हुए कपड़े पहनें लाल रंग के वस्त्र को गणेश पूजा में विशेष शुभ माना जाता है.
- गणेश जी की मूर्ति या चित्र को साफ स्थान पर स्थापित करें.
- फूलों और दीप से सजाकर एक पवित्र वातावरण बनाएं. रोली, अक्षत, फूल और जल अर्पित करें.
- भगवान गणेश को सिंदूर चढ़ाना भी अत्यंत शुभ माना गया है.
- मोडक और तिल के लड्डू का भोग लगाए माना जाता है कि यह गणेश जी का प्रिय भोग है और प्रसन्नता का प्रतीक है.
- संकष्टी व्रत कथा का पाठ करें कथा सुनने या पढ़ने से व्रत पूर्ण और फलदायी माना जाता है. चंद्रोदय से पहले आरती करें



# धन के सुचारु प्रवाह के लिए तिजोरी की सही दिशा

**घर** में धन की स्थिरता, सेविंग की क्षमता और आर्थिक उतार-चढ़ाव पर वास्तु शास्त्र का असर होने की मान्यता एक बार फिर चर्चा में है, खासकर तब जब कई परिवार यह दावा कर रहे हैं कि तिजोरी या लॉकर की गलत दिशा उनके खर्च बढ़ा देती है और सही दिशा उन्हें आर्थिक संतुलन देती है. वास्तु के अनुसार, घर में तिजोरी की सही दिशा सिर्फ फर्नीचर प्लेसमेंट नहीं बल्कि एक ऊर्जा विज्ञान का हिस्सा है, जिसके मुताबिक उत्तर दिशा को धन के देवता कुबेर की दिशा कहा गया है और यह दिशा अवसरों, आय-स्रोतों तथा आर्थिक वृद्धि की प्रतीक मानी जाती है.

दिलचस्प बात यह है कि वास्तु मानता है कि हालांकि उत्तर दिशा धन के आगमन की दिशा है, लेकिन धन को स्थायी और सुरक्षित रखने के लिए तिजोरी को दक्षिण दिशा में रखकर उसका मुंह उत्तर की ओर खोलना अधिक शुभ माना जाता है. यदि किसी कारण से यह संभव न हो, तो दूसरा विकल्प तिजोरी का मुंह पूर्व दिशा की ओर खोलना बताया गया है. वहीं पश्चिम दिशा को तीसरा विकल्प माना गया है, लेकिन ऐसे में उत्तर दिशा को ऊर्जिमान बनाना अनिवार्य बताया जाता है ताकि धन का प्रवाह अवरुद्ध न हो. वास्तु विशेषज्ञों का कहना है कि गलत दिशा में रखी तिजोरी के कई संकेत घर में आसानी से दिखने लगते हैं—जैसे पैसा आते ही फिजूलखर्ची में खत्म हो जाना, बचत न होना, अचानक मेडिकल खर्च बढ़ जाना, या बिना जरूरत खरीदारी करना. कई लोग यह भी बताते हैं कि गलत दिशा में तिजोरी होने पर घर में अनावश्यक बहसें, तनाव या अनिश्चितता भी बढ़ जाती है. इसी वजह से वास्तु में तिजोरी की दिशा को सिर्फ धन से नहीं बल्कि मानसिक स्थिरता और पारिवारिक वातावरण से भी जोड़ा गया है.

उत्तर दिशा को ऊर्जिमान बनाने की परंपरा में हाल के वर्षों में क्रिस्टल, जल तत्व और नीले-हरे रंगों का उपयोग काफी पॉपुलर हो गया है. वास्तु के अनुसार, उत्तर दिशा जल तत्व की दिशा है और यह प्रवाह, अवसर और निरंतरता का प्रतीक है. इसी सिद्धांत के आधार पर पानी के छोटे फव्वारे, क्रिस्टल बॉल, ग्लास पिरामिड, ब्लू-ग्रीन डेकोरेशन और सी-पेपर लाइट का उपयोग काफी बढ़ गया है. कई लोग उत्तर दिशा में कुबेर यंत्र, क्रिस्टल ट्री, ब्लू क्वार्ट्ज, एक्वामरीन स्टोन, कांच का वाटर बाउल या छोटा फाउंटेन भी रखते हैं, ताकि ऊर्जा संचरण और धन का प्रवाह बेहतर हो सके.

वास्तु में एक अहम नियम यह भी है कि तिजोरी का मुंह कभी दक्षिण या पश्चिम दिशा की ओर न हो, क्योंकि यह धन के आउटफ्लो यानी धन के बहाव का संकेत माना जाता है. इसके अलावा तिजोरी को कमरे के कोने में सटाकर नहीं रखना चाहिए ताकि उसके चारों ओर ऊर्जा का संचार बना रहे. बीम के नीचे तिजोरी रखना भी नकारात्मक माना गया है, क्योंकि ऊपर का भारी दबाव आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है. कई घरों में देखा गया है कि तिजोरी के ऊपर लोग वस्तुएँ रख देते हैं, जबकि वास्तु इसे गलत मानता है क्योंकि इससे धन की ऊर्जा भारी

# सूर्योदय के बाद और दोपहर में सोना क्यों माना जाता है अशुभ?



**भारत** में शास्त्रों और ज्योतिष मान्यताओं का प्रभाव आज भी जीवनशैली, दिनचर्या और आदतों पर गहराई से देखा जा सकता है. इन्हीं मान्यताओं में से एक है—सोने-जागने के शुभ और अशुभ समय का महत्व, जिस पर सोशल मीडिया और हेल्थ कम्युनिटी में एक बार फिर चर्चा तेज हो रही है.

पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्योदय के बाद देर तक सोना न सिर्फ अशुभ माना गया है बल्कि यह व्यक्ति के स्वास्थ्य, धन, मानसिक ऊर्जा और जीवन के अनुशासन पर नकारात्मक असर डालता है. शास्त्रों में स्पष्ट उल्लेख मिलता है कि जो लोग सूर्योदय के बाद भी सोते रहते हैं, उनसे देवी महालक्ष्मी रूठ जाती हैं क्योंकि यह समय परिश्रम, ऊर्जा और नए दिन की शुरुआत का प्रतीक माना गया है. सुबह की पहली किरण को ब्रह्ममुहूर्त का विस्तार माना जाता है और इस समय जागना शरीर, मन और विचारों की शुद्धि का माध्यम समझा गया है. पारंपरिक मान्यता कहती है कि जो लोग आलस्यवश सुबह देर तक सोते रहते हैं, वे धीरे-धीरे मानसिक तनाव की गिरफ्त में आने लगते हैं, उनका आत्मविश्वास घटता है और उनमें निर्णय क्षमता कमजोर होती है.

माना जाता है कि ऐसे लोगों की आर्थिक स्थिति भी अस्थिर रहती है, क्योंकि लक्ष्मी की कृपा बिना परिश्रम और अनुशासन के प्राप्त नहीं होती. वहीं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी देखा जाए तो सूर्योदय के बाद सोना स्लीप-साइकिल को बिगाड़ देता है, जिसके चलते शरीर की जैविक घड़ी असंतुलित हो जाती है और इससे ऊर्जा में कमी, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन और मोटापा बढ़ने जैसी समस्याएँ सामने आ सकती हैं. विशेषज्ञों के अनुसार, सुबह की धूप शरीर में विटामिन ष्ठ का प्राकृतिक स्रोत है और सूरज की रोशनी से मेलाटोनिन का स्तर नियंत्रित होता है, जिससे पूरे दिन की एकाग्रता और मानसिक स्थिरता बनी रहती है. इसी तरह परंपराओं में दोपहर में सोना भी अशुभ माना गया है. शास्त्रों के अनुसार, यह समय कर्म, काम और जिम्मेदारियों को पूरा करने का समय है, न कि विश्राम का. माना जाता है कि दोपहर में सोने से व्यक्ति के भीतर आलस्य बढ़ता है, जीवन में ठहराव आता है और ऊर्जा की प्राकृतिक गति बाधित होती है. मानसिक और आध्यात्मिक दोनों स्तरों पर यह समय सक्रियता का समय माना गया है.

# चींटियों की चाल से भविष्य का अंदाजा?

## लोकमान्यताओं में काली-सफेद चींटियों की अहमियत

**घरों** में दिखने वाली चींटियों को लेकर लोकधारणाएँ आज भी काफी प्रचलित हैं. खासकर काली और सफेद चींटियों को लोग शुभ-अशुभ संकेतों से जोड़कर देखते रहे हैं. भारत में कई परिवार आज भी चींटियों की गतिविधियों को संकेत के रूप में देखते हैं. लोक मान्यताओं के अनुसार, काली चींटियाँ घर में धन आगमन का संकेत मानी जाती हैं.

खासकर यदि वे मंदिर या पूजा स्थल



के आसपास दिखें, तो इसे सकारात्मक माना जाता है. इसके उलट, सफेद चींटियाँ यानी टर्माइट्स को हानिकारक माना जाता है. लोक विश्वास कहता है कि इनका प्रकट होना आर्थिक हानि, घर की सेहत को खतरा और नकारात्मक बदलाव का संकेत हो सकता है.

भौतिक रूप से भी टर्माइट्स घर की लकड़ी और सामान को नुकसान पहुंचाते हैं, इसलिए इनसे सतर्क रहना ज़रूरी है. विशेषज्ञ कहते हैं कि पारंपरिक मान्यताओं को मानना गलत नहीं, लेकिन घर में सफेद चींटियों के दिखते ही तुरंत पेस्ट कंट्रोल कराना आवश्यक है. वहीं काली चींटियों की संख्या बढ़ने पर भी घर की साफ-सफाई और किचन के प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए.

लोक मान्यताओं की अपनी अहमियत है, पर विशेषज्ञ मानते हैं कि इनका असर व्यक्ति की सोच पर ज्यादा होता है. पॉजिटिव संकेत से आत्मविश्वास बढ़ता है तो नेगेटिव संकेत चिंता भी बढ़ा सकते हैं, इसलिए संतुलित दृष्टिकोण अपनाना बेहतर है.



# भारत का गेंद और बल्ले से कहर

## टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका से एक दिवसीय सीरीज़ 2-1 से जीती, जायसवाल ने ठोका शतक




**विशाखापत्तनम 6 दिसम्बर. भारत ने तीसरे और निर्णायक वनडे में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से रौंदकर तीन मैचों की इस सीरीज़ को 2-1 से अपने नाम कर लिया।**

इस जीत में टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर ने वो क्लास दिखाई जिसने मैच को शुरुआत से लेकर अंत तक एक तरफा कर दिया। युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने अपने वनडे करियर का पहला शतक जड़कर मैच को भारत के पक्ष में मोड़ दिया, जबकि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अर्धशतक लगाकर इस जीत को न सिर्फ आसान, बल्कि यादगार बना दिया।

**कुलदीप यादव और प्रसिद्धा कृष्णा ने लिए 4-4 विकेट**

**रोहित शर्मा ने खेली 75 रन की पारी**

**विराट कोहली 65 रन पर रहे नाबाद**

271 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 61 गेंदें शेष रहते 39.5 ओवर में ही मुकाबले का अंत कर दिया, जिससे टीम का दबदबा पूरी तरह झलकता है।

दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी और उनके भरोसेमंद बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने 106 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को 270 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। हालांकि डिकॉक के अलावा दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाया।

भारत की ओर से तेज और स्पिन—दोनों ही डिपार्टमेंट्स ने कमाल दिखाया। गेंदबाजों ने लाइन-लेंथ इतनी सटीक रखी कि विरोधी टीम को रन बनाने के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ा। यही वजह रही कि डिकॉक की सेंचुरी के बावजूद टीम 50 ओवर भी नहीं खेल पाई और 47.5 ओवर में 270 पर आउट हो गई। कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा ने तीसरे वनडे में चार-चार विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीकी पारी को 270 रनों पर समेट दिया.

### कुलदीप ने कुंबले को पीछे छोड़ा

विशाखापत्तनम में खेले गए तीसरे वनडे मैच में कुलदीप यादव ने डेवाल्ड ब्रेविस, मार्को यान्सेन, कॉर्बिन बॉश और लुंगी एनगिडी को अपना शिकार बनाया. कुलदीप ने एक दिवसीय क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा 4-विकेट हॉल लेने वाले भारतीय गेंदबाजों की सूची में अनिल कुंबले और जवागल श्रीनाथ जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है.

### 20 हजार रन बनाने वाले 14वें खिलाड़ी बने रोहित शर्मा

इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना 505वां मैच खेल रहे रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 15वें ओवर में इतिहास रचा. रोहित के अब टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल में मिलाकर 20 हजार से ज्यादा रन हो गए हैं. रोहित बेहतरीन लय में दिख रहे हैं. वह अर्धशतक के करीब हैं. इस सीरीज के पहले मैच में रोहित ने शानदार फिफ्टी लगाई थी. इंटरनेशनल क्रिकेट में 20 हजार रन पूरे करने वाले रोहित शर्मा 14वें क्रिकेटर हैं. उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, कुमार संगाकारा, विराट कोहली, रिकी पोंटिंग, महेला जयावर्धने, जैक कैलिस, राहुल द्रविड़, ब्रायन लारा, जो रूट, सनथ जयासूर्या, शिवनारायण चंद्रपाल, इंजमाम उल हक और एबी डिविलियर्स ने ऐसा किया है.

## आज भारत सेमीफाइनल में जर्मनी से भिड़ेगा

**चेन्नई, 06 दिसंबर** मेजबान भारत रविवार को सेमीफ़ाइनल में सात बार की चैंपियन जर्मनी से भिड़ेगा। भारत ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप दो बार जीता है, और उसकी आखिरी जीत 2016 में हुई थी, जब यह टूर्नामेंट लखनऊ में उसके घर पर हुआ था। मंगलवार को मदुरै इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में पुरुषों के रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जोश से भरे भारत ने अपना धैर्य बनाए रखते हुए शूट-आउट में बेल्जियम को 4-3 से हराया। प्रिंसदीप सिंह ने शूटआउट में भारतीय हॉकी टीम के लिए शानदार बचाव किया। प्लेयर ऑफ़ द मैच चुने गए प्रिंसदीप ने कहा, '(कोच) पीआर श्रीजेश से बहुत कुछ सीखा है और उन्हें देखकर, उनसे सीखकर आत्मविश्वास बढ़ा है। यह एक शानदार मैच था और चेन्नई में दर्शकों का समर्थन अविश्वसनीय था।' शारदा नंद तिवारी भी भारत के शूटआउट में डटे रहे, उनके पेनल्टी स्ट्रोक्स ने भारत को मुकाबले में बनाए रखा। उन्होंने तीन गोल किए, जबकि अंकित पाल ने भारत के लिए विनिंग गोल किया, जिससे टेंशन वाले शूटआउट में स्कोर 4-3 हो गया।

# कंगारू गेंदबाजों ने दिखाई जीत की किरण

**ब्रिस्बेन, 06 दिसंबर** ऑस्ट्रेलिया एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर जीत हासिल करने और 2-0 की बढ़त बनाने के करीब पहुंच गया है।

**दूसरा एशेज टेस्ट**
- **इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 134 रन पर गंवाए 6 विकेट**
- **ऑस्ट्रेलिया को अभी पहली पारी के आधार पर 43 रन की बढ़त**

इंग्लैंड ने तीसरे दिन स्टंप्स तक अपने छह विकेट 134 रन पर खो दिए हैं और वह अभी मेजबान टीम की पहली पारी की बढ़त से 43 रन पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने गाबा में अपना दबदबा बनाए रखा, और एक और सेशन जीत लिया। इंग्लैंड के ओपनर्स ने डिनर से पहले पहले 6 ओवर में 45 रन बनाकर उन्हें जबरदस्त शुरुआत दी, लेकिन स्कॉट बोलैंड के आते ही चीज़ें तेजी से बदल गईं। एक गेंद नीची रही और डकेट को पूरी तरह धोखा दे गई, जो इंटरवल के ठीक बाद बोल्ड हो गए।

क्रॉली और पोप ने मिलकर एक मजबूत स्टैंड बनाया, लेकिन नेसर ने दोनों को तेजी से कैच-एंड-बोल्ड करके आउट कर दिया। रूट उम्मीद जगाने वाले लग रहे थे लेकिन वह ज़्यादा देर तक नहीं टिक पाए, स्टार्क ने उन्हें कैच आउट कर दिया। बोलैंड ने ब्रूक को कैच आउट कराया, जबकि जेमी स्मिथ भी जल्द ही विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। आखिरी सेशन दिन का सबसे ड्रामैटिक रहा, जिसमें लगभग हर गेंद पर कुछ न कुछ हो रहा था। पहले दो दिनों में, पुरानी पिंक बॉल के सामने बैटिंग करना आसान लग रहा था, लेकिन आज रात पूरी तरह से अलग टेस्ट था।



> ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मिचेल स्टार्क, माइकल नेसर और स्कॉट बोलैंड ने दो-दो विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को इस डे-नाईट टेस्ट में जीत की किरण दिखा दी है।

# स्मृति सोशल मीडिया पर वापस लौटीं



**नयी दिल्ली, 06 दिसंबर** भारतीय महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना अपनी शादी टलने के लगभग दो हफ्ते बाद करियर और क्रिकेट सफर पर फोकस करते हुए सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम फिर से सक्रिय हो गयी हैं।

सिंगर-कंपोजर पलाश मुच्छल के साथ उनकी शादी 23 नवंबर को होने वाली थी। उनके पिता की अचानक तबीयत खराब होने के कारण इसे टाल दिया गया है। मंधाना ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक पेड पार्टनरशिप वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने क्रिकेट सफर और करियर के बारे में बात की।

> फैंस ने तुरंत कमेंट्स में सपोर्ट और खुशी के मैसेज भेजे। एक ने लिखा, 'खुश रहो, स्मृति।'

## एक नजर में

### भूपेंद्र धवन लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**नयी दिल्ली.** ग्लोबल स्ट्रेंथ स्पोर्ट्स सेलिब्रिटी फेडरेशन (लंदन, यूके) ने द्रोणाचार्य अवार्डी भूपेंद्र धवन को पिछले 35 सालों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयरन गेम्स (बॉडीबिल्डिंग और पावरलिफ्टिंग) के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया है। इस साल का अवॉर्ड समारोह 22 नवंबर 2025 को लंदन में हुआ था। पहले से तय प्रोफेशनल कामों के कारण, धवन इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए थे। आज यहां आयोजित एक खास कार्यक्रम में, फेडरेशन की प्रेसिडेंट सुश्री हैने बिंगल एमबीई ने ग्लोबल स्ट्रेंथ स्पोर्ट्स सेलिब्रिटी फेडरेशन की ओर से उन्हें यह अवॉर्ड औपचारिक रूप से प्रदान किया।



### पिच पर गड्ढा होने से रद्द हुआ डब्ल्यूबीबीएल का मैच

**एडिलेड.** पिच पर गलती से भारी रोलर द्वारा एक क्रिकेट गेंद रोल हो जाने से हुए गड्ढे के चलते एडिलेड स्ट्राइकर्स और होबार्ट हरिकेन्स के बीच डब्ल्यूबीबीएल मुक़ाबला रद्द करना पड़ गया। डब्ल्यूबीबीएल नियमों के अनुसार पारी ब्रेक के दौरान पिच को हेवी रोलर से रोल किया जा रहा था कि तभी पास के फ़ील्डिंग वॉर्म अप से गेंद पिच पर लुढ़क गई और रोलर से गेंद भी पिच पर रोल हो गई। रोलर भारी था इसलिए गेंद पिच पर धंस गई और बीच पिच पर गेंद के आकार जितना गड्ढा हो गया। स्ट्राइकर्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए इसका कारण बताया कि आख़िर क्यों पिच पर गड्ढा होने के बाद मैच को रद्द किया गया।

### अबू धाबी नाइट राइडर्स ने रसेल को किया सम्मानित

**अबू धाबी.** अबू धाबी नाइट राइडर्स ने टी-20 प्रारूप में 500 विकेट लेने वाले आंद्रे रसेल को सम्मानित किया है। आंद्रे रसेल ने यह उपलब्धि डीपी वर्ल्ड आईएल टी-20 के दौरान अबू धाबी नाइट राइडर्स और डेजर्ट वाइपर्स के बीच खेले गये मुकाबले में हासिल की। इसी के साथ वह इस प्रारुप में 500 विकेट पूरे करने वाले दुनिया के कुछ ही खिलाड़ियों में से एक बन गए हैं। इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए, अबू धाबी नाइट राइडर्स ने रसेल को एक कस्टमाइज्ड '500' जर्सी भेंट की, जो टीम और टी-20 क्रिकेट में उनके शानदार योगदान का जश्न मनाती है।

### एफसी गोवा की नजरें खिताब बचाने पर

**फातोर्दा.** कोलकाता की बड़ी टीम ईस्ट बंगाल रविवार को फातोर्दा के जेएलएन स्टेडियम में एआईएफएफ सुपर कप 2025-26 के फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन एफसी गोवा से भिड़ेगी। ईस्ट बंगाल बनाम एफसी गोवा का फाइनल रविवार शाम 7 :30 बजे शुरू होगा। 2018 में फेडरेशन कप के बाद शुरू हुआ सुपर कप, इंडियन फुटबॉल का टॉप-टियर डोमेस्टिक कप कॉम्पिटिशन है और जीतने वालों को 2026-27 एएफसी चैंपियंस लीग टू प्ले-ऑफ में जगह मिलेगी। ईस्ट बंगाल एफसी गोवा के खिलाफ बिना हारे फाइनल में पहुंचा है। उन्होंने सेमीफाइनल में पंजाब एफसी को 3-1 से हराने से पहले ग्रुप ए में एक जीत और दो ड्रॉ के साथ टॉप किया था। दूसरी ओर, गौर्स अपना ग्रुप बी मैच नॉर्थईस्ट यूनाइटेड से हार गए, लेकिन जमशेदपुर एफसी और इंटर काशी को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे, जहां उन्होंने मुंबई सिटी को 2-1 से हराया।

### चोटिल बर्गर भारत के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर

**विशाखापत्तनम.** चोट के चलते नांद्रे बर्गर और टॉनी डी ज़ॉर्ज़ी भारत के ख़िलाफ तीसरे वनडे से बाहर हो गए हैं। बर्गर भारत के खिलाफ टी20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बर्गर दूसरे वनडे के दौरान हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते मुक़ाबले से बाहर हो गए थे जबकि डी ज़ॉर्ज़ी को दक्षिण अफ्रीका की चेज के दौरान 45वें ओवर में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव महसूस हुआ और वह 17 रन के निजी स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। सीएसए के बयान में बताया गया कि दोनों खिलाड़ियों का शुक्रवार को स्कैन हुआ था और बर्गर भारत के ख़िलाफ मंगलवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने टी20 सीरीज के लिए बर्गर का रिप्लेसमेंट घोषित नहीं किया है।



## न्यूजीलैंड बनाम वेस्टइंडीज टेस्ट मैच हुआ ड्रा

# ग्रीव्स का दोहरा शतक बना कठिन ढाल

**क्राइस्टचर्च 6 दिसम्बर.** क्राइस्टचर्च के हेगली ओवल पर शनिवार का अंतिम सत्र ऐसा था, जिसने पूरे मुकाबले की दिशा ही बदल दी। न्यूजीलैंड की जीत लगभग तय मानी जा रही थी, लेकिन जस्टिन ग्रीव्स ने चौथी पारी में जिस धैर्य, साहस और संघर्ष की मिसाल पेश की, उसने वेस्टइंडीज को एक ऐतिहासिक हार से निकालकर शानदार ड्रा दिला दिया।

- **जस्टिन ग्रीव्स ने खेली नाबाद 202 रन की पारी**
- **विंडीज का विश्व टेस्ट स्पर्धा में पहला अंक**

ग्रीव्स की नाबाद 202 रनों की जुझारू और धैर्यपूर्ण पारी के साथ अनुभवी केमार रोच के नाबाद 58 रनों ने वेस्टइंडीज को न सिर्फ बचाया, बल्कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में उनका पहला अंक भी सुनिश्चित किया। यह मुकाबला भले नतीजे के लिहाज से बराबरी पर खत्म हुआ, लेकिन ग्रीव्स ने इसे अपनी दृढ़ता से यादगार बना दिया। पांचवें दिन वेस्टइंडीज 217 पर दो विकेट से आगे खेलते हुए उतरा था।

शाई होप और जस्टिन ग्रीव्स पर सबसे ज़्यादा उम्मीदें थीं। आंखों में संक्रमण से जूझते हुए शाई होप ने 234 गेंदों पर 140 रनों की साहसी और संतुलित पारी खेली। उन्होंने न्यूजीलैंड की बढ़त को धीरे-धीरे कम किया और टीम को स्थिरता दी। लेकिन 93वें ओवर में होप के आउट होते ही मैच का संतुलन बदलने लगा। थोड़ी ही देर बाद टेविन इमलाच भी पवेलियन लौट गए। वेस्टइंडीज 277 पर छह विकेट गंवा चुका था, और 531 रनों का लक्ष्य दूर की बात लगने के साथ-साथ मैच बचाना भी कठिन होता जा रहा था। यहीं से संघर्ष की नई शुरुआत हुई। क्रीज पर आए 37 वर्षीय अनुभवी केमार रोच। उन्होंने शुरुआत से ही विकेट बचाने को प्राथमिकता दी और शांत, संयमित अंदाज़ में पारी को थाम लिया। दूसरी ओर, जस्टिन ग्रीव्स अपनी पारी की शुरुआती सहजता को पीछे छोड़ते हुए पूरी तरह धैर्य, दृढ़ता और आत्मसंयम से बल्लेबाजी करते चले गए।

> न्यूजीलैंड के थके हुए तेज़ गेंदबाज—जैकब डफी, जैक फाउल्क्स और अन्य—लगातार कोशिश करते रहे, लेकिन ग्रीव्स और रोच की दीवार टूटने का नाम नहीं ले रही थी। ग्रीव्स की यह पारी केवल एक दोहरा शतक नहीं थी। यह मानसिक मजबूती और टीम को बचाने की जिम्मेदारी का सर्वोत्तम उदाहरण थी। पूरी पारी के दौरान उन्हें कई बार गेंदें शरीर पर लगीं, लेकिन हर बार वह और स्थिर होते गए।

## नोएडा में 15 जनवरी से प्रो रेसलिंग लीग

**नोएडा, 6 दिसंबर** प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) ऑफिशियली वापस आ गई है, और इसे उम्मीद से कहीं ज़्यादा रिस्पॉन्स मिला है। लीग 15 जनवरी 2026 को शुरू होगी, और इसका ग्रैंड फिनाले 1 फरवरी 2026 को मशहूर नोएडा इनडोर स्टेडियम में होगा, जो लीग के पूरे समय के लिए पहले ही पूरी तरह से बुक हो चुका है। स्पोर्ट्स और कॉर्पोरेट दुनिया में जो बात धूम मचा रही है, वह है इस सीजन को लेकर जबरदस्त क्रेज। कुछ ही हफ़्तों में, पीडब्ल्यूएल फ्रेंचाइज स्पेस इंडियन स्पोर्ट्स में सबसे ज़्यादा डिमांड वाली जगहों में से एक बन गया है।

# मैदानी अंपायर से बहस महंगी पड़ी

**नई दिल्ली 6 दिसम्बर.** पाकिस्तान के बल्लेबाज फखर जमान पर हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ ट्राई-सीरीज के फाइनल मैच के दौरान आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट लेवल-1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है.

**सजा सुन अक्ल लगी ठिकाने**

शनिवार, 29 नवंबर को हुए उस खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराया था. फखर उस मुकाबले में 3 रन बनाकर आउट हुए थे. आईसीसी ने अपने स्टेटमेंट में बताया कि जमान को आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट फॉर प्लेयर्स एंड प्लेयर सपोर्ट पर्सनल के आर्टिकल 2.8 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो इंटरनेशनल मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने से संबंधित है. जमान के डिसिप्लिनरी रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट जोड़ा गया है.ये पाकिस्तानी पारी के 18वें ओवर में हुआ था, वह अपने विकेट और फैसले से नाखुश थे, जिसके बाद उन्होंने ऑन-फील्ड अंपायर से लंबी बहस की थी.




# फीफा कप का ग्रुप आई बना 'ग्रुप ऑफ डेथ'

**वॉशिंगटन, 06 दिसंबर.** 2026 फीफा वर्ल्ड कप का ड्रॉ शुक्रवार को जॉन एफ. केनेडी सेंटर में हुआ, जिससे फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट के पहले 48-टीम एडिशन के लिए माहौल तैयार हो गया।



कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका में बढ़े हुए ग्रुप फॉर्मेट और पहले कभी नहीं हुए मैचों की संख्या के साथ, ड्रॉ सेरेमनी में कई हेडलाइन बनाने वाले मुकाबले तय हुए। लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के जमाने के बाद, किलियन एम्बाप्पे और एर्लिंग हालैंड दुनिया के फुटबॉल के दो सबसे बड़े स्टार बनकर उभरे हैं। उनकी नेशनल टीमें, फ्रांस और नॉर्वे, ग्रुप आई में एक साथ आने के बाद ग्रुप स्टेज की शुरुआत में ही मिलेंगी।

**पूरा ड्रॉ इस तरह है**

- **ग्रुप ए :** मेक्सिको, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका, यूरोपियन प्लेऑफ़ विनर डी (डेनमार्क/नॉर्थ मैसेडोनिया/चेक रिपब्लिक/आयरलैंड);
- **ग्रुप बी :** कनाडा, स्विट्जरलैंड, कतर, यूरोपियन प्लेऑफ़ विनर ए (इटली/नॉर्दर्न आयरलैंड/वेल्स/बोस्निया और हर्जेगोविना);
- **ग्रुप सी :** ब्राजील, मोरक्को, स्कॉटलैंड, हैती;
- **ग्रुप डी :** यूनाइटेड स्टेट्स, ऑस्ट्रेलिया, पैराग्वे, यूरोपियन प्लेऑफ़ विनर सी (तुर्किये/रोमानिया/स्लोवाकिया/कोसोवो);
- **ग्रुप ई :** जर्मनी, कुराकाओ, कोटे डी आइवर, इक्वाडोर;
- **ग्रुप एफ :** नीदरलैंड्स, जापान, ट्यूनीशिया, यूरोपियन प्लेऑफ़ विनर बी (यूक्रेन/स्वीडन/पोलैंड/अल्बानिया);
- **ग्रुप जी :** बेल्जियम, ईरान, मिस्र, न्यूज़ीलैंड;
- **ग्रुप एच :** स्पेन, उरुग्वे, सऊदी अरब, केप वर्डे;
- **ग्रुप आई :** फ्रांस, सेनेगल, नॉर्वे, फीफा प्लेऑफ विनर (बोलीविया/सूरीनाम/इराक);
- **ग्रुप जे :** अर्जेंटीना, ऑस्ट्रिया, अल्जीरिया, जॉर्डन;
- **ग्रुप के :** पुर्तगाल, कोलंबिया, उज़्बेकिस्तान, फीफा प्लेऑफ़ विनर (न्यू कैलेडोनिया/जमैका/डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ़ द कांगो);
- **ग्रुप एल :** इंग्लैंड, क्रोएशिया, पनामा, घाना।

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी** — मध्य प्रदेश, मुंबई और पुड्डुचेरी ने शानदार जीत दर्ज की, गुजरात ने हिमाचल पर अंतिम ओवर में रोमांचक जीत हासिल की

# झारखंड ने तमिलनाडु को हराकर टूर्नामेंट में अजेय रिकॉर्ड कायम किया

**अहमदाबाद/लखनऊ/हैदराबाद 6 दिसंबर.** सैयद मुश्ताक अली टॉफी में रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी रहा। झारखंड ने अहमदाबाद में तमिलनाडु को 28 रन से हराकर लगातार छठी जीत हासिल की और टूर्नामेंट में अपने अजेय क्रम को कायम रखा। इसी दिन मध्य प्रदेश, मुंबई, पुडुचेरी और गुजरात ने भी जीत की झोली भरी, जबकि असम और कर्नाटक को हार का सामना करना पड़ा।




झारखंड की बल्लेबाजी ने तमिलनाडु के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। कुमार कुशाग्र ने 48 गेंदों में नाबाद 84 रन बनाए, जबकि विराट सिंह ने 39 गेंदों में 72 रन की पारी खेली। इन दोनों खिलाड़ियों ने केवल 10.4 ओवर में 120 रन की निर्णायक साझेदारी की, जबकि टीम का स्टार बल्लेबाज ईशान किशन मात्र दो रन पर आउट हो गए थे। इसके बाद अनुकूल रॉय ने 16 गेंदों में 25 रन बनाकर टीम को 200 रन के पार पहुँचाया। झारखंड ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 207 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जवाब में, तमिलनाडु ने पावरप्ले में साई सुदर्शन (64) और तुषार रहेजा (27) की 64 रन की तेज साझेदारी से अच्छी शुरुआत ली, लेकिन तुषार के पावरप्ले के आखिरी ओवर में आउट होने के बाद टीम की गति धीमी पड़ गई। झारखंड के गेंदबाजों बाल कृष्ण और अनुकूल रॉय ने रेगुलर विकेट लेकर विरोधियों पर दबाव बनाया। तमिलनाडु 116/1 से गिरकर 145/5 पर आ गया और अंततः 179/7 पर ही अपनी पारी समाप्त कर सकी।

> मध्य प्रदेश ने कोलकाता में छक्कों और विकेटों की बारिश करते हुए चंडीगढ़ को छह ओवर और सात विकेट बचते हुए हराया। अरशद खान ने 4-1-9-6 के शानदार आंकड़े पेश किए और चंडीगढ़ के बल्लेबाजों को तहस-नहस कर दिया। मनन वोहरा 52(43) रन बनाकर अकेले टिके, लेकिन टीम सिर्फ 134/8 रन ही बना सकी। इसके जवाब में हर्ष गवली (74*) और हरप्रीत सिंह भाटिया (48) ने 95 रन की साझेदारी कर मध्य प्रदेश को आराम से जीत दिलाई।

> सौराष्ट्र और कर्नाटक का मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। सौराष्ट्र ने सिद्धांत राणा (42) और विश्वराज जडेजा (40) की 40 रन की साझेदारी के दम पर 8 विकेट पर 178 रन बनाए। कर्नाटक ने देवदत्त पडिक्कल (66) की पारी के बावजूद 177/9 रन ही बना पाए और एक रन से हार गए।

> गोवा ने जम्मू-कश्मीर को सात विकेट से हरा दिया. जम्मू-कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 161/5 रन बनाए। गोवा ने 19 ओवर में तीन विकेट पर 167 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

**अन्य मैच**

गुजरात और हिमाचल प्रदेश का मुकाबला आखिरी ओवर तक रोमांचक रहा। हिमाचल प्रदेश ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 193 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 9 विकेट पर 194 रन बनाकर मुकाबला केवल एक विकेट से जीत लिया। मुंबई ने लखनऊ में छत्तीसगढ़ को 4.1 ओवर और आठ विकेट रहते पूरी तरह हराया। आयुष म्हात्रे ने 49 गेंदों में नाबाद 69 रन बनाकर टीम को आसान जीत दिलाई हैदराबाद में पुड्डुचेरी ने बंगाल को 81 रन से हराया।



# ऐतिहासिक पुल को संवारने की शुरुआत

- 175 साल पुराने पुल को बचाने आये शहर के लोग
- यह पुल विदिशा को रायसेन से जोड़ने का रहा मुख्य मार्ग
- बड़ी संख्या में पहुंचकर लोगों ने किया श्रमदान

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, रंगई स्थित बेतवा नदी पर बने करीब 175 वर्ष पुराने ऐतिहासिक पुल के संरक्षण और पुनरूद्धार की दिशा में शहर के जागरूक नागरिकों ने पहल की है. पुरातत्विक विरासतों के संरक्षण के लिए कार्यरत इंटेक चेप्टर विदिशा, विरासत ग्रुप, बेतवा बिरादरी, बाल विहार कल्याण समिति, विदिशा सेवा संस्थान, पाठक न्यास सहित कई स्वतंत्र समूहों ने शनिवार को श्रमदान कर पुल की सफाई और झाड़ियां हटाने का कार्य किया. इस दौरान विधायक मुकेश टंडन और नगरपालिका में सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा भी श्रमदान में शामिल हुए.**

विरासत अध्यक्ष गोविंद देवलिया ने बताया कि बेतवा का यह पुल कभी विदिशा को रायसेन से जोड़ने का मुख्य मार्ग रहा है. पुल की जर्जर स्थिति और आसपास उगी झाड़ियों को हटाने के लिए नागरिकों ने लंबे समय से पुनरोद्धार की मांग की थी. इसी क्रम में 6 दिसंबर को बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एकत्रित हुए और पुल को धरोहर के रूप में संरक्षित रखने के उद्देश्य से सफाई अभियान चलाया.

**पर्यटन मानचित्र पर लाने प्रयास-** इंटेक के सह संयोजक ऋषि जालौरी ने बताया कि पुल को संरक्षित कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने की मांग की जा रही है.

नागरिक चाहते हैं कि पुल पर दोनों ओर रैलिंग लगाई जाए, प्रकाश व्यवस्था सुधारी जाए और बैठने की व्यवस्था बनाई जाए, ताकि यह स्थल शहर के पर्यटन मानचित्र पर पुन:स्थान पा सके.

### जुर्माना भरने के बजाय करा दिया पुल का निर्माण

इंटेक चेप्टर के संयोजक अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि यह पुल तत्कालीन जागीरदार द्वारा लगभग 175 वर्ष पहले बनाया गया था. उन पर सिंधिया रियासत द्वारा मात्र दो कौड़ी का जुर्माना लगाया गया था. जुर्माने का कारण यह था कि ग्वालियर महाराज विदिशा पहुंचे थे, उस समय जागीरदार गोरी शंकर श्रीवास्तव उनके मोहनगिरि स्थित शिविर में समय पर नहीं पहुंच पाए थे, जिससे महाराज नाराज हुए और जुर्माना लगाया. जुर्माना भरने के बजाय जागीरदार ने इस पुल का निर्माण करा दिया. दो सदियों तक यह पुल आवागमन का प्रमुख साधन रहा, लेकिन नए पुल के बनने के बाद इसकी अनदेखी होने लगी.

## 700 पदों पर की जाएगी युवाओं की भर्ती

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार वस्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 दिसंबर को प्रात: 11 बजे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. मेले में स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे. मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी. इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नए प्रकरण तैयार किये जाएंगे. इसके साथ ही शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये आवेदकों को चयनित किया जाएगा.

# करंट से मौत में चार लाख की राशि स्वीकृत

**लाइन परिचारक को विद्युत कंपनी के अधिकारी ने किया सस्पेंड**

**कलेक्टर ने की मृतक के बच्चों को चार हजार रुपये देने की घोषणा**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र के डुड़ियन खेरा गांव में बिजली का करंट लगने से मोहन अहिरवार की मौत के मामले में बिजली कंपनी और जिला प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मृतक के परिजनों को चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि स्वीकृत की है वहीं लाइन परिचारक को सस्पेंड करने कार्यवाही को अंजाम दिया है। वही कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के अनुसार मृतक के बच्चों को हर महीने चार-चार हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।**



घटना गुरुवार सुबह करीब 9 बजे हुई थी। जिसमें 11 केवी सूरजपुर फीडर के तार टूटने और आपूर्ति व्यवस्था में गंभीर तकनीकी चूक के कारण मोहन अहिरवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री एसके त्रिपाठी ने बताया कि कंपनी ने अपने प्रावधानों के तहत मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपए की अनुग्रह राशि स्वीकृत की है। इसके भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही मृतक के परिवार के एक सदस्य को वैकल्पिक सहायता राहत प्रक्रिया में शामिल करने की अनुशंसा भी की गई है।

### घटना की निंदा

घटना के दिन इस मामले को लेकर भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष संजय अहिरवार ने अपना एक ब्यान जारी कर बताया था कि युवक के पास कोई भी सुरक्षा के इंतजाम नहीं थे। लाइनमैन भी मौके पर था। दरअसल लाइनमैन गांव के एक-दो लोगों को हेल्पर के तौर पर रख लेते हैं। खराबी आने पर उन्हें खंभे पर भी चढा देते हैं। उन्हें 200 से 300 रुपए भी देते हैं। मोहन अहिरवार भी ऐसा ही व्यक्ति था। ऐसे में लाइनमैन लोगों की जिंदगी को दांव पर लगाकर काम करते हैं। इस बात को गंभीरता से लेते हुए विद्युत कंपनी द्वारा इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया है।



## शासकीय उचित मूल्य दुकान निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**हैदरगढ़, ग्यारसपुर एसडीएम शशि मिश्रा ने आज भ्रमण के दौरान ग्राम हैदरगढ़ में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकान में खाद्यान्न वितरण की स्थिति, स्टॉक रजिस्टर, उपभोक्ता पंजी, वजन माप उपकरण तथा वितरण प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया एसडीएम ने दुकान संचालक को सामग्री वितरण की पारदर्शिता सुनिश्चित करने, पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने तथा सभी अभिलेख अद्यतन रखने के निर्देश दिए. श्रीमती मिश्रा ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली ग्रामीण गरीबों के लिए महत्वपूर्ण योजना है, अत: किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. प्रशासन द्वारा ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे.

# चोरी के बाद बैग फेवी क्विक से चिपकाया

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 06 दिसम्बर, का. चलती बस में दबे पांव गहने और नगदी उड़ाने वाले उत्तर प्रदेश के हाथरस गैंग के 3 आरोपी पुलिस के हाथ लग गए है. नवंबर माह में हुई घटना के बाद पुलिस ने तकनीकि साधनों की मदद से आरोपियों को रिकॉर्ड समय में माल सहित धर दबोचा है.**

गैंग के 6 में से 3 सदस्य पकड़ में आ चुके है. बाकी को पुलिस टीम तलाश कर रही है. पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लिया है. इधर एसपी अमित तोलानी ने पूरी पुलिस टीम को बधाई देते हुए घटना का खुलासा किया है. फरियादी वृद्धा के साथ हुई घटना के बाद हड़कंप मचा हुआ था.



**श्योपुर-मुरैना मार्ग से धराए आरोपी-** शिकायत पर थाना देहात ब्यावरा में अपराध क्रमांक 330/25, धारा 305(5) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया. घटना को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई. टीम द्वारा मिर्जापुर में दबिश दी गई, परंतु आरोपी बाहर होने से पकड़े नहीं गए. तकनीकी लोकेशन पर आधारित ट्रैकिंग के बाद तीन आरोपी जौरा बस स्टैंड (श्योपुर/मुरैना मार्ग) से गिरफ्तार किए गए.

एक आरोपी ने वृद्धा से कहा आप सीट के नीचे बैग रख दीजिए बैठने में सहूलियत होगी. इसके बाद सीट के नीचे रखे बैग को पीछे की सीट पर बैठे दो बदमाशों ने ब्लेड से काटा और गहने निकालने के बाद फेवी क्विक से फिर चिपका दिया. महिला ने घर जाकर बैग खोला तो चैन जाम होने पर शक हुआ और चोरी की बात पता चली. घटना बीते 19 नवंबर की है. फरियादिया पवित्रा बाई पति रूप सिंह नागर, उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम बरोटा, जिला देवास ने 23 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि मक्सी से चार्टेड बस में यात्रा के दौरान उसके बैग में रखे सोने चांदी के जेवरात, नगदी 80 हजार को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया है.

## प्लेसमेंट ड्राइव के लिए किया रजिस्ट्रेशन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, टीकमगढ़ में विंड वर्ल्ड इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा ओपन कैंपस प्लेसमेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव के लिए कुल 116 छात्रों द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया। इस ड्राइव में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय टीकमगढ़, नौगांव, खुरई, पन्ना, सागर के 60 से अधिक छात्र छात्राएं शामिल हुए। कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा सर्वप्रथम प्री-प्लेसमेंट टॉक आयोजित की गई, जिसमें कंपनी की प्रोफ इल, कार्य संस्कृति और करियर ग्रोथ की संभावनाओं पर जानकारी दी गई। इसके पश्चात प्रतिभागियों का लिखित टेस्ट तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया गया।

# अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा

## बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर कांग्रेस ने अर्पित किये श्रद्धासुमन



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता विदिशा रोड़ स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचे, जहां बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए अपने विचार रखे।**

इस दौरान क्षेत्रीय विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक समानता, न्याय, अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव मजबूत की। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब द्वारा रचित भारतीय संविधान हमारे राष्ट्र का सबसे शक्तिशाली और जीवंत दस्तावेज है, जिसने करोड़ों भारतीयों को समान अवसर और सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अधिकार दिया। साथ ही विधायक श्री राय ने कहा संविधान की मूल भावना की रक्षा, सामाजिक सौहार्द को मजबूत करना और वंचित वर्गों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध हूं।

बाबासाहेब के आदर्श हमारे मार्गदर्शक हैं और हम सबका कर्तव्य है कि उनके सपनों के भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

# जवानों को किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। ग्राम मारूप स्थित डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड कार्यालय परिसर में शनिवार को होमगार्ड नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

इस दौरान जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, तो वहीं बचाव कार्य में अदम्य साहस दिखाने वाले जवानों को सम्मानित किया गया। दरअसल शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर डीएन सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने संदेश का वाचन किया, तो वहीं संदेश वाचन के उपरात होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ द्वारा किये गये महत्वपूर्ण बचाव कार्यों के बारें में बताया गया। इसके बाद होमगार्ड परिवार के मेधावी छात्रों को समारोह में पुरूस्कार के रूप में राशि दी गई। वहीं रेस्क्यू कार्य में अदम्य साहस द्वारा किये बचाव कार्यों के लिये जवानों को प्रमाण पत्र देकर पुरूस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि इस बार होमगार्ड मुख्यालय के निर्देशानुसार परेड में प्रथम बार सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों का प्लाटून सम्मिलित किया गया था।

**प्रदर्शनी का अवलोकन:** स्थापना दिवस के अवसर पर होमगार्ड द्वारा आपदा प्रबंधन की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसका अवलोकन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया।

### एक नजर में



#### नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस मनाया

**सागर.** 79वें होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस का आयोजन होमगार्ड लाइन में किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ विवेक के.वी., विशिष्ट अतिथि एडिशनल एसपी लोकेश सिन्हा उपस्थित रहे. अतिथियों द्वारा परेड का निरीक्षण करने के उपरांत परेड के मार्च पास्ट का अवलोकन किया गया. इसके बाद आपदा प्रबंधन के अंतर्गत उपलब्ध सामग्रियों का मुख्य अतिथि द्वारा अवलोकन किया गया. द्वितीय सत्र में विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों हुई जिसमें रस्साकसी, कुर्सी दौड़ जैसे रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. साथ ही विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं.



#### मंदिर में टीनशेड निर्माण शिलालेख का हुआ विमोचन

**सीहोर.** अवधपुरी स्थित महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा निर्मित भगवान दत्त गुरु गणपति मंदिर में श्रीमती नमिता अखिलेश राय और समाजसेवी श्रीमती अरुणा सुदेश राय ने भगवान दत्त गुरु और गौमाता की विधिवत पूजा अर्चना की और फल फूल प्रसाद अर्पित किया. श्रीमती राय ने महाराष्ट्रीयन समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में वरिष्ठ समाजसेवी दानदाता अखिलेश राय के नाम निर्मित टीनशेड निर्माण के शिलालेख का विमोचन किया. महाराष्ट्रीयन समाज के अनुरोध पर विधायक सुदेश राय ने अपनी निधि से टीनशेड निर्माण के लिए मंदिर हित में राशि उपलब्ध कराई है. समाज द्वारा राय परिवार का सहयोग देने पर आभार व्यक्त किया गया. कार्यक्रम में महाराष्ट्रीयन समाज के सुनील भालेराव सहित अन्य वरिष्ठजन और महिलाएं सम्मिलित रही.

#### उपाध्यक्ष बने एडवोकेट टीके चौधरी

**मुलताई।** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच ने नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता टीके चौधरी को अधिवक्ता हित के प्रति समर्पण भावना, निष्ठा और लगन को देखते हुए अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। अधिवक्ता टीके चौधरी गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता भी हैं और जिला समन्वय समिति गायत्री परिवार के नशा मुक्त अभियान के प्रभारी है जो गायत्री परिवार के कार्यों को गति देने में निरंतर अपनी सेवाएं देते रहते है। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच द्वारा टीके चौधरी अधिवक्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी यादोराव निंबालकर, तहसील समन्वयक नारायण देशमुख सहित गायत्री परिवार के सदस्यों ने चौधरीजी को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

#### राइस कार्यक्रम अंतर्गत संयुक्त क्रिकेट मैच

**नरसिंहगढ़.** शनिवार को मॉडल स्कूल नरसिंहगढ़ में राइस कार्यक्रम के तहत गर्ल राइजिंग और चाईल्ड इन नीड इंस्टिट्यूट ने विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से बालक एवं बालिकाओं के बीच संयुक्त क्रिकेट मैच का आयोजन किया इस गतिविधि का उद्देश्य खेल के माध्यम से समानता के संदेश को मजबूत करना था, ताकि छात्र-छात्राएँ टीमवर्क, नेतृत्व और समान अवसर के महत्व को अनुभव कर सकें. राइस कार्यक्रम वर्तमान में राजगढ़ जिले के 24 शासकीय विद्यालयों में संचालित है, जो विद्यार्थियों के सामाजिक-भावनात्मक विकास, लैंगिक समानता और नेतृत्व क्षमताओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है.

## वरिष्ठ पत्रकार अशोक मनोरिया को प्रेस क्लब में दी श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय श्री अशोक मनोरिया के निधन पर शनिवार को विदिशा प्रेस क्लब संघ द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई. इस अवसर पर जिले के पत्रकारों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके साथ जुड़ी स्मृतियों को साझा किया.**

वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय अशोक मनोरिया सकारात्मक, स्वच्छ एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के प्रतीक थे. उन्होंने अपने संपूर्ण पत्रकारिता जीवन में ईमानदारी और निर्भीकता के साथ कार्य करते हुए समाज में विशिष्ट पहचान बनाई.

स्वर्गीय मनोरिया पत्रकारिता के साथ-साथ रेड क्रॉस सोसाइटी, रोटरी क्लब, रोगी कल्याण समिति, जिला उद्योग संघ, पुरातत्व समिति, जिला क्रिकेट संघ, दिगंबर जैन समाज सहित अनेक सामाजिक एवं सेवा संगठनों से जुड़े रहकर उल्लेखनीय योगदान देते रहे.

# भैरुंदा में लुटेरी दुल्हन का हुआ पर्दाफाश

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर/भैरुंदा 6 दिसंबर. जिले में लुटेरी गैंग सक्रिय हैं. यह गैंग बिना शादीशुदा लोगों से संपर्क कर शादी कराने के नाम पर पैसे ऐंठकर गायब हो जाती है. ऐसा एक नया मामला भैरुंदा क्षेत्र में आया है. यहां एक लाख 71 हजार रुपए खाते में डलवाने के बाद लुटेरी दुल्हन दूल्हे को चूना लगाकर गायब होने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही दूल्हे और उसके परिवार को शक हुआ तो पुलिस के हवाले कर दिया.**

पुलिस ने मामले में लुटेरी दुल्हन सहित पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.



रामबाबू गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उसके साले सचिन के लिए लड़की तलाश करने के दौरान उन्हें अपने परिचित राजेश मालवीय के माध्यम से कन्नौद जिला देवास निवासी अनवर का संपर्क मिला.

### शॉपिंग व अन्य बहाने बनाकर ऐंठे रुपये

इस दौरान रानी के लिए कपड़े और सामान खरीदने के नाम पर 25,000/- मांगे जिस पर 21,000/- नकद दिए. राधा दीदी ने फोन पर बात कर रिश्तेदार के एक्सीडेंट की इमरजेंसी बताई और इलाज के लिए 50,000/- की मदद मांगी. यह राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की. शादी के बाद 03 दिसंबर को भाभी दिव्या ने फोन करके इलाज के लिए 1 लाख की और मांग की. मदद के नाम पर 50,000/- और ट्रांसफर किए. 04 दिसंबर को दिव्या भाभी ने फिर से फोन किया और अब तो हम रिश्तेदार बन गए हैं कहकर 50,000/- लौटाने का वादा करते हुए 50,000/- और डालने को कहा. रामबाबू ने मानवीय आधार पर यह राशि भी ट्रांसफर कर दी. इस प्रकार, मात्र चार दिनों के भीतर उनसे कुल 1,71,000/- की ठगी कर ली गई. इसके बाद 06 दिसंबर को दिव्या राला आईं और पूजा-पाठ का बहाना बनाकर रानी को अपने साथ ले जाने की जिद करने लगीं. उनके साथ रानी को जबरदस्ती ले जाने के बाद रामबाबू को पूरा यकीन हो गया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है.

**कार्यक्रम** | मेधावी बालक और बालिकाओं को प्रोत्साहन राशि के चेक किए वितरित

# मप्र होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस पर आयोजन

**बैतूल।** होमगार्ड बैतूल द्वारा मध्य प्रदेश होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस 6 दिसंबर को पूरे सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर होमगार्ड लाइन सोनाघाटी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, एयर फोर्स स्टेशन आमला ग्रुप कैप्टन सजीव सहित अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, अतिरिक्त, दिनेश कुमार मर्सकोले उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आगमन पर परेड कमांडर एएसआई बीरनसिह कुशराम द्वारा सलामी दी गई। सलामी पश्चात परेड कमांडर द्वारा परेड की रिपोर्ट दी जाकर मुख्य अतिथि से परेड का निरीक्षण करवाया गया। इसके बाद परेड द्वारा मार्च पास्ट किया गया। परेड में 2 प्लाटून और 2 सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स लगाए गए। परेड कमांडर एएसआई श्री बीरनसिह कुशराम, प्रथम प्लाटून के कमाण्डर श्री अवधेश वर्मा हवलदार स्टोरमैन, द्वितीय प्लाटून के कमांडर सै.क्र.167 नायक श्री दिलीप पवार एवं तृतीय प्लाटून के कमांडर सुश्री अंजलि नागोरी सिविल डिफेंस वालंटियर, चतुर्थ प्लाटून के कमांडर इश्तियाक अली सिविल डिफेंस वालंटियर थे। होमगार्ड के मधुर बैंड की धुन पर परेड द्वारा मार्च पास्ट किया गया। बैंड का नेतृत्व सै.क्र. 72 संतोष द्वारा किया गया।



जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार ने कहा कि होमगार्ड जवानों की देश और समाज की सेवा में निभाई गई भूमिका अमूल्य है।

### गृहमंत्री के संदेश का किया वाचन

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार ने होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भेजे गये संदेश का वाचन किया। जिसमें सभी महानुभाव, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवियों के द्वारा स्वयं सेवा से परिपूर्ण होकर निष्काम भाव से देश के आंतरिक सुरक्षा एवं आपदा के दौरान सेवाएं देने के लिए शुभकामनाएं दी गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों ने विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वयंसेवकों द्वारा वर्ष के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। वहीं मेधावी बालक और बालिकाओं को विभाग द्वारा प्रदान प्रोत्साहन राशि के चेक भी वितरित किए गए।

## 55 वर्षीय व्यक्ति की ठंड से मौत

**सांची,** एक निराश्रित व्यक्ति कैलाश तिवारी निवासी बिहाना गाँव बीना के पास लगभग तीस साल पहले सांची आया था तथा सांची मे ही अपना जीवन यापन करता था तथा वह अपने रहने का ठिकाना न होने पर सार्वजनिक स्थलों पर रहकर अपनी रोजीरोटी चलाता था तथा विगत दिनों वह फुटपाथ पर ठंड की ठिठरन के कारण हालत गंभीर होने की सूचना नगर के समाजसेवी सुशील त्रिवेदी को लगी उन्होंने अन्य लोगों को सूचना दी. तब नगर के पार्षद विवेक तिवारी एवं आकाश पाठक सत्येंद्र सोनी मौके पर पहुंचे तथा उसको उठाकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया. जहां से उसे डाकटरों ने विदिशा रिफर कर दिया तब वे उसे गंभीर हालत में लेकर विदिशा अस्पताल पहुंचे जहां उसकी मौत हो गई।

## कार से भागे तीन युवक, 3 बाइकों में मारी टक्कर

### पेट्रोल टैंक पर कार में पेट्रोल डलवाने के बाद बिना रुपये दिए भागे



**सलामतपुर, 6 दिसंबर. कस्बे में स्थित सलामतपुर फ्यूल स्टेशन पेट्रोल टैंक पर देर रात कार सवार 3 युवकों ने शराब के नशे में बहुत उत्पाद मचाया और टैंक कर्मचारियों के साथ काफी बहस भी की. इस दौरान उन्होंने अपनी कार में पांच सौ रुपये का पेट्रोल भरवाया और बिना रुपये दिए ही मौके से विदिशा की ओर भाग निकले.**

भागने के दौरान पेट्रोल कर्मचारियों ने कार क्रमांक एमपी 04 टीबी 4651 का पीछा भी किया, लेकिन कार को चालक तेज़ी में भगा गया. भागते समय कार चालक ने 2 से 3 मोटरसाइकिलों में टक्कर भी मार दी. बताया जा रहा है कार भोपाल से विदिशा की और जा रही थी. भागते समय कार चालक ने अम्बाडी गांव जा रहे तालिब मंसूरी की मोटरसाइकिल में भी टक्कर मार दी. जिससे युवक के हाथ पैर में चोट आ है और मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई. पेट्रोल टैंक संचालक और मोटरसाइकिल चालक ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है.

> सलामतपुर फ्यूल स्टेशन के मैनेजर गुप्ता ने बताया कि उनके टैंक मालिक ने आरोपियों की पहचान कर ली थी. उनके पिता ने पांच सौ रुपये फोन पे के माध्यम से वापस कर दिए हैं. और यह भी पता चला है कि तीनों ही युवकों ने गुलाबगंज तक कई वाहनों में टक्कर मारी थी. जिससे कार भी क्षतिग्रस्त हो गई. सलामतपुर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है.

## कुर्मी समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी का तीव्र विरोध

### टिप्पणी करने वाले पर रासुका के तहत कार्रवाई की मांग




**गैरतगंज, 6 दिसंबर. बीते दिनों कुर्मी क्षत्रिय समाज को लेकर रहली के एक व्यक्ति द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में शनिवार को नगर में भारी आक्रोश देखने को मिला. बड़ी संख्या में कुर्मी समाज के लोगो ने एकत्रित होकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार नरेश सिंह राजपूत को ज्ञापन सौंपा. समाज ने टिप्पणी करने वाले पर व्यक्ति पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम रासुका के तहत कार्रवाई की मांग की है.**

ज्ञापन के पहले कुर्मी क्षत्रिय समाज गैरतगंज के आह्वान पर तहसील भर से सामाजिक लोगो ने एक स्थान पर एकत्रित होकर बैठक आयोजित की. बैठक में मुख्य रूप से कुर्मी समाज के ब्लाक अध्यक्ष आनंद पटेल, जिलाध्यक्ष भरत पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष हरिकृष्ण गौर, पूर्व अध्यक्ष गोल्डी पटेल, कस्बा पटेल देवेंद्र पटेल, अशोक पटेल, राधेश्याम गौर, रामस्वरूप गौर, रामनारायण गौर विशेष रूप से मौजूद रहे. समाज के लोगों ने बताया कि रहली क्षेत्र के तथाकथित व्यक्ति मुरारी पांडे द्वारा सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल किया गया था. इस ऑडियो में उन्होंने कुर्मी क्षत्रिय समाज और किसानों के विरुद्ध अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और प्रतिष्ठा पर आघात पहुंचा है. कुर्मी समाज के पूर्व अध्यक्ष गोल्डी पटेल ने कहा कि समाज के खिलाफ़ एक अपशब्द भी बर्दाश्त नहीं है, आरोपी ने सरदार पटेल एवं शिवाजी महाराज के खिलाफ भी गलत टिप्पणी की.

> समाज के लोगो ने हाथों में विरोध स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर रैली की शक्ल में नारेबाजी करते हुए मुख्य सड़क मार्ग से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे. उन्होंने तहसीलदार नरेश सिंह राजपूत को ज्ञापन सौंपकर कहा कि ऐसी असंयमित और भड़काऊ टिप्पणी सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाती है. ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वायरल ऑडियो ने न केवल कुर्मी समाज की छवि धूमिल की है, बल्कि क्षेत्र में अनावश्यक वैमनस्य फैलाने का भी प्रयास किया है. समाज के सदस्यों ने मांग की कि संबंधित व्यक्ति मुरारी पांडे पर रासुका कानून के तहत कार्रवाई की जाए. समाजजनों ने स्पष्ट कहा कि यह मामला सामाजिक शांति को प्रभावित करने वाला है, इसलिए टिप्पणी करने वाले पर व्यक्ति पर रासुका के तहत कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसी हरकत न करे. इस मौके पर समाज के नर्बदा प्रसाद, गोविंद गौर, साहब सिंह, विक्रम पटेल, शिवशंकर गौर, ऋषि गौर, ओमप्रकाश गौर, अनुराग गौर, भगवत पटेल, प्रवेंद्र गौर, रोहित गौर, फूल सिंह पटेल, सरदार सिंह, लक्ष्मण सिंह, जितेंद्र पटेल, अमर सिंह पटेल, प्रकाश गौर, सिलवानी से ऋषि पटेल, अभय पटेल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक लोग शामिल रहे.

## बीएसएसएस में क्लाउड कंप्यूटिंग का बताया महत्व

**भोपाल, 6 दिसंबर.** द भोपाल स्कूल ऑफ़ सोशल साइंसेज (बीएसएसएस) के कंप्यूटर साइंस और एप्लीकेशन विभाग ने 'क्लाउड कंप्यूटिंग में उभरते ट्रेंड्स और इनोवेशन' पर अपना एक हफ़्ते का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) सफलतापूर्वक पूरा किया. 1 से 6 दिसंबर, 2025 तक आयोजित इस प्रोग्राम में शिक्षाविद, इंडस्ट्री एक्सपर्ट और शोधकर्ता क्लाउड टेक्नोलॉजी में लेटेस्ट एडवांसमेंट का पता लगाने के लिए एक साथ आए. समापन सत्र में क्लाउड आर्किटेक्चर, क्लाउड सिक्योरिटी, AI-ड्रिवन सर्विसेज़, हाइब्रिड और मल्टी-क्लाउड सिस्टम, सर्वरलेस कंप्यूटिंग और एंटरप्राइज एप्लीकेशन को कवर करने वाले छह दिनों के सत्रों का समापन हुआ.

## बाल विवाह रोकने बच्चों, महिलाओं को दिलाया संकल्प

- एसओएस ने सरकारी स्कूल में नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक
- सलामतपुर के सरकारी स्कूल में आयोजित किया कार्यक्रम



**सलामतपुर, 6 दिसंबर. बाल विवाह आज भी समाज में व्याप्त एक गंभीर समस्या है, जो बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य को गहरा आघात पहुंचाती है. इसे समाप्त करने के लिए सरकार और सामाजिक संगठनों द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं.**

इसी दिशा में एक प्रभावशाली कदम उठाते हुए एसओएस के परिवार सशक्तिकरण के माध्यम से ग्राम सलामतपुर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें लगभग 300 बच्चें व 100 महिलाएं शामिल हुई. कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम के विषय में जानकारी दी गई एवं कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तार से चर्चा की गई बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एक संदेश देने का प्रयास किया गया. इस कार्यक्रम में संजय सिंह बचपन एनजीओ, वंदना जी, सुनारी सरपंच प्रतिनिधि शेरसिंह राजपूत एवं अक्षय गोयल प्रिंसिपल सरकारी स्कूल, एसओएस संस्था से प्रमेन्द्र तिवारी, स्वप्निल जगताप एवं अब्दुल सलीम मौजूद थे.

कार्यक्रम में अधिकारी ने बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए कहा कि यह प्रथा न केवल बच्चों के विकास में बाधा उत्पन्न करती है, बल्कि उन्हें उनके अधिकारों से भी वंचित कर देती है. उन्होंने जोर देकर कहा कि इस सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर काम करना होगा. शपथ ग्रहण समारोह में अधकारियों ने बाल विवाह निषेध अधिनियम का सख्ती से पालन करने और इसके खिलाफ समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया.

> इसके साथ ही, उन्होंने यह वादा किया कि संदिग्ध मामलों की जानकारी मिलने पर वे तुरंत कार्रवाई करेंगे और जरूरतमंद परिवारों को उचित सहायता प्रदान करेंगे. अधकारियों ने कहा कि यह सिर्फ एक शपथ नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प है. उन्होंने युवाओं और समुदायों से इस मुहिम में शामिल होकर बाल विवाह रोकने के अभियान को मजबूत करने की अपील की. उन्होंने कहा कि यदि सभी मिलकर इस दिशा में कार्य करेंगे, तो इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त किया जा सकता है. अभियान के तहत, आने वाले दिनों में विभिन्न गांवों और स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

## एसडीओपी पर मंदिर की आरती में हस्तक्षेप का आरोप

### हिन्दू समाज ने ज्ञापन सौंपकर की हटाने की मांग



**सिलवानी, 6 दिसंबर. शनिवार को श्री हिन्दू उत्सव समिति के बैनर तले सकल हिन्दू समाज ने कलेक्टर को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सुधीर शुक्ला को सौंपकर एसडीओपी अनिल मौर्य को तत्काल सिलवानी से हटाने की मांग की. इस दौरान 'एसडीओपी हटाओ-सिलवानी बचाओ' तथा 'एसडीओपी की तानाशाही नहीं चलेगी' जैसे नारे भी लगाए गए.**

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि एसडीओपी मौर्य द्वारा श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर, बजरंग चौराहा तथा शनिदेव मंदिर में प्रतिदिन होने वाली सुबह-शाम की आरती में अनावश्यक हस्तक्षेप किया जा रहा है. बताया गया कि शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025 की रात्रि में आरती के दौरान एसडीओपी मंदिर पहुंचकर आरती रुकवाने और दोनों मंदिरों की आरती एक ही समय पर करने के निर्देश देकर पुजारी से अभद्र व्यवहार किया.

हिन्दू समाज ने आरोप लगाया कि इससे पूर्व भी धार्मिक आयोजनों और चल समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता तथा झूठे प्रकरण बनाए जाने जैसी घटनाएँ हुई हैं, जिससे समाज की भावनाएँ आहत हुई हैं और लोगों में आक्रोश व्याप्त है.

> ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि एसडीओपी अनिल मौर्य को तत्काल सिलवानी से हटाया जाए, अन्यथा हिन्दू समाज को उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी. इस दौरान नगर खेड़ापति संजय शास्त्री, बजरंग चौराहा मंदिर समिति अध्यक्ष नारायण यादव, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजीव सोनी, महेश नामदेव, किशोर सिंह शेखावत, राजेन्द्र सोनी, गोलू सोनी, दिनेश चौरसिया, टिंकू चौरसिया, शिवकुमार रघुवंशी, राघवेंद्र कुशवाहा, मुकेश साहू, मन्नू राजपूत, अनिकेत पोरिया आदि मौजूद रहे.

## विद्यार्थियों ने समझी कपड़ा तैयार करने की प्रक्रिया

**भोपाल.** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ बैंकिंग, फ़ाइनेंस एवं कॉमर्स छात्र-छात्राओं ने तमोट स्थित औद्योगिक क्षेत्र में एक स्पिनिंग मिल का शैक्षणिक भ्रमण किया. इस दौरान विद्यार्थियों को कच्चे माल से लेकर तैयार कपड़े तक की संपूर्ण उत्पादन प्रक्रिया से परिचित कराया गया. उन्हें बुनाई, डाइंग, प्रिंटिंग आदि मुख्य चरणों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया, जहां प्रशिक्षण प्रभारी अधिकारियों ने प्रत्येक प्रक्रिया को विस्तार से समझाया. विद्यार्थियों को एक वास्तविक उत्पादन इकाई के संचालन का अनुभव प्राप्त हुआ. स्पिनिंग मिल के एचआर मैनेजर राजीव मेहता ने संस्थान का परिचय देते हुए संगठनात्मक संरचना की जानकारी दी.

## ग्राम गुटौरी में दो दिवसीय रामसत्ता में सुख-समृद्धि की कामना की

- गांव में 100 वर्षों किया जा रहा रामसत्ता का आयोजन
- अपने प्रभु राम के प्रति श्रद्धा अर्पित करते हैं ग्रामीण

**सिलवानी, 6 दिसंबर. आदिवासी अंचल के ग्राम पंचायत गुटौरी ( चैनपुर ) के हनुमान मंदिर में गुरुवार से प्रारंभ हुआ दो दिवसीय रामसत्ता कार्यक्रम शुक्रवार दोपहर सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर गांव की उन्नति, शांति और खुशहाली की मनोकामना की.**

ग्रामीणों ने बताया कि रामसत्ता आयोजन पिछले 100 वर्षों से पूर्णिमा पर परंपरागत रूप से किया जाता है. मान्यता है कि भगवान राम ने वनवास के दौरान 14 वर्ष आदिवासी समाज के बीच रहकर उनकी सेवा को स्वीकार किया था. इसी आस्था के भाव से अखंड रामधुनी के माध्यम से ग्रामवासी अपने पूर्वजों और भगवान राम के प्रति श्रद्धा अर्पित करते हैं.

> कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू ठाकुर ने कहा कि पूर्णिमा पर सामूहिक रामनाम जपने से पितरों को तर्पण के साथ ही जीवन भी धन्य होता है. इस अवसर पर उप सरपंच सुखदेव सिंह, राजू मस्कोले, देवेंद्र सिंह, नेतराम मेंबर, बबलू सिंह, रविन्द्र पंडा, कालूराम, रमेश पंडा, गिलान सिंह, मंशाराम पटेल, गंगाराम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित रहे.

## कैंपियन स्कूल में नॉलेज एंड स्किल्स एग्जीबिशन

**भोपाल.** कैंपियन स्कूल ने नॉलेज एंड स्किल्स एग्जीबिशन आयोजित की। इसमें तीसरी से पांचवीं क्लास के छोटे बच्चों ने हिस्सा लिया और वर्किंग और नॉन वर्किंग मॉडल चार्ट एक्सपेरिमेंट और क्रिएटिव डिस्प्ले दिखाए आज भोपाल के अरेरा कॉलोनी में कैंपियन स्कूल की प्री.प्राइमरी बिल्डिंग में क्लास 3 से 5 के बच्चों के द्वारा सभी के लिए एक एग्ज़िबिशन रखी गई थी। चीफ गेस्ट प्रिंसिपल डॉण् फादर अथनस लकड़ौ श्रए मैनेजर फादर कपिलए हेडमिस्ट्रेस सिस्टर रेनिशा ।ब्ए सिस्टर दीपशिखा आदि सिस्टर्स के साथ ही प्री.प्राइमरी और प्राइमरी स्कूल के सभी टीचर और स्टाफ भी थे। प्रिंसिपल फादर डॉण् अथनस लकड़ौ श्रए सुपीरियर और मैनेजर फादर कपिलए हेडमिस्ट्रेस रेनिशा और दूसरी सिस्टर्स ने दीप जलाया।

## किसान के लिए मुनगा की खेती बनी लाभ का धंधा

### बरखेड़ी के गोलू साहू ने 3 वैरायटी से शुरू की खेती



**बेगमगंज, 6 दिसंबर. ग्राम बेरखेड़ी ब.ग. के उन्नशील कृषक गोलू साहू पिता पन्ना लाल साहू ने इस वर्ष पारंपरिक खेती से हटकर अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से मुनगा ( सहजन ) की ओ.डी.सी.3 वैरायटी की आधुनिक तकनीक से खेती शुरू की है, जो उनके लिए लाभ का धंधा बन गई है. उन्होंने 3 एकड़ में ड्रिप सिंचाई के साथ लगभग 2800 पौधों का रोपण किया है.**

गोलू साहू का कहना है कि गेहूं,चना जैसी पारंपरिक फसलों में लगातार आर्थिक लाभ कम मिलने के कारण उन्होंने इस वर्ष उद्यान विभाग के अधिकारी देवकी मरकाम, उमा शंकर कुशवाहा तथा उन्नतशील कृषक सुरेंद्र कुशवाहा भुरेरू के मार्गदर्शन में नई तकनीक अपनाने का निर्णय लिया.

> ओ.डी.सी.3 वैरायटी की खासियत पौधों में केवल 6 महीने में फूल एवं फल आना शुरू हो जाता है. इस वेरायटी के मुनगा की पत्तियाँ भी अच्छे दामों में बिकती हैं, जिससे अतिरिक्त आय प्राप्त होती है. इस प्रकार साहू द्वारा उठाया गया यह कदम न केवल उन्नत एवं लाभकारी कृषि की दिशा में प्रेरणादायक है, बल्कि अन्य किसानों के लिए भी एक सफल उदाहरण सिद्ध हो रहा है.



## अनगढ़ हनुमान मंदिर में फरवरी में होगा रुद्र महायज्ञ

- बैठक में आयोजन की रूपरेखा पर हुई चर्चा
- 11 दिसंबर को होगा ध्वजारोहण

**सिलवानी, 6 दिसंबर. नगर के श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर बजरंग चौराहा पर आगामी फरवरी माह में भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है. मंदिर प्रांगण में रुद्र महायज्ञ के साथ शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी. इस पावन कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं. आयोजन की शुरुआत 11 दिसंबर को ध्वजारोहण के साथ होगी.**

शनिवार को बजरंग चौराहा पर आयोजित बैठक में ध्वजारोहण की तैयारियों और संपूर्ण आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई.

बैठक में बताया गया कि ध्वजारोहण धार्मिक अनुष्ठानों की शुभ शुरुआत का प्रतीक है, इसलिए इस आयोजन को अत्यंत विधि-विधान से किया जाएगा.

इसके अलावा यज्ञशाला निर्माण, व्यवस्थाओं का निर्धारण, सेवा कार्यों का वितरण, स्वागत एवं अतिथि सत्कार की रूपरेखा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया.

आयोजन समिति ने बताया कि फरवरी में होने वाले रुद्र महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिसके मद्देनज़र सभी तैयारियाँ समय रहते पूरी की जा रही हैं.

> बैठक में नगर खेड़ापति संजय शास्त्री, पंडित भूपेंद्र शास्त्री, बजरंग चौराहा मंदिर समिति अध्यक्ष नारायण यादव, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजीव सोनी, महेश नामदेव, किशोर सिंह शेखावत, राजेन्द्र सोनी, गोलू सोनी, दिनेश चौरसिया, टिंकू चौरसिया, शिवकुमार रघुवंशी, राघवेंद्र कुशवाहा, मुकेश साहू, मन्नू राजपूत, अनिकेत पोरिया, नरेश प्रताप राजपूत सहित बड़ी संख्या में सनातन समाज बंधु उपस्थित रहे.

**ऑपरेशन मुस्कान....** पुलिस ने तीन वर्षों में 104 परिवारों को लौटाई खोई हुई मुस्कान

## परिवारों से बिछड़ीं बेटियां सुरक्षित अपने घर लौटीं

**सिलवानी, 6 दिसंबर. बेटियों की सुरक्षा और उनका सकुशल घर लौटना हर परिवार के लिए उम्मीद, विश्वास और राहत का सबसे बड़ा क्षण होता है. इसी संवेदनशीलता को केंद्र में रखकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' ने पिछले तीन वर्षों में 104 परिवारों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौटा दी है.**

यह अभियान केवल पुलिसीय कार्रवाई नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना, निरंतर प्रयास और कर्तव्यनिष्ठा का जीवंत उदाहरण बन गया है. कई बालिकाएं जो वर्षों से अपने परिवारों से बिछड़ी थीं और दूर-दराज के प्रांतों में भटक रही थीं, अब सुरक्षित रूप से अपने घर लौट चुकी हैं.

**कठिन परिस्थितियों में भी जारी रही खोजबीन:** अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों ने दूरस्थ क्षेत्रों और प्रतिकूल परिस्थितियों में लगातार खोजबीन की. कई बालिकाएं राज्य की सीमाओं से भी दूर अन्य प्रांतों में मिलींकुछ मजदूरी करते हुए तो कुछ गलत तत्वों के बीच फंसी हुई. प्रत्येक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न राज्यों की एजेंसियों, सामाजिक संगठनों और तकनीकी साधनों का सहारा लेकर बालिकाओं को सुरक्षित स्थानों से निकालकर उनके परिवारों तक पहुंचाया.

**तीन वर्षों में बेटियों की घर वापसी**

**सिलवानी थाना**
- **वर्ष 2023 :** गुम बालिका 15, दस्तायब 13
- **वर्ष 2024 :** गुम बालिका 31, दस्तायब 30
- **वर्ष 2025 :** गुम बालिका 25, दस्तायब 22

**थाना बम्होरी**
- **तीन वर्षों में दस्तायब :** 16

**थाना सुल्तानगंज**
**तीन वर्षों में गुम बालिका :** 23
**दस्तायब :** 23
**(स्रोत : पुलिस विभाग)**

> **परिवारों की आंखों में छलकी खुशी**
> गुमशुदा बालिकाओं के घर लौटने पर परिवारों की आंखों में आंसू और हृदय में पुलिस के प्रति कृतज्ञता साफ झलकती है. कई परिवारों ने बताया कि वर्षों की पीड़ा के बाद बेटी को देखकर उनका घर फिर से खुशियों से भर गया. सिलवानी थाना प्रभारी पूनम सविता ने बताया कि ग्राम चुनेटिया की एक किशोरी दो वर्ष पूर्व घर से बिना बताए चली गई थी. खोजबीन के दौरान वह गुजरात के एक क्षेत्र में मिली. जब पुलिस उसे घर लेकर पहुंची तो माता-पिता की खुशी का ठिकाना नहीं था. ऐसी ही कई बालिकाओं की वापसी ने अनेक घरों में खुशियों के दीप फिर से जला दिए.

> **मुस्कान अभियान हमारी प्राथमिकता : एसडीओपी**
> एसडीओपी अनिल मौर्य ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में करीब सौ से अधिक बालिकाओं को ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोजकर सुरक्षित घर पहुंचाया गया है. उन्होंने कहा कि तीनों थानों के थाना प्रभारी एवं पुलिस जवानों ने अत्यंत मेहनत और लगन से यह कार्य पूर्ण किया है.
> उन्होंने कहा हमारी प्राथमिकता शेष सभी गुमशुदा बालिकाओं को जल्द से जल्द उनके परिवारों से मिलाना है. ऑपरेशन मुस्कान न सिर्फ पुलिस की उपलब्धि है, बल्कि वह संवेदनशील प्रयास है जिसने 104 परिवारों में फिर से उम्मीद, विश्वास और खुशियों के रंग भर दिए हैं.


## एक नजर में



### महाविद्यालय में पौधा संरक्षण कार्यक्रम आयोजित

**चंदला, 6 दिसंबर.** शासकीय महाविद्यालय चंदला जिला छतरपुर मे 6 दिसम्बर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले प्राचार्य श्री नफीस अहमद के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों, डॉ वीरेन्द्र तिवारी एवं डॉ अमरदीप सोनी के निर्देशन में रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, श्री नफीस अहमद ने रक्तदान के अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया. डॉ वीरेन्द्र तिवारी एवं डॉ राजेंद्र सिंह चौहान ने रक्तदान का महत्व बताते हुए संबंधित भ्रांतियों को दूर किया. रक्तदान कर चुके दो स्वयंसेवकों ने भी अपने अनुभव साझा किए. कार्यक्रम का संचालन डॉ अमरदीप सोनी ने किया, तदुपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के पुरुष और महिला इकाई के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में पौधा संरक्षण के लिए पौधों में घास-फूस साफ कर क्यारियां बनाई गई व सिचाई की गई, परिसर की सफाई कर परिसर को स्वच्छ बनाया.

### आसमान में दिखा सुपरमून का नजारा



**हरपालपुर, 6 दिसंबर.** गुरुवार-शुक्रवार की रात पूर्णिमा का चांद बेहद खास रहा, हमारे संवाददाता ने रात्रि के वक्त उदित हुए चद्रमा का नजारा कैमरे में कैप्चर किया, नेशनल अवार्ड प्राप्त सारिका धारू के अनुसार इस रात चन्द्रमा- पृथ्वी के नजदीक इसकी पृथ्वी से दूरी लगभग 3 लाख 57 हजार 218 किमी रह गई,इसे कोल्ड मून नाम दिया गया, सारिका के अनुसार शाम 5 बजे के लगभग उदित होते समय देखने पर मून इलूजन के कारण यह और अधिक पास दिखाई दिया ,इसके बाद आकाश में पूर्व से पश्चिम की ओर बढ़ते हुए सुबह अस्त हुआ,शहर की रोशनी से दूर वाले स्थान पर इसे किसी इमारत के शिखर से देखने पर आकर्षण के साथ दिखा, जब मून चन्द्रमा पृथ्वी के सबसे निकट बिंदु पर रहता है इस बिंदु को पेरिजी कहते है पास आ जाने से वह सामान्य पूर्णिमा से बड़ा और अधिक चमकीला दिखता है , इसके बाद नए साल दिसम्बर 2026 में इतना नजदीक सुपर मून देखने के लिए इंतजार करना होगा.

### मंदिर में टीनशेड निर्माण शिलालेख का हुआ विमोचन



**सीहोर.** अवधपुरी स्थित महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा निर्मित भगवान दत्त गुरु गणपति मंदिर में श्रीमती नमिता अखिलेश राय और समाजसेवी श्रीमती अरुणा सुदेश राय ने भगवान दत्त गुरु और गौमाता की विधिवत पूजा अर्चना की और फल फूल प्रसाद अर्पित किया. श्रीमती राय ने महाराष्ट्रीयन समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में वरिष्ठ समाजसेवी दानदाता अखिलेश राय के नाम निर्मित टीनशेड निर्माण के शिलालेख का विमोचन किया. महाराष्ट्रीयन समाज के अनुरोध पर विधायक सुदेश राय ने अपनी निधि से टीनशेड निर्माण के लिए मंदिर हित में राशि उपलब्ध कराई है. समाज द्वारा राय परिवार का सहयोग देने पर आभार व्यक्त किया गया. कार्यक्रम में महाराष्ट्रीयन समाज के सुनील भालेराव सहित अन्य वरिष्ठजन और महिलाएं सम्मिलित रही.

### डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**सीहोर.** नपा परिषद द्वारा अंबेडकर पार्क में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन किया गया. भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजली देते हुए कहा उनका संघर्ष व चिंतन देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव है. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा महामंत्री रवि नागले, राजकुमार गुप्ता, लोकेन्द्र वर्मा शामिल थे. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा बाबा साहेब ने शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों को सम्मानजनक जीने का अधिकार दिलाया.

### महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में मनी डॉ.अम्बेडकर पुण्यतिथि

**सीहोर.** स्थानीय शासकीय महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रबंधन एवं भोलाराम तारन बांगरे प्रतिमा स्थापना समिति के सदस्यों द्वारा बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. प्रतिमा स्थापना समिति के संरक्षक रवीन्द्र बांगरे ने कहा कि डॉ.अम्बेडकर विश्व के सर्वाधिक महापुरुष है, जिन्हें ज्ञान का प्रतीक कहा जाता है. आपने एक समूदाय नही बल्कि हर समाज के महिला पुरुषों के उत्थान के लिये सर्वाधिक कार्य किया. इनकी विचारधारा संविधान में सुशोभित होती है.

# छात्राएं बोलीं- मध्यान भोजन में मिलते हैं कीड़े

- सिंहपुर स्कूल में संचालित मां आदि शक्ति स्वसहायता समूह की लापरवाही उजागर
- 3 दिन पहले पुलाव में मिला था मेंढक का पैर



**चंदला, 6 दिसंबर. गौरीहार जनपद पंचायत के नाहरपुर संकुल अंतर्गत सिंहपुर के माध्यमिक विद्यालय एवं हाईस्कूल में संचालित समूह मां आदि शक्ति स्वसहायता समूह के द्वारा लगातार एक ही भोजन दिया जा रहा है.**

आलू की सब्जी कभी कभार टमाटर एवं बैगन इसके अलावा और कभी कभार पुलाव दिया जा रहा है. मैनू चार्ट के अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा है, बालक बालिकाओं ने बताया कि मैनू चार्ट तो दिखावा है साहब, यहां तो आज तक स्कूल की खीर पूड़ी नहीं देखी है. गंदे पानी से खाना बनता है. पुलाव जो किसी सप्ताह में मंगलवार को बनता है, उसमें कीड़े सुंडी मिलती है. 3 दिन पहले पुलाव में मेंढक का पैर मिला था, क्योंकि जो गंदा पानी से खाना बनाया जाता है टैंक के पानी से उसमें खचरा था और मेंढक पड़े थे और उसी पानी को लेकर पुलाव व खाना बनाया जाता है. रसोइया को बताया गया था तो उसने बोला था कि पानी में रहा होगा. छात्राओं ने बताया कि सब्जी जो बनती है वह पूरी बच्चियों को पर्याप्त नहीं हो पाती है. आज वास्तविक में पाया गया कि लगभग 10 बच्चियां सब्जी के लिए रह गई थी. बच्चियों ने बताया कि 1 किलोग्राम ऑयल एक सप्ताह से ज्यादा के लिए हो जाता है, यहां ऑयल नाम मात्र के लिए डाला जाता है, आज सिर्फ आलू दिखाई देते है, पिछले शेष दिनों में आलू भी नहीं दिखते है केवल पानी की तली दिखाई देती है.

> इस मामले में प्राचार्य से बात की गई और रजिस्टर देखे गए तो डेली बेस पर मध्यान भोजन की इंट्री नहीं की जाती है. 4 दिन तक का खाली रजिस्टर पाया गया, जिसमें सब्जी रोटी के अलावा पुलाव दर्शाया गया है. प्राचार्य प्रमोद कुमार गुप्ता ने बताया कि जो बनता है वही हम लिखते है. जो मेंढक का पैर मिला था उसको स्वीकारते हुए प्राचार्य ने बताया कि उसकी शिकायत बच्चों ने की थी वो मेरे संज्ञान में है, उसके बाद ऐसा नहीं हुआ है. प्राचार्य एक बार बोलते है कि कभी कभार खीर पूड़ी बनाई जाती है. जब पूछा गया कि आपके रजिस्टर में इंट्री नहीं है, फिर बोले पिछले 2 माह पहले बनाई गई थी इसका मतलब साफ नजर आ रहा है कि प्राचार्य की सहमति से ही सब चल रहा है.

# हादसा : एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**2 गंभीर घायल, ट्रक चालक को पुलिस ने पकड़ा**



**छतरपुर, 6 दिसंबर. जिले में बीती रात एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया. सागर-कानपुर नेशनल हाईवे पर गुलगंज थाना क्षेत्र के चौपरिया मंदिर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को सामने से टक्कर मार दी.**

इस भीषण टक्कर में कार में सवार एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद स्थानीय लोगों में दहशत और शोक का माहौल है. जानकारी के अनुसार, कार में सवार सभी सात लोग प्रजापति परिवार के सदस्य थे, जो सतना से शाहगढ़ की ओर जा रहे थे. देर रात चौपरिया मंदिर के पास सामने से आ रहे ट्रक ने तेज रफ्तार में उनकी कार को टक्कर मारी. हादसा इतना गंभीर था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें फंसे लोगों को निकालने में पुलिस व स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी. पांच लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो गंभीर घायलों को गुलगंज पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया. डॉक्टरों के अनुसार, दोनों घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है. हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए कुछ ही घंटों में आरोपी चालक को पकड़ लिया.

> स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर लगातार तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के कारण हादसे आम हो गए हैं. पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है. पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है.

फिलहाल पुलिस ने ट्रक और कार को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है. प्राथमिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही दुर्घटना का मुख्य कारण बताया जा रहा है.



## मुख्यमंत्री खजुराहो में करेंगे सभी विभागों की समीक्षा बैठक

- कमिश्नर-आईजी ने की तैयारियों की ग्राउंड चेकिंग

**छतरपुर,6 दिसंबर. खजुराहो में 8 और 9 दिसंबर को होने वाले महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रमों को लेकर प्रशासनिक मशीनरी पूरी तरह सक्रिय हो चुकी है.**

इसी के तहत सागर संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी, आईजी सागर रेंज हिमानी खन्ना, कलेक्टर पार्थ जैसवाल और एसपी अगम जैन ने मंगलवार को खजुराहो के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया. अधिकारियों ने व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए सुनिश्चित किया कि सभी तैयारियां समय पर और सुचारू रूप से पूरी हो. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 8 दिसंबर को महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में विभागीय समीक्षा बैठक और 9 दिसंबर को मंत्रिपरिषद की कैबिनेट बैठक आयोजित की जाएगी. लगातार दो दिन तक चलने वाले इन बड़े आयोजनों को लेकर शहर में सुरक्षा और प्रबंधन दोनों की विशेष तैयारी की जा रही है. इसके अलावा, 9 दिसंबर को तहसील राजनगर के पास सत्ती की मड़िया परिसर में लाड़ली बहना सम्मेलन का भी आयोजन किया जाना है. अधिकारियों ने सम्मेलन स्थल पर मंच, बैठने की व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत मूल्यांकन किया. अधिकारियों ने मंच, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, ट्रैफिक प्लान, पार्किंग और वीआईपी मूवमेंट तक हर बिंदु की समीक्षा की. संबंधित विभागों को मौके पर ही निर्देश दिए गए कि व्यवस्थाएं समय से पहले दुरुस्त हो. सुरक्षा व्यवस्था चौकस रहे. भीड़ प्रबंधन का पूरा प्लान तैयार रखा जाए.

**दो दिन बड़े आयोजन**

8 दिसंबर – विभागीय समीक्षा बैठक
स्थान- महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर
9 दिसंबर – मंत्रिपरिषद की कैबिनेट बैठक
स्थान- महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर
9 दिसंबर – लाड़ली बहना सम्मेलन (आम सभा)
स्थान- सत्ती की मड़िया परिसर, राजनगर

# डॉक्टर की लापरवाही से हुई युवक की मौत

- ड्यूटी डॉक्टर नहीं पहुंचे, 3 घंटे नर्सों ने ही किया उपचार
- परिजनों ने की सख्त कार्रवाई की मांग



**छतरपुर, 6 दिसंबर. जिला अस्पताल में इलाज के दौरान सूरज नामक युवक की मौत के बाद परिजनों ने गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं.**

परिजनों के अनुसार, वे रात लगभग 1.30 बजे सूरज को चौथी मंजिल पर भर्ती करवाकर पहुंचे थे, उस समय उसकी हालत सामान्य थी. लेकिन तीन घंटे तक नर्सों ने ही उपचार किया और बार-बार कहने पर भी ड्यूटी डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचे.

परिजनों का कहना है कि सूरज की हालत धीरे-धीरे बिगड़ती गई, लेकिन डॉक्टर को न बुलाया गया और न ही समय पर किसी विशेषज्ञ को तैनात किया गया. सुबह करीब 4-30 बजे हालत गंभीर होने लगी, फिर भी कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था और न ही उसे अन्य अस्पताल रेफर किया गया. सुबह 5.30 बजे डॉक्टर पहुंचे और उन्होंने सूरज को मृत घोषित किया. परिजनों का आरोप है कि अगर समय पर डॉक्टर आते तो उसकी जान बच सकती थी.

उन्होंने जिम्मेदार डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है. बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल में रात के समय डॉक्टरों का अक्सर कॉल ड्यूटी पर न पहुंचना आम बात है. इस मामले में सिविल सर्जन शरद चौरसिया का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया.

## 700 पदों पर की जाएगी युवाओं की भर्ती

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार वस्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 दिसंबर को प्रात: 11 बजे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. मेले में स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किए जाएंगे. विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी. जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा.

## श्रेष्ठ व संस्कारित पीढ़ी का निर्माण करे नारी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 6 दिसंबर.** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर मंडी में सप्तशक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ अंजू अग्रवाल सक्षम जिला अध्यक्ष, शोभा चांडक सप्तशती संगम कार्यक्रम जिला संयोजक, शालिनी महेश्वरी मातृशक्ति समन्वय जिला संयोजक, राधा सैनी, रेनम आहूजा विद्यालय की प्रधानाचार्य कृष्णा राठौर एवं संचालन समिति के सदस्य नूतन राठौर द्वारा किया गया।

मुख्य वक्ता श्रीमती शोभा चांडक ने कहा कि सप्त गुणों से अलंकृत नारी अपनी शक्तियों का प्रयोग कर श्रेष्ठ एवं संस्कारित पीढ़ी का निर्माण करें. आज संयुक्त परिवार की महती आवश्यकता है इसके अभाव में बच्चे दादा-दादी के लाड़-प्यार और संस्कारों से वंचित रह रहे हैं. भारत के विकास में महिलाओं के योगदान को लेकर शालिनी माहेश्वरी ने कहा कि छोटे-छोटे कार्य करके भी हम समाज की सेवा कर अपने कर्तव्य को निभा सकते हैं. देश के विकास में महिलाएं अपना योगदान देकर अपने वर्चस्व को स्थापित कर रही है. अंजू अग्रवाल ने पर्यावरण के प्रति जागृत हो इसके संरक्षण के लिए ध्यान देना होगा.

# छतरपुर तहसील में भ्रष्टाचार पर अधिवक्ताओं का विरोध

- दलालों की बढ़ती सक्रियता पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई



**छतरपुर, 6 दिसंबर. तहसील कार्यालय में लगातार बढ़ रही भ्रष्टाचार की घटनाओं, दलालों की सक्रियता और अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर अधिवक्ताओं ने आज गंभीर नाराज़गी व्यक्त की.**

शनिवार दोपहर 1 बजे अधिवक्ताओं का समूह तहसील परिसर में एकत्र हुआ, जहां उन्होंने मौजूदा व्यवस्था पर कड़ा रोष जताया. अधिवक्ताओं का कहना है कि आमजन अपने वैधानिक कार्यों के लिए तहसील पहुंचते हैं, लेकिन वहां उन्हें दलालों के बीच फंसना पड़ता है. आरोप है कि कई अधिकारी नियमित रूप से अपने कक्षों में उपलब्ध नहीं रहते, जिससे लोगों के कार्य लंबित हो जाते हैं और असुविधा बढ़ती है. अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार की वजह से तहसील का कार्य सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा और जनता को अनावश्यक परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं. उन्होंने बताया कि इस अव्यवस्था के विरोध में वे सामूहिक रूप से संबंधित अधिकारियों को औपचारिक आवेदन सौंपेंगे, जिसमें तत्काल सुधार की मांग रखी जाएगी. अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी, तो वे आगे की रणनीति बनाकर आंदोलन का विकल्प भी चुन सकते हैं. तहसील में लगातार बढ़ती अव्यवस्था के मुद्दे पर आम जनता भी परेशान है और अधिवक्ताओं द्वारा उठाई गई मांगों का समर्थन कर रही है.

**किल्लत** | रबी सीजन की पहली सिंचाई के लिए किसानों के समक्ष खाद का संकट

# हाड़ कंपा देने वाली ठंड में यूरिया की तलाश में भटक रहे किसान



नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 6 दिसंबर.** रबी सीजन के दौरान किसानों को खादके लिए कितनी जद्दोजहद से गुजरना पड़ रहा है. इसकी बानगी आये दिन मार्केटिंग सोसायटी के बाहर लगी लंबी कतारों में साफ तौर पर देखा जा सकता है. महज दो बोरी यूरिया खाद हासिल करने के लिए अन्नदाताओं को कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच सुबह 5 बजे से ही लाइन में लगने को मजबूर होना पड़ रहा है.

मार्केटिंग सोसायटी के कार्यालय के सामने लगने वाली कतार बताती है कि प्रशासन की व्यवस्थाएं किस कदर चरमरा गई हैं. तस्वीर में दिखाई दे रहे किसानों का समूह उनकी बेबसी और परेशानी की कहानी खुद बयां कर रहा है. यूरिया खाद जद्दोजहद अब किसानों की मजबूरी भी बन गई है.

किसानों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं है, बल्कि पूरे सीजन में ही उन्हें ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है. कड़ाके की ठंड में ठिठुरते हुए कई बार कीचड़ से सनै पैरों पर खड़े होकर होकर घंटों इंतजार करना उनकी नियति बन गई है. कोई किसान सुबह की यह लाइन चूक जाता है तो उसे अपनी फसल के लिए जरूरी खाद हासिल करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है. किसान रामसिंह, सुखलाल बारेला का कहना है कि कड़कड़ाती ठंड में सुबह 5 बजे से लाइन में खड़े रहना हमारी मजबूरी है. किसान राजेश का कहना हैं कि हमें इतनी मशक्कत केवल दो बोरी यूरिया के लिए करनी पड़ रही है. किसान हरिओम ने बताया कि खराब व्यवस्थाओं के कारण कीचड़ में खड़े रहना पड़ रहा है. यदि लाइन छूटी तो अगले स्टॉक के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है।

किसान लगातार यह आरोप लगा रहे हैं कि प्रशासन ने खाद की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं किए हैं. मार्केटिंग सोसायटी के कार्यालय के सामने कीचड़ और व्यवस्था की कमी स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है. किसानों की भारी भीड़ और लंबी कतारें इस बात का प्रमाण हैं कि यूरिया की डिमांड और सप्लाई के बीच एक बड़ा गैप है. जिसे भरने में सरकारी तंत्र पूरी तरह से विफल साबित हुआ है.

एक किसान ने निराशा व्यक्त करते हुए कहा हमें हमारी फसल को बचाने के लिए यूरिया चाहिए. हमारे पास कोई विकल्प नहीं है. यदि हम लाइन में नहीं लगेंगे, तो हमारी बोवनी बेकार हो जाएगी. प्रशासन व शासन को शायद हमारी परेशानी नहीं दिखती.

# खाद का किसानों को पर्याप्त वितरण न होने से नाराजगी



**छतरपुर, 6 दिसंबर. जिले में कृषि कार्यों के लिए इस बार पर्याप्त मात्रा में खाद पहुंच चुकी है. प्रशासन के अनुसार कुल 2043 मीट्रिक टन खाद जिले में उपलब्ध है, जिसे सटई रोड स्थित कृषि उपज मंडी परिसर से किसानों को वितरित किया जा रहा है.**

अधिकारियों का दावा है कि खाद की कमी नहीं है और किसानों को लगातार वितरण किया जा रहा है. हालांकि, जमीनी स्थिति अलग दिखाई दे रही है. आज 6 दिसंबर दोपहर 1-00 बजे खाद लेने पहुंचे किसानों ने बताया कि वास्तविक आवश्यकता के अनुसार उन्हें खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही है. किसानों का कहना है कि सुबह से लाइन में लगने के बावजूद उन्हें निर्धारित मात्रा से कम खाद दी जा रही है, जिससे बुवाई कार्य प्रभावित हो रहा है. किसानों ने आरोप लगाया कि वितरण व्यवस्था अव्यवस्थित है और जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं रहते. कई किसानों का कहना है कि खाद की पर्याप्त उपलब्धता के बाद भी उन्हें पूरा हिस्सा न मिलना चिंताजनक है. किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पारदर्शी व व्यवस्थित वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि रबी फसलों की बुवाई समय पर पूरी हो सके. प्रशासनिक टीम ने खाद उपलब्ध होने का आश्वासन देते हुए कहा है कि वितरण प्रक्रिया की समीक्षा की जाएगी और किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी.

# होमगार्ड की वर्दी जनता के विश्वास का प्रतीक

## सीएम ने की 'मुख्यमंत्री अदम्य साहसिक कार्य पुरस्कार' की घोषणा

### 63 वां होमगार्ड स्थापना दिवस मनाया गया

**भोपाल, 06 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 63 वें होमगार्ड स्थापना दिवस कार्यक्रम में शनिवार को शामिल हुए. डॉ. यादव ने इस मौके पर 'मुख्यमंत्री अदम्य साहसिक कार्य पुरस्कार' की घोषणा करते हुए होमगार्डों के लिए कई लाभ देने की बात भी कही.**

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि होमगार्ड की वर्दी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि राष्ट्रधर्म और जनता के विश्वास का प्रतीक है. उन्होंने जवानों की भावना को सम्मान देते हुए कहा कि होम गार्ड सैनिक, पुलिस, रक्षक, प्रहरी की भूमिका में जहां जरूरत वहां अपनी सेवायें पूर्ण निष्ठा और समर्पण से देते हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होमगार्ड्स के सभी जवानों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि आपकी निष्ठा, आपकी वीरता और आपकी सेवा को नमन करता हूँ। उन्होंने बाबा महाकाल से सभी जवानों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को होमगार्ड्स परेड ग्राउंड भोपाल में होम गार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया. मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। होम गार्ड्स के जवानों ने बैंड की धुन पर मार्च पास्ट किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'मुख्यमंत्री अदम्य साहसिक कार्य पुरस्कार' की घोषणा की, जिसके अंतर्गत कठिन परिस्थितियों में जान-माल की रक्षा करने वाली 10 रेस्क्यू टीमों को प्रतिवर्ष 51 हजार रुपये दिए जाएंगे।




समारोह में होमगार्ड्स द्वारा बोरवेल रेस्क्यू और बिल्डिंग रेस्क्यू का लाइव प्रदर्शन किया गया. होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा प्रबंधन विभाग की महानिदेशक प्रज्ञा रिचा श्रीवास्तव ने विभाग की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी. कार्यक्रम में अल्प संख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित अधिकारी उपस्थित रहे.

### होमगार्ड हित में घोषणाएं

- होम गार्ड्स ने पिछले वर्ष 5075 नागरिकों को बचाकर 'मानवता के रक्षक' होने का उदाहरण प्रस्तुत किए.
- 'मुख्यमंत्री अदम्य साहसिक कार्य पुरस्कार' की घोषणा। कठिन परिस्थितियों में जान-माल बचाने वाली 10 रेस्क्यू टीमों को 51-51 हजार रुपये का पुरस्कार।
- होमगार्ड्स के लिए दो माह का बाध्य काल ऑफ समाप्त.
- अनुकंपा अनुदान राशि में 360 रुपये की वृद्धि.
- महाकाल लोक व ज्योर्तिलिंग क्षेत्र की सुरक्षा हेतु 488 पद स्वीकृत.
- प्रमुख मंदिरों व स्थलों पर सुरक्षा हेतु अतिरिक्त बल उपलब्ध कराया जाएगा.
- नए जिलों में आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त पद सृजित होंगे.
- पीपीपी मॉडल और पुनर्धनत्वीयन योजना के अंतर्गत होमगार्ड्स के लिए स्थाई आवास व्यवस्था होगी.
- सरकार आधुनिक उपकरण, अत्याधुनिक प्रशिक्षण व आपदा प्रबंधन क्षमता को सशक्त कर रही है.
- सिंहस्थ-2028 के लिए 5,000 से अधिक होमगार्ड भर्ती का लक्ष्य.

## मंत्रालय के गलियारे से



कन्हैया लोधी

### शादियों के मौसम में मंत्रालय भी गुलजार

इस समय शादियों का दौर चल रहा है. इसके चलते सभी दलों के नेता व्यस्त हैं, क्या मंत्री, क्या विधायक और क्या पदाधिकारी. इसका असर मंत्रालय में भी दिख रहा है, दूर-दराज के क्षेत्रों के विधायक से लेकर पूर्व विधायक या फिर राजनीतिक दलों से जुड़े नेताजी एक असिस्टेंट के साथ झोला पकड़कर मंत्रालय में अधिकारी और मंत्रियों को कार्ड बांटने में व्यस्त नजर आ रहे हैं. विशेष रूप से कैबिनेट के दिन ऐसे नेताओं के आवक से मंत्रालय कुछ ज्यादा ही गुलजार रहने लगा है. क्योंकि एक ही स्थान में मंत्री और अफसर मिल जाते हैं. अन्य दिनों में भी ये माहौल बना रहता है, लेकिन कैबिनेट के दिन के मुकाबले कुछ कम.

### ....और गाड़ी आगे बढ़ गई

पिछले दिनो सत्र के दौरान कुछ दिलचस्प मामले भी आये. आसंदी ने एक माननीय को भरोसा दिलाया गया कि आपको बोलने का मौका मिलेगा. दरअसल वे एक ऐसे विषय पर बोलना चाहते थे, जिस विषय पर सदन में चर्चा हो चुकी थी और कार्रवाई आगे बढ़ जाती थी, लेकिन भरोसे में चुप बैठे थे, जैसे ही अगली कार्यवाही की बात आई तो नेताजी ने बोलने के लिये मोर्चा संभाला, लेकिन तब ही एक तेजतर्रार मंत्रीजी ने याद दिलाया कि गाड़ी आगे बढ़ चुकी है, अब रिवर्स नहीं होगी. बस फिर क्या था नियमों से बंधे माननीय मन मसोसकर रह गये.

### तेवर जिसने सबका ध्यान खींचा

एक राज्य मंत्री को अपेक्षाकृत लो-प्रोफाइल का माना जाता है, लेकिन पिछले दिनों उन्होंने जिस तरह परफॉर्म दिखाया, उस कारण उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा. एक गंभीर विषय पर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की, न सिर्फ सरकार को बल्कि एक बड़े कार्पोरेट को भी निशाने पर लिया, लेकिन इस मामले में बैकपुट पर आने के बजाय राज्यमंत्री पूरे अफेंसिव मोड में थे, नतीजा ये रहा कि बिना किसी वरिष्ठ के सहयोग के उन्होंने अकेले ही मोर्चा संभाला और फिर विपक्ष की बोलती बंद कर दी. अफसर से लेकर माननीय तक उनके इस तेवर को अवाक होकर देखते ही रह गये. अब देखना है कि उनके इस परफॉर्मेंस का कोई असर दिखता है या नहीं.

### पहले डीएफओ और अब कलेक्टर की बारी

कुछ माह पहले एक विधायक और एक जिले में पदस्थ डीएफओ के बीच जबर्दस्त द्वंद की स्थिति रही. इस द्वंद में आखिरकार विजयश्री माननीय विधायक को ही मिली, उन्होने डीएफओ को जिले से विदा करवा ही दिया. अब विधायक के राडार पर जिले के कलेक्टर हैं. उन्होंने इसकी शिकायत बड़े स्तर पर की है और शिकायत का बाकायदा वीडियो भी बनवा लिया है.

# अध्यक्ष परांजपे ने किया पदभार ग्रहण

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कराया पदभार ग्रहण

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 6 दिसंबर. भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पदभार ग्रहण किया. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया.**



पदभार ग्रहण समारोह के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लेकर राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का कार्य किया है. महिलाएं अब जागरूक हैं, वह अच्छी तरह से समझती हैं कि लोकतंत्र किस दिशा में जाना चाहिए. महिलाएं अब किसे वोट देना है, यह स्वयं निर्णय करती हैं. वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश में हुए विधानसभा और इसके बाद लोकसभा चुनाव के साथ हाल ही में बिहार में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में महिलाओं ने भाजपा की जीत को आसान बना दिया.

महिला कार्यकर्ता मध्यप्रदेश के हर घर तक भाजपा के कार्यों को पहुंचाने का लक्ष्य लेकर कार्य करें. फर्जी व बाहरी मतदाता चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए महिला मोर्चा की सभी कार्यकर्ता एसआईआर के कार्यों में अधिक से अधिक योगदान दें. खण्डेलवाल ने कहा कि इस समय मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य कार्य चल रहा है.

# किसानों को राहत नहीं दे रही सरकार

विशेष संवाददाता

**भोपाल,06 दिसंबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि पिछले दो वर्षों में किसानों ने सबसे कठिन दौर झेला है, लेकिन सरकार केवल घोषणाओं और प्रचार तक सीमित रही.**



पटवारी ने राज्य की भाजपा सरकार पर बोला तीखा हमला

उन्होंने कहा कि खेती की लागत बढ़ने, फसल के दाम गिरने और लगातार प्राकृतिक आपदाओं के कारण हजारों किसान गंभीर आर्थिक संकट में फँस गए हैं, फिर भी उन्हें वास्तविक राहत नहीं मिल पाई है. पटवारी ने कहा कि सरकार दावा करती है कि एक लाख रुपये प्रति बीघा कमाने वाले किसान को पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि हकीकत यह है कि किसान अपनी फसल बचाने के लिए कर्ज लेने पर मजबूर हैं. उन्होंने सरकार द्वारा 50 क्विंटल प्रति बीघा उत्पादन देने वाले नए गेहूं बीज के दावे पर भी सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि न तो किसी किसान को बताया गया कि यह बीज उपलब्ध कहाँ है, न यह कि किस कृषि संस्थान ने इसे प्रमाणित किया, और न ही किस जिले में इसका परीक्षण हुआ.

इसके उलट इस वर्ष सोयाबीन की हालत इतनी खराब रही कि कई किसानों को प्रति एकड़ पाँच क्विंटल से भी कम उत्पादन मिला. बड़े पैमाने पर नुकसान के बावजूद बीमा कंपनियों ने मुआवज़ा रोक दिया और सरकार केवल समीक्षा बैठके करती रही. पटवारी ने कहा कि गंभीर बिजली कटौती ने सिंचाई व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है. किसान रातभर मोटर चलने का इंतजार करते रह जाते हैं.






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14